www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शनिवार, 22 नवम्बर, 2025 | वर्ष-18 | अंक -227 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 3.00 रुपए





संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता कोई ... 02

■ कांग्रेस ने जेजे कलस्टरों में विकास कार्य किए, रेखा...
■ उपराज्यपाल ने दिए खतरनाक पदार्थों की बिक्री का... 03

■ ईरान के तेल व्यापार पर अमेरिका ने लगाया नया प्रतिबंध
■ अफगान शरणार्थियों के वापस लौटने से तालिबानी सरकार... 07

आवारा कुत्ते पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नकारात्मक ... 12



## मैक्सिको की फातिमा बनीं मिस यूनिवर्स

**नई दिल्ली।** मिस यूनिवर्स का खिताब पाना हर किसी का सपना होता है और इस बार साल 2025 में 130 देशों की प्रतियोगिओं को पीछे छोड़कर मैक्सिको की फातिमा बॉश के सिर मिस यूनिवर्स का ताज सजा है। 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के फाइनल में सभी देशों की अलग-अलग ब्यूटी क्वीन्स गाउन पहनकर स्टेज पर आई। प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप थाईलैंड की प्रवीणर सिंह, सेकेंड रनरअप मिस वेनेजुएला और थर्ड रनरअप मिस फिलीपींस रहीं।

### बिहार सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

# भाजपा के सम्राट को मिला गृह विभाग

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली बार गृह विभाग छोड़ा

**पटना, 21 नवम्बर (देशबन्धु)** बिहार में दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए भाजपा नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उप मुख्यमंत्री का दर्जा दिया है । मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेवारी दी है। काफी लंबे समय से यह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास था।

भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा को राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खान एवं भूतत्व विभाग की जिम्मेदारी दी है। जदयू नेता विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, योजना एवं विकास, मध निषेध, उत्पाद, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वित्त और वाणिज्य कर की जिम्मेवारी दी है। जदयू नेता श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। इसी तरह भाजपा नेता मंगल पांडेय को स्वास्थ्य और विधि विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल को उधोग विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। ज्यादातर बड़े विभागों की जिम्मेदारी भाजपा नेताओं को दी मिली है।





- दिलीप जायसवाल को उधोग विभाग मिला
- विजय कुमार चौधरी को मिला वित्त विभाग
- ज्यादातर बड़े विभाग भाजपा नेताओं के पास

### अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य विभाग

जदयू नेता अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य विभाग, लेसी सिंह को खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। नितिन नवीन को पथ निर्माण एवं नगर विकास तथा आवास, मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग, पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव को कृषि , हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा नेता संतोष कुमार सुमन को लघु एवं जल संसाधन , जदयू नेता सुनील कुमार को शिक्षा तथा विज्ञान , प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, मोहम्मद जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सौंपा गया है।

टाइगर को श्रम संसाधन, अरूण शंकर प्रसाद को पर्यटन और कला संस्कृति तथा युवा विभाग, सुरेन्द्र मेहता को पशु एवं मत्सय संसाधन मिला है।

### दीपक प्रकाश को पंचायती राज का जिम्मा



इसी तरह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता संजय कुमार को गन्ना उद्योग और संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का जिम्मेदारी दी गई है, वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के नेता दीपक प्रकाश को पंचायती राज मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

### 46 प्रतिशत मंत्रियों पर आपराधिक मामले दर्ज

**पटना।** एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 24 में से 11 मंत्रियों (46 प्रतिशत) ने अपने उपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इसके अलावा, नौ मंत्रियों (38 प्रतिशत) पर गंभीर धारा के तहत मुकदमे भी दर्ज हैं। राजनीतिक दलों की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुल 13 मंत्रियों में से छह के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के आठ मंत्रियों में से एक के ऊपर गंभीर मामला दर्ज है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के एक मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के दो मंत्रियों में से एक मंत्री के खिलाफ गंभीर धाराएं जुड़ी हुई हैं।

### दुबई एयर शो के दौरान बड़ा हादसा



# भारतीय लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त

**पायलट की मौत, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के दिए आदेश**

**दुबई, 21 नवम्बर (एजेंसियां)।** दुबई एयर शो 2025 में शुक्रवार दोपहर भारतीय वायुसेना का अत्याधुनिक स्वदेशी लड़ाकू विमान एलसीए तेजस एक प्रदर्शन उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने गहन जांच के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दिए हैं। यह घटना उस समय हुई, जब तेजस निर्धारित एरोबेटिक अभ्यास के लिए उड़ान भर रहा था। दुर्घटना के कारणों की पुष्टि फिलहाल नहीं हो सकी है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की पुष्टि करते हुए एक आधिकारिक बयान जारी किया है। वायुसेना ने बताया कि हादसे में पायलट को गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। भारतीय वायुसेना ने कहा है कि वह पायलट की मौत से हुई इस अपूरणीय क्षति पर गहरा दुख प्रकट करती है। दुबई एयर शो में इंटरनेशनल विमानों का प्रदर्शन किया जाता है। यहां दुनिया की बड़ी एयरोस्पेस कंपनियां, एयरलाइंस, एयर फोर्सेज और टेक्नोलॉजी कंपनियां अपने नए विमान, हेलिकॉप्टर, हथियार सिस्टम और एरोस्पेस टेक्नोलॉजी दिखाती हैं।

## सार संक्षेप

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तिरुमाला मंदिर में पूजा-अर्चना की




**तिरुपति।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को तिरुमाला पहाड़ी पर स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वह सुबह पद्मावती गेस्ट हाउस से निकलीं और तिरुमाला की परंपरा का पालन करते हुए सबसे पहले श्री भू वराहस्वामी मंदिर में दर्शन किए। इसके बाद वह तिरुमाला मंदिर पहुंचीं, जहां तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अध्यक्ष बीआर नायडू, कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार सिंघल और अन्य अधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

### भारत व श्रीलंका के सैन्य अधिकारियों के बीच हुई वार्ता



**नई दिल्ली।** भारत व श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। इस वार्ता में सैन्य कमांडर्स ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने व क्षेत्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की। यह भारत और श्रीलंका के बीच आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता थी। भारतीय सेना के मुताबिक यह तीन दिवसीय सैन्य वार्ता बोधगया में आयोजित की गई।

### दिल्ली आ रही उड़ान में बम की सूचना, जांच जारी



**नई दिल्ली।** बिहार के दरभंगा से दिल्ली आ रही स्पाइसजेट की एक फ्लाइट में बम होने की चेतावनी के बाद यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार को विमान और सभी यात्रियों की गहन जांच की जा रही है। उड़ान संख्या एसजी 752 शाम 4:46 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-3 पर उतरी।

# आदिवासियों के खिलाफ षड्यंत्र रच रही सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर (देशबन्धु)।** कांग्रेस ने मध्यप्रदेश सरकार पर आदिवासियों के खिलाफ षड्यंत्र रचने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी जमीन कॉरपोरेट घरानों को बेची जा रही है और सरकारी नौकरियों में भी उनका प्रतिनिधित्व कम होता जा रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के प्रमुख विक्रांत भूरिया ने संवाददाता सम्मेलन में मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य के सिंगरौली क्षेत्र को छावनी में तब्दील किया गया है। बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए वहां लगातार पेड़ों को काटा जा रहा है। आज राज्य सरकार अडानी की गुलाम बन चुकी है और पुलिस को एजेंट बना दिया गया है। श्री भूरिया ने कहा हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोगों को जिला बदर किया जा रहा है। ये पेसा कानून और वन अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है। श्री भूरिया ने राज्य सरकार पर आदिवासी विरोधी होने का आरोप लगाते हुये यह भी कहा कि सरकार नौकरियों में उनका आरक्षण समाप्त करना चाहती है । मध्य प्रदेश में करीब दो करोड़ आदिवासी हैं, लेकिन सिविल जज परीक्षा 2022 का रिजल्ट दिखाता है कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी सरकार को एक भी काबिल आदिवासी नहीं मिला।



- कॉरपोरेट घरानों को बेची जा रही उनकी जमीन
- सरकारी नौकरियों में भी प्रतिनिधित्व कम हो रहा

### कांग्रेस ने सार्वजनिक किया 'द नेहरू आर्काइव'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री, जवाहरलाल नेहरू से संबंधित लाखों पन्नों की सामग्री को पूरी तरह से डिजिटाइज कर सार्वजनिक कर दिया है। 'द नेहरू आर्काइव' नाम का यह ओपन-एक्सेस डिजिटल प्लेटफॉर्म अब आम नागरिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों और इतिहास प्रेमियों के लिए उपलब्ध है।

### एसआईआर के खिलाफ याचिका पर हुई सुनवाई

# सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवंबर तय की है। केरल में दिसंबर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। केरल के अलावा तमिलनाडु और बंगाल भी एसआईआर के खिलाफ याचिका लगा चुके हैं। इंडियन मुस्लिम यूनियन लीग की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में हैं। एसआईआर के खिलाफ अब तक 10 याचिकाएं लग चुकी हैं। उप्र में चल इसी प्रक्रिया कांग्रेस के बाराबंकी से सांसद तनुज पूनिया ने चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को प्रभावित करने और चुनावी निष्पक्षता पर संदेह पैदा करने वाली है।

- केरल सरकार ने प्रक्रिया रोकने की मांग की
- तमिलनाडु और बंगाल भी लगा चुके हैं अर्जी
- 26 नवम्बर को होगी इस पर अगली सुनवाई




### गुजरात में बीएलओ ने की आत्महत्या

**सुसाइड नोट में एसआईआर को ठहराया दोषी**

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में एक शिक्षक ने शुक्रवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। शिक्षक को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के तौर पर नियुक्त किया गया था। परिवार ने दावा किया कि शिक्षक ने कथित सुसाइड नोट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की वजह दबाव और मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिक्षक अरविंद वढेर कोडिनार तालुका के देवली गांव के रहने थे और सुबह साढ़े छह बजे अपने घर पर ही फांसी के फंदे से लटके पाए गए।

# दक्षिण अफ्रीका में जी-20 सम्मेलन की आज से शुरुआत



- प्रधानमंत्री मोदी भी शामिल होने के लिए रवाना
- मोदी ने कहा, कई ग्लोबल मुद्दों पर चर्चा होगी

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर शुक्रवार को 20वें जी20 लीडर्स समिट में शामिल होने के लिए दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से पहले एक बयान में कहा गया, 'यह एक खास समिट होगा क्योंकि यह अफ्रीका में होने वाला पहला जी20 समिट होगा। 2023 में जी20 की भारत की प्रेसीडेंसी के दौरान, अफ्रीकन यूनियन जी20 का सदस्य बन गया था।' पीएम मोदी ने कहा कि यह समिट दुनिया भर के जरूरी मुद्दों पर बात करने का एक मौका होगा। इस साल के जी20 की थीम 'एकजुटता, समानता और स्थिरता' है, जिसके जरिए साउथ अफ्रीका ने नई दिल्ली, भारत और रियो डी जेनेरियो, ब्राजील में हुए पिछले समिट्स के नतीजों को आगे बढ़ाया है। मैं समिट में 'वसुधैव कुटुम्बकम' और 'एक धरती, एक परिवार और एक भविष्य' के हमारे विजन के हिसाब से भारत का नजरिया पेश करूंगा। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी20 समिट में शामिल होने जा रहा हूं।

### द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं मोदी

समिट के दौरान, जी20 लीडर्स और प्रधानमंत्री मोदी जोहान्सबर्ग में मौजूद कुछ नेताओं के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें भी कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, पीएम मोदी साउथ अफ्रीका द्वारा होस्ट की जा रही इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका (आईबीएसए) लीडर्स मीटिंग में भी हिस्सा लेंगे।

# झारखंड-बंगाल में 40 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**रांची/कोलकाता, 21 नवम्बर (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला चोरी, अवैध खनन और तस्करी से जुड़े मामलों में शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में व्यापक कार्रवाई की है। दोनों राज्यों में ईडी की अलग-अलग टीमों ने 40 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी की है, जिसमें करोड़ों रुपए नगद और भारी मात्रा में जेवरात मिलने की सूचना है। बरामद कैश की गिनती के लिए मशीनें मंगाई जा रही हैं। बरामदगी की आधिकारिक जानकारी अभी ईडी द्वारा साझा नहीं की गई है। इस छापेमारी की जद में झारखंड के कई कोयला माफिया, कारोबारी और उनसे जुड़े कारोबारी प्रतिष्ठान शामिल हैं। ईडी के रांची जोनल कार्यालय की टीम धनबाद और आसपास के इलाकों में लगभग 18 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।



- करोड़ों का कैश और जेवरात बरामद
- कोयला चोरी मामले में हुई कार्रवाई

### सबसे बड़ी समन्वित कार्रवाई

यह ऑपरेशन पूर्वी भारत में सक्रिय कोयला माफियाओं के खिलाफ हाल के वर्षों में ईडी की सबसे बड़ी समन्वित कार्रवाई मानी जा रही है।

# कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखें : डॉ. फारूक

**श्रीनगर, 21 नवम्बर (एजेंसियां)।** जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि दिल्ली विस्फोट के बाद देशभर में कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखा जाए। डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कश्मीरियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने इन घटनाओं के बाद उठ रहे असहज माहौल पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसे आपराधिक कृत्य करने वाले लोग बहुत कम हैं और वे जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

**असहज माहौल पर चिंता जताई**

### प्रदूषण | अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' ने जारी की रैंकिंग

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर

**नई दिल्ली, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया भर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था 'आईक्यू एयर' की नवीनतम लाइव रैंकिंग में भारत की राजधानी दिल्ली ने एक बार फिर चिंताजनक रिकॉर्ड दर्ज किया है। रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर है। इसके साथ ही दक्षिण एशिया के कई बड़े शहर इस सूची में शीर्ष स्थानों पर हैं। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है।**

दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक शुक्रवार सुबह भी कई इलाकों में 450 से ऊपर दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवंबर-दिसंबर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट इवेंट्स पर रोक लगा दी है।

### आज से हवा और खराब होने का अनुमान

इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हो। दिल्ली ही नहीं, इसके पड़ोसी शहरों में भी हवा की गुणवत्ता बेहद खराब है। शुक्रवार को गाजियाबाद शहर का दोपहर 1 बजे एक्यूआई 428 दर्ज किया गया, जबकि नोएडा में यह आंकड़ा 395 रहा। ग्रेटर नोएडा में 356 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। इसके साथ ही गुरुवार को ग्रेटर नोएडा देश का सबसे प्रदूषित शहर रहा था। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में अगले कुछ दिनों में प्रदूषण और बढ़ सकता है। इसके साथ ही 22 नवंबर से कई इलाकों में एक्यूआई के गंभीर श्रेणी में पहुंचने का अनुमान है। विशेषज्ञों का कहना है कि 23 नवंबर को हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' स्तर में जा सकती है और इसके बाद लगातार छह दिनों तक राहत की उम्मीद नहीं है।



**सभी स्कूलों में खेल गतिविधियों पर रोक लगी**

### लोगों को सांस लेने में हो रही दिक्कत


मौसम विशेषज्ञों के अनुसार हवा की रफ्तार बेहद कम होने के कारण प्रदूषक तत्व वातावरण में फंसे रह जाएंगे। इसके चलते प्रदूषण और बढ़ने की संभावना है। प्रदूषण की वजह से लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है।

# देश

उवाच

यह कौन सा एसआईआर है कि लोग मतदाता सूची को ठीक करने के बजाय एक राज्य से दूसरे राज्य के वोटर बने रहेंगे वे आधार को लिंक नहीं करेंगे, क्योंकि अगर आधार लिंक हो जाएगा तो लोग दूसरी जगह वोट नहीं डाल पाएंगे। ऐसे बहुत से सवाल हैं।

-फखरुल हसन, सपा प्रवक्ता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 28.0 | 13.0 |
| मुंबई | 32.0 | 24.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 18.0 |
| चेन्नई | 27.0 | 26.0 |

# संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता कोई संवैधानिक अधिकारी : स्टालिन

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने राज्यों के अधिकार को लेकर दिया बयान

**चेन्नई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता है। स्टालिन ने यहां अपने बयान में कहा कि राज्य के अधिकारों और सच्चे संघीय ढांचे के लिए लड़ाई जारी रहेगी। जब तक राज्य विधानसभाओं में पास हुए विधेयकों को राज्यपालों द्वारा मंजूरी प्रदान करने के लिए समय सीमा तय करने के लिए संविधान में बदलाव नहीं किए जाते, तब तक चैन से नहीं बैठा जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति संदर्भ के जवाब में उच्चतम न्यायालय की राय का तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में आठ अप्रैल, 2025 के फैसले पर कोई असर नहीं पड़ेगा, जिसके तहत न्यायालय राज्यपाल के पास लंबित पड़े सभी 10 विधेयकों को मंजूरी प्रदान कर दी थी। इसके बाद उन्हें सरकारी गजट में नोटिफाई किया गया था। उन्होंने दोहराया कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता। जब कोई बड़ा संवैधानिक अधिकारी भी संविधान का उल्लंघन करता है, तो संवैधानिक न्यायालय ही एकमात्र उपाय है, और न्यायालय के दरवाजे बंद नहीं होने चाहिए। स्टालिन ने कहा कि न्यायालय का दरवाजा बंद किए जाने से संवैधानिक लोकतंत्र में कानून का राज कमज़ोर होगा और राजनीतिक इरादे से काम करने वाले गवर्नर संविधान के उल्लंघन को बढ़ावा देंगे।



जब कोई बड़ा संवैधानिक अधिकारी भी संविधान का उल्लंघन करता है, तो संवैधानिक न्यायालय ही एकमात्र उपाय है : **एम.के. स्टालिन**

### तमिलनाडु के अधिकारों और सच्चे संघीय ढांचे के लिए लड़ाई जारी रहेगी

स्टालिन ने कहा कि राज्य के अधिकारों और सच्चे संघीय संघवाद के लिए हमारी लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि असल में परामर्श राय देने वाली पीठ ने इस बात की फिर से पुष्टि की है कि चुनी हुई सरकार को चालक की सीट पर होनी चाहिए, और राज्य में दो कार्यकारी शक्ति केंद्र नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि पीठ ने कहा था कि संवैधानिक अधिकारियों को संवैधानिक दायरे में काम करना चाहिए। कभी भी उससे ऊपर नहीं, और राज्यपाल के पास विधेयक को खत्म करने या पॉकेट वीटो (जैसा कि तमिलनाडु के राज्यपाल ने किया था) का इस्तेमाल करने का कोई चौथा ऑप्शन नहीं है।

### देश में हर संवैधानिक सिस्टम संविधान के हिसाब से काम करे

स्टालिन ने कहा कि जब तक तमिलनाडु के लोगों की इच्छा कानून के जरिए पूरी नहीं हो जाती, द्रमुक सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस देश में हर संवैधानिक सिस्टम संविधान के हिसाब से काम करे। अगर राज्यपाल किसी विधेयक पर विचार करने में लंबे समय तक, बिना किसी वजह के अनिश्चित काल तक देरी करते हैं, तो राज्य सरकार संवैधानिक अदालत में जा सकती है और राज्यपाल को उनकी जानबूझकर की गई नाकामियों के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं।' अहमदाबाद सेंट जेवियर्स कॉलेज सोसाइटी बनाम गुजरात राज्य (1974) 1 एससीसी 717 (पैरा 109) में नौ न्यायाधीशों की बेंच ने स्पष्ट तौर पर कहा था कि न्यायालय की सलाह वाली राय का कानूनी अधिकारियों की राय से ज़्यादा असर नहीं होगा।' उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत की कल की राय ने तमिलनाडु के राज्यपाल की पॉकेट वीटो की थ्योरी और इस बात को फिर से खारिज कर दिया है कि राजभवन बिलों को खत्म कर सकता है या दबा सकता है। स्टालिन ने कहा कि हमारी कानूनी लड़ाई के जरिए, हमने अब तमिलनाडु के गवर्नर समेत उन राज्यपालों को मजबूर कर दिया है, जो देश भर में चुनी हुई सरकार से अलग राय रखते हैं, कि वे चुनी हुई सरकार के साथ मिलकर काम करें और कानून बनाकर लोगों की इच्छा के जवाब में जानबूझकर कुछ न करने के लिए जवाबदेह हों। इसने संवैधानिक न्यायालयों को यह भी अधिकार दिया है कि अगर वे विधेयक पास होने में हमेशा के लिए रुकावट डालते हैं, तो वे अपने कामों का रिव्यू कर सकते हैं, और वे अनुच्छेद 361 के पीछे नहीं छिप सकते।' स्टालिन ने कहा कि मेरा मानना है कि कोई भी संवैधानिक अधिकारी संविधान से ऊपर होने का दावा नहीं कर सकता।

# झारखंड में टेंडर नियमों में बड़ा बदलाव

**रांची,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड में टेंडर नियमों में बदलाव का बड़ा फैसला लिया जा रहा है। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सेवा अधिकार सप्ताह के शुभारंभ मौके पर घोषणा की कि अब न्यूनतम बोली 10 प्रतिशत से नीचे नहीं जा सकेगी। उन्होंने बताया कि यह प्रस्ताव जल्द ही राज्य कैबिनेट में रखा जाएगा। उनके विधानसभा क्षेत्र में 75 लाख की योजना पर ठेकेदार ने 48 प्रतिशत कम दर पर टेंडर डाला, जिससे कार्य की गुणवत्ता संदिग्ध हो जाती है। इसलिए यह बदलाव जरूरी हो गया है।

वित्त मंत्री किशोर ने केंद्र सरकार पर अनुदान रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नवम्बर तक राज्य को मिलने वाले 30 करोड़ रुपए की राशि केंद्र सरकार से नहीं आई है। जल नल योजना के लिए कुल 12,600 करोड़ का बजट था, जिसमें राज्य सरकार ने 6,300 करोड़ रुपए जारी कर दिए हैं, लेकिन केंद्र सरकार ने अपनी हिस्सेदारी देने से इनकार किया है। स्थानीय विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने प्रशासनिक लापरवाही पर भी कड़ी टिप्पणी की। मनातू में तीन साल से बीडीओ नहीं है, तरहसी में सीओ की कमी है, और लेस्लीगंज क्षेत्र की स्थिति दयनीय है।

# डॉक्टरों के लॉकरों की श्रीनगर पुलिस ने की जांच

**श्रीनगर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। स्वास्थ्य संस्थानों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और मजबूत बनाने के लक्ष्य के तहत श्रीनगर पुलिस ने अपने विशेष जांच अभियान को आगे बढ़ाते हुए डॉक्टरों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा उपयोग किए जा रहे लॉकरों की जांच की। पुलिस का यह अभियान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के समन्वय में जिला अस्पतालों, निजी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) और अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं में संचालित किया गया। पुलिस और स्वास्थ्य अधिकारियों की संयुक्त टीम ने अस्पताल परिसर में मौजूद सभी रैक और लॉकरों की बारीकी से जांच की। जांच का उद्देश्य इन लॉकरों के अनुचित या गैर-अधिकृत उपयोग को रोकना था, जिसमें अवैध सामग्री या खतरनाक वस्तुओं को संग्रहीत करने की संभावनाओं पर नजर रखना शामिल था। अधिकारियों ने जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया कि सभी कर्मचारी उचित रिकॉर्ड बनाए रखें और लॉकरों का उपयोग केवल आधिकारिक और वैध उद्देश्यों के लिए ही किया जाए।



सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अस्पतालों में सुरक्षा वातावरण को मजबूत बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से जारी रहेंगे। उन्होंने चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों और अनुशासन का पालन करने की भी सलाह दी। श्रीनगर पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि नागरिकों और राष्ट्र की सुरक्षा को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। स्वास्थ्य संस्थानों में एक सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाते रहेंगे। इसके अलावा, श्रीनगर पुलिस ने पूरे शहर में कार डीलरशिप की भी बड़े पैमाने पर जांच की, जिसमें नौहट्टा, लाल बाजार, एमआर गंज, सफाकदल, जादीबल, खानयार और दूसरे पुलिस स्टेशन शामिल थे।

## सार संक्षेप

### उधमपुर पुलिस ने की गुलाम कादर की चल संपत्ति जब्त

**उधमपुर।** उधमपुर पुलिस ने गौ-तस्करी में संलिप्त एक आदतन आरोपी गुलाम कादर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उसकी चल संपत्ति जब्त कर ली है। पुलिस ने 12 लाख रुपए की एक टाटा वाहन (पंजीकरण संख्या जेके14 जे 3924) को अटैच किया है। यह वाहन गुलाम कादर का बताया जा रहा है। यह कार्रवाई जेएमआईसी रामनगर, उधमपुर के आदेश पर बीएनएसएस की धारा 107(5) के तहत की गई है।

### बांड से 15 सौ करोड़ रुपए जुटाएगा केरल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार राज्य में महत्वपूर्ण अवसंरचना एवं विकास पहलों का वित्तपोषण करने के लिए राज्य विकास बांड जारी करके 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। बांड की नीलामी 25 नवम्बर को भारतीय रिजर्व बैंक के मुंबई फोर्ट कार्यालय में होगी और यह आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम से आयोजित की जाएगी। वित्त विभाग के अनुसार, नीलामी का विवरण एवं आधिकारिक अधिसूचना उसकी वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस बांड के माध्यम से जुटाई गई धनराशि को राज्य में चल रही और आगामी विकास परियोजनाओं के लिए उपयोग किया जाएगा।

### जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 ने वक्ताओं की अंतिम सूची जारी की

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े साहित्यिक आयोजन- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल ने अपने 19वें संस्करण के लिए वक्ताओं की तीसरी और अंतिम सूची जारी की है। यह भव्य उत्सव 15 से 19 जनवरी 2026 तक जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित होगा। यह अंतिम सूची नोबेल पुरस्कार विजेताओं, बुकर पुरस्कार प्राप्त लेखकों, साहित्य अकादमी सम्मानित रचनाकारों, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, सामाजिक समीक्षकों, कवियों, समाजसेवियों समेत अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों से समृद्ध है। अर्थशास्त्री अरविंद सुब्रमण्यन और एस्तेर डुफ्लो के साथ नीति-निर्माता निकोलस स्टर्न, राडोस्लाव सिकोरस्की और अभिषेक सिंह इस अंतिम सूची का विशेष आकर्षण हैं। इतिहास, जीवनी और सामाजिक मुद्दों के क्षेत्र से ऐलेक्स वॉन टंज़लमैन, फ्रेडरिक लोगेवॉल, अल्का पटेल, एला अल-शमाही, जनीना रामिरेज़, योस गोमन्स, फ़ारा डाभोइवाला, अवी श्लाइम, एरिक चोपड़ा और देवेश कपूर भी शामिल हैं। फेस्टिवल इस बार भी विचारों की अपनी विविधता को आगे बढ़ाता है। वैज्ञानिकों, सांस्कृतिक इतिहासकारों, विज्ञान पत्रकारों, स्तंभकारों और संस्मरणकारों में अर्चना शर्मा, ल्यूक कुटिन्हो, लूसी ह्यूज-हैलेट, लौरा स्पिन्नी, टिम बर्नर्स-ली, रैचल क्लार्क और भावना सोमाया के नाम प्रमुख हैं।

# पश्चिम बंगाल में कोई बिल पेंडिंग नहीं : राज्यपाल बोस

**कोलकाता,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने सुप्रीम कोर्ट के गवर्नरों की विधायी शक्तियों और उनकी सीमाओं से जुड़े फैसले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बैलेंस्ड नजरिया अपनाया है। राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ कर दिया है कि गवर्नर या भारत के राष्ट्रपति के लिए कोई टाइमलाइन तय नहीं की जा सकती, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने बहुत बैलेंस्ड नजरिया अपनाया है कि इसका मतलब यह नहीं है कि गवर्नर किसी फाइल पर अनिश्चित काल तक बैठे रह सकते हैं। इसकी देरी की कोई वजह होनी चाहिए।' उन्होंने आगे कहा, 'एक और बात जो बंगाल के राज्यपाल के लिए बहुत खुशी की बात है, वह यह है कि तीन साल पहले हमने सरकार और विधानसभा के साथ बातचीत का प्रोसेस शुरू किया था। इसे भारत के सुप्रीम कोर्ट ने मंजूरी दी है।' राज्यपाल ने यह भी स्पष्ट किया कि पश्चिम बंगाल में कोई बिल पेंडिंग नहीं है। कुछ बिल क्लैरिफिकेशन नोट्स के साथ सरकार को वापस भेज दिए गए हैं और हम नतीजों व जवाब का इंतजार कर रहे हैं। जवाब मिलने के बाद, बिना किसी देरी के कार्रवाई की जाएगी।



विधायी शक्तियों से जुड़े फैसले पर प्रतिक्रिया दी

# महागठबंधन की हार वोट की हेराफेरी का नतीजा : दीपिका

## बिहार चुनाव में वोटर लिस्ट हेराफेरी का मंत्री ने लगाया आरोप

**रांची,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम पर बड़ा बयान देते हुए कहा कि महागठबंधन की हार वोट की हेराफेरी का नतीजा है। सिंह ने कहा कि चुनाव के अंतिम चरण में एसआईआर प्रक्रिया लागू कर करीब 65 लाख लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए, जो चुनाव परिणाम को प्रभावित करने वाला बड़ा कारण बना। मंत्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहले ही चेतावनी दी थी कि किस तरह मतदाता सूची में हेराफेरी कर चुनाव परिणाम को प्रभावित किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार में एनडीए सरकार वोट चोरी के सहारे बनी है और केंद्र के दबाव में चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

### पारदर्शी तरीके से लागू की जाए एसआईआर प्रक्रिया

झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ नहीं है, लेकिन यह चाहती है कि इसे पारदर्शी तरीके से लागू किया जाए ताकि किसी मतदाता के अधिकारों पर आंच न आए। मंत्री ने कहा कि अगर यह प्रक्रिया निष्पक्ष न रही, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर होगी। गढ़वा प्रवास के दौरान दीपिका पांडेय सिंह ने जिले की महिला कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार राज्य के हर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संकल्पित है। गढ़वा में सड़कों, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से सुधार किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने श्रीबंशीधर भगवान के मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य की शांति और समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए कई नई योजनाएं शुरू की जाएंगी।



बिहार चुनाव के अंतिम चरण में 65 लाख नाम कटने से महागठबंधन की हुई हार : **दीपिका पांडेय सिंह**

### घाटशिला से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने विधानसभा की सदस्यता की शपथ ली

**रांची।** झारखंड के घाटशिला विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक सोमेश सोरेन ने विधायक पद की शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने यहां विधानसभा स्थित अपने कक्ष में सोमेश सोरेन को विधायक के पद की शपथ दिलाई। सोरेन हाल ही में हुए उपचुनाव में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से विजयी हुए हैं। शपथ ग्रहण के बाद सोमेश ने कहा कि वे अपने पिता के अधूरे कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पित हैं और क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देंगे। ज्ञातव्य है कि इस साल के अगस्त माह में तत्कालीन शिक्षा मंत्री और घाटशिला के विधायक रामदास सोरेन का निधन हुआ था। इसके बाद घाटशिला सीट खाली हुई थी। इस उपचुनाव में सोमेश सोरेन ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन को 38 हजार से अधिक वोटों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की।



# बीस साल बाद खजौली विधानसभा क्षेत्र के किसी विधायक को मिला मंत्री पद

## बिहार चुनाव में तीसरी बार विधायक बने अरुण शंकर प्रसाद

**मधुबनी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार के मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले किसी विधायक को बीस साल बाद मंत्री पद मिला है। बिहार में चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की जारी हुई पहली सूची में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खजौली से विधायक अरुण शंकर प्रसाद का नाम शामिल है।

प्रसाद हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में इस क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने हैं। इसके साथ ही खजौली विधानसभा क्षेत्र से जीतने वाले किसी विधायक को बीस साल बाद बिहार सरकार में मंत्री का पद मिला है। इससे पहले इस विधानसभा क्षेत्र से सन् 1985 में कांग्रेस टिकट से जीते बिलट पासवान विहंगम पशुपालन मंत्री, सन् 2000 में राजद से जीते आर एल राम रमण को शिक्षा मंत्री बनाया गया। उसके बाद अब भाजपा के टिकट पर जीते अरुण शंकर प्रसाद को मंत्री बनाया गया है। लंबे अर्से बाद खजौली विधानसभा क्षेत्र से किस के मंत्री बनाए जाने पर इस क्षेत्र के लोगों की उम्मीद जगने लगी है। अरुण शंकर प्रसाद को मंत्री बनाए जाने पर इस क्षेत्र के लोगों ने अलग-अगल प्रतिक्रियाएं दी हैं। भाजपा नेता अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह ने कहा कि इस क्षेत्र में महिला डिग्री कालेज शुरू होना चाहिए और वर्त्तमान डीबी कॉलेज में बीटेक, बीएड, आईटीआई और तकनीकी शिक्षा की पढ़ाई की व्यवस्था होनी चाहिए।



### विधानसभा क्षेत्र का होगा चहुंमुखी विकास : सिंह

भाजपा नेता अधिवक्ता श्याम किशोर सिंह ने बताया कि खजौली विधानसभा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि बीस साल बाद यहां के विधायक को मंत्री बनाया गया है। अरुण शंकर प्रसाद के मंत्री बनने से इस क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा। विगत वर्षों में विकास यात्रा में जो भी कमी रह गई है, उसके पूरे होने की उम्मीद है।

# ओडिशा में अवैध खनन रोकने के लिए नया कानून

**भुवनेश्वर,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा मंत्रिमंडल ने अवैध खनन को रोकने और खनिजों की वैध व्यापार व्यवस्था, भंडारण तथा परिवहन को नियंत्रित करने के लिए एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार करने की दिशा में बड़ा फैसला लिया है। मंत्रिमंडल ने 18 साल पुराने नियम को निरस्त करके एक नया और आधुनिक नियम बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रशासनिक सुगमता तथा प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से ओडिशा सरकार ने खनिजों की चोरी, तस्करी और अवैध खनन को पूरी तरह रोकने तथा राज्य में खनिजों के कब्जे, भंडारण, व्यापार और परिवहन को विनियमित करने के लिए मौजूदा ओडिशा खनिज नियम, 2007 को निरस्त करके ओडिशा खनिज (अवैध खनन की रोकथाम तथा व्यापार, परिवहन और भंडारण का विनियमन) नियम, 2025 बनाने का निर्णय लिया है। नया ओडिशा खनिज (अवैध खनन की रोकथाम तथा व्यापार, परिवहन और भंडारण का विनियमन) नियम, 2025 खनन पट्टाधारकों के लिए परेशानी-मुक्त वातावरण सुनिश्चित करेगा।

# ग्रामीण बौद्ध विरासत के संरक्षण पर वैश्विक सम्मेलन की घोषणा

**नई दिल्ली** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इंडियन ट्रस्ट फ़ॉर रूरल हेरिटेज एंड डेवलपमेंट (आईटीआरएचडी), जिसकी स्थापना 2010 में हुई थी, ने 21 नवंबर 2025, शुक्रवार को वर्ल्ड वाइड फ़ंड फ़ॉर नेचर-इंडिया (WWF-India), नई दिल्ली में आगामी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन प्रिज़र्वेशन ऑफ़ रूरल बौद्ध हेरिटेज (पीआरबीएच) की प्रस्तावना के रूप में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। यह सम्मेलन 28-30 नवंबर 2025 को डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित होगा। पीआरबीएच का उद्देश्य भारत की असुरक्षित ग्रामीण बौद्ध विरासत को संरक्षित करने और विरासत संरक्षण को सतत् ग्रामीण विकास के साथ जोड़ते हुए वैश्विक संवाद को बढ़ावा देना है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आईटीआरएचडी ने सम्मेलन के उद्देश्यों, अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं की प्रतिष्ठित सूची और आंध्र प्रदेश के नागार्जुनकोंडा में प्रस्तावित अकादमी फॉर रूरल हेरिटेज कंज़र्वेशन एंड डेवलपमेंट ट्रेनिंग की दृष्टि साझा की। यह अकादमी विश्व का पहला ऐसा संस्थान होगा जो विशेष रूप से असुरक्षित ग्रामीण बौद्ध विरासत स्थलों के संरक्षण, पुनर्स्थापन और सतत् विकास पर केंद्रित होगा—जहाँ संरक्षण कार्यस्थल स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण और आजीविका-सृजन से जुड़ा होगा। इस अवसर पर आईटीआरएचडी के चेयरमैन और इस पहल के प्रेरक, एस. के. मिश्रा ने कहा 'हमारा उद्देश्य केवल भारत की बौद्ध विरासत के भौतिक अवशेषों का संरक्षण भर नहीं है, बल्कि उन ग्रामीण समुदायों को पुनर्जीवित करना भी है जो सदियों से इस धरोहर के संरक्षक रहे हैं। प्रस्तावित अकादमी शोध, शिक्षण और फील्ड-आधारित प्रशिक्षण का एक वैश्विक केंद्र बनेगी, जहाँ संरक्षण और प्रगति साथ-साथ चलेंगे।'



## राजनीति

## जम्मू-कश्मीर में सुबह-शाम बिजली महंगी करने के प्रस्तव से राजनीतिक गर्मी बढ़ी

# सरचार्ज का प्रस्ताव रखने के लिए अब्दुल्ला सरकार को घेरा

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू और कश्मीर सरकार के पीक आवर में बिजली के इस्तेमाल पर 20 परसेंट सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव की राजनीतिक पार्टियों ने कड़ी आलोचना की है। ट्विटर पर एक पोस्ट में, अपनी पार्टी के प्रेसिडेंट सैयद अल्ताफ बुखारी ने इस प्रस्ताव को कश्मीर के लोगों के साथ 'बहुत बड़ा अन्याय' बताया है।**

उन्होंने लिखा कि बिजली विभाग का पीक आवर में बिजली के टैरिफ पर 20 प्रतिशत सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव उन लोगों के साथ बहुत बड़ा अन्याय है जो पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारी ज्यादातर आबादी टूरिज्म और हार्टिकल्चर पर निर्भर है, इन सेक्टर्स को इस साल भारी नुकसान हुआ है।

दूसरे बिजनेस भी कम हो रहे हैं। ऐसे समय में, सुबह और शाम के लिए बिजली के चार्ज बढ़ाना, जब परिवार कड़ाके की ठंड में सबसे ज्यादा बिजली पर निर्भर होते हैं, सही नहीं ठहराया जा सकता। बुखारी ने कहा कि सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह ऐसा कोई कदम उठाने से पहले लोगों की आर्थिक मुश्किलों पर विचार करे। उन्होंने कहा कि कड़ाके की सर्दी के दिन आ रहे हैं, मैं अधिकारियों से गुजारिश करता हूं, उन लोगों पर थोड़ा रहम करें जो पहले से ही बोझ तले दबे हैं और परेशान हैं। इसी तरह से पीपुल्स कांफ्रेंस के स्टेट सेक्रेटरी शेख मुहम्मद इमरान ने भी सरचार्ज का प्रस्ताव रखने के लिए नेशनल कांफ्रेंस की सरकार की आलोचना की। इमरान ने लिखा कि सरकार ठीक उस समय 20 परसेंट टैरिफ बढ़ाने पर जोर दे रही है जब लोगों को बिजली की सबसे ज्यादा जरूरत है। और उमर अब्दुल्ला चाहते हैं कि हर कोई चुप रहे। उन्हें क्या लगता है कि क्या होगा, जब सर्दी अपने सबसे कड़ाके की होगी, तब परिवार पीक आवर्स में ठंड और अंधेरे में बैठे रहेंगे। यह उन वादों के साथ पूरी तरह धोखा है जो उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान किए थे। उन्होंने सरकार पर अपने चुनावी वादों से मुकरने का आरोप भी लगाया। फिर भी वही मुख्यमंत्री, जो पावर डिपार्टमेंट के भी हेड हैं, अब ज्यादा रेट की बात कर रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हमें 200 फ्री यूनिट देने का वादा किया गया था। यह बताना जरूरी है कि कश्मीर पावर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने कश्मीर में पीक आवर्स के दौरान बिजली के इस्तेमाल पर 20 परसेंट सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव दिया है। बता दें कि कश्मीर में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर बड़े विवाद के बाद, पावर डेवलपमेंट डिपार्टमेंट ने घाटी में सुबह और शाम के समय बिजली के इस्तेमाल पर 20 परसेंट एक्स्ट्रा चार्ज लगाने का प्रस्ताव दिया है। कश्मीर पावर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने जाइंट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन से पीक आवर्स के दौरान एग्रीकल्चर सेक्टर को छोड़कर सभी कैटेगरी के कंज्यूमर्स पर 20 परसेंट सरचार्ज लगाने की मंजूरी मांगी है, जब घाटी में हाड़ कंपा देने वाली ठंड की वजह से डिमांड सबसे ज्यादा होती है।




■ पीक आवर्स में बिजली के इस्तेमाल पर दिया है 20 फीसदी सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव

### उल्टा पुल्टा

डॉक्टर ने महिला के मुंह में थर्मामीटर रख कर कुछ देर मुंह बंद रखने को कहा।

पत्नी को खामोश देख कर पति ने पूछा : डॉक्टर साहब, ये जादुई चीज कितने की आती है?

## कांग्रेस ने जेजे कलस्टरों में विकास कार्य किए, रेखा सरकार ने झुग्गियों को उजाड़ा : देवेंद्र यादव

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा की झूठे वादे करके सत्ता में आने वाली दिल्ली सरकार की

**कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर लगाया दिल्लीवासी से वादा खिलाफी करने का आरोप**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सरकार कांग्रेस की आलोचना करने से पहले 15 वर्षों के दौरान निगम के भ्रष्टाचार और पिछले 8 महीनों से बेबुनियाद घोषणाओं और चुनावों वादों को पूरा करने पर विचार करना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली में शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 15 वर्षों में किए विश्व विख्यात विकास कार्यों को कोई नजर अंदाज नही कर सकता।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता का आरोप कि संजय गांधी, इंदिरा गांधी और नेहरु के नाम पर कॉलोनियां बसाकर कुछ विकास नही किया। मैं मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूँ कि 15 वर्षों में निगम की सत्ता के दौरान भाजपा ने कोई काम क्यों नही किया।



शीला दीक्षित के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा 15 वर्षों में किए विश्व विख्यात विकास कार्यों को कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता : देवेंद्र यादव

कांग्रेस ने दिल्ली में बढ़ती आबादी के अनुसार कांग्रेस ने समय-समय पर कॉलोनियों को बसाने और लोगों को सुविधाएं देने के लिए जो काम किया, वह काम केन्द्र और दिल्ली में भाजपा ने अभी तक नही किया। कांग्रेस की योजना जहां झुग्गी वहीं मकान के तहत बनाए गए 56 हजार फ्लेटों को गरीबों को नही दिया गया और एक गरीब को एक फ्लैट की चाबी तक नहीं दी गई ।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि रेखा गुप्ता कांग्रेस पर कुछ भी आरोप लगाने से पहले इस बात पर भी गौर करें कि चुनाव के दौरान जिन झुग्गियों में रात बसेरा किया था, जीतने के बाद क्यों उन्हें एक-एक करके उजाड़ने का काम किया जा रहा है। क्यों कांग्रेस की तरह जहां झुग्गी वहीं मकान के प्रोजेक्ट शुरु किए गए? भाजपा सरकार ने पिछले 9 महीनों में झुग्गीवालों को बेघर करने में ही ध्यान दिया है और आरोप कांग्रेस ने कालोनियां बसाने के बाद उनमें कोई काम नही किया, अगर कोई काम नही किया तो मकान कैसे खड़े है?

देवेन्द्र यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में किए गए महिलाओं को 2500 रुपए मासिक देने, होली और दिवाली पर 500 रुपए में सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर देने का वादा क्यों नही पूरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 15 वर्षों तक कांग्रेस का शासन बड़े पैमाने पर विकास का एक गौरवशाली युग था क्योंकि कांग्रेस सरकार अपने वादों को लागू करने में विश्वास रखती है, जबकि भाजपा वोट बैंक की राजनीति करने के लिए केवल झूठे वादे करती है और वोट चोरी करके सत्तासीन होती है।

## पूर्व मंत्री आसिम अहमद खान ने छोड़ी कांग्रेस, 'आप' में हुए शामिल



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली नगर निगम के 12 वार्डों में हो रहे उपचुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। मटिया महल विधानसभा से पूर्व विधायक और दिल्ली सरकार में मंत्री रह चुके आसिम अहमद खान ने कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया है। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के मुख्यालय में दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने पटका और टोपी पहनाकर खान का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान पूर्व मंत्री और विधायक इमरान हुसैन, विधायक संजीव झा सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**निगम के 12 वार्डों में हो रहे उपचुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका**

आसिम अहमद खान के शामिल होने से मटिया महल विधानसभा में 'आप' की स्थिति मजबूत होने के साथ ही चांदनी महल वार्ड उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार की जीत लगभग तय मानी जा रही है। पार्टी का दावा है कि स्थानीय स्तर पर उनके जुड़ने से राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चांदनी महल वार्ड में करीब 30 वर्षों से एक ही परिवार का वर्चस्व रहा है, लेकिन इसके बावजूद क्षेत्र की स्थिति बेहद खराब बनी हुई है।

## उपराज्यपाल ने दिए खतरनाक पदार्थों की बिक्री का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश

### संवेदनशील क्षेत्रों में सक्रिय होंगे जासूस

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। लाल किले के पास हुए धमाके के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए तुरंत प्रभावी कदम उठाए हैं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

उपराज्यपाल ने कहा है कि अमोनियम नाइट्रेट जैसे खतरनाक विस्फोटक पदार्थों की बड़ी मात्रा की खरीद-बिक्री पर कड़ी निगरानी रखी जाए। इसके लिए सभी विक्रेताओं और खरीदारों का पूरा डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जाए, जिसमें उनकी फोटो, पहचान-पत्र और अन्य जरूरी जानकारी शामिल हो।

सोशल मीडिया पर कट्टरपंथ और जिहादी विचारधारा फैलाने वाली सामग्री को रोकने के लिए मेटा, एक्स, यूट्यूब जैसी बड़ी कंपनियों के भारत प्रमुखों के



ओएलएक्स व कार देखो जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और फाइनेंस कंपनियों के साथ तुरंत बैठक कर सख्त नियम लागू किए जाएं : वीके सक्सेना

साथ जल्द से जल्द बैठक करने को कहा गया है, ताकि वैज्ञानिक तरीके से ऐसी सामग्री की ट्रैकिंग और हटाने का सिस्टम बन सके।

कट्टरपंथ से प्रभावित संवेदनशील इलाकों में मानव और तकनीकी खुफिया तंत्र को और मजबूत करने के साथ-साथ मोहल्ला स्तर पर सामुदायिक पुलिसिंग और लोगों से सीधा संवाद बढ़ाने पर जोर दिया गया है। विदेश से मेडिकल या अन्य प्रोफेशनल डिग्री लेने वाले लोगों की पूरी जानकारी पुलिस के साथ साझा करने को भी अनिवार्य किया गया है, ताकि उनका बैकग्राउंड सही से जांचा जा सके। सबसे अहम निर्देश सेकंड-हैंड वाहनों को लेकर है। उपराज्यपाल ने साफ कहा है कि ओएलएक्स और कार देखो जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और फाइनेंस कंपनियों के साथ तुरंत बैठक कर सख्त नियम लागू किए जाएं। अब ऐसी किसी गाड़ी या ऑटो-रिक्शा को सड़क पर चलने की इजाजत नहीं मिलेगी, जिसका असली मालिक और रजिस्टर्ड मालिक अलग-अलग हों। दिल्ली में यह समस्या खासकर ऑटो-रिक्शा सेक्टर में बहुत गंभीर है, जहां परमिट किसी और के नाम पर और गाड़ी कोई दूसरा चलाता है। एलजी सचिवालय ने बताया कि सभी निर्देश तुरंत लागू होंगे और हर 15 दिन में इसकी प्रगति रिपोर्ट मांगी जाएगी।

### सार संक्षेप

## केनरा बैंक ने मनाया अपना 120वां संस्थापना दिवस




**नई दिल्ली।** केनरा बैंक ने अपने संस्थापक स्वर्गीय अम्मेम्बल सुब्बा राव पई की स्मृति में अपना 120वां संस्थापक दिवस मनाया। इस अवसर पर, केनरा बैंक ने देश भर में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, बेंगलुरु के बुडिगेरे क्रॉस में अपनी 10,000वीं शाखा के उद्घाटन की भी घोषणा की। नई शाखा का उद्घाटन एम. नागराजू, सचिव, डीएफएस/वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने किया। सत्यनारायण राजू, एमडी और सीईओ, केनरा बैंक और बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी। इस कार्यक्रम ने विकास और ग्राहक सेवा उत्कृष्टता के प्रति बैंक के समर्पण पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए केनरा बैंक के एमडी और सीईओ सत्यनारायण राजू ने कहा कि हमारे 120वें संस्थापक दिवस पर 10,000 शाखाओं की उपलब्धि तक पहुंचना हमारे ग्राहकों की सेवा करने और देश की प्रगति में योगदान देने की हमारी स्थायी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## गोदरेज साउथ एस्टेट में आउटडोर वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर गोदरेज प्रॉपर्टीज़ लिमिटेड ने ओखला स्थित गोदरेज साउथ एस्टेट में ब्रीद अ लिटिल डीपर नामक पैनल चर्चा आयोजित की। इसमें हेल्थकेयर, सस्टेनेबिलिटी और पेरेंटिंग के प्रमुख विशेषज्ञ शामिल हुए, जिन्होंने शहरी प्रदूषण से मुकाबला करने और वेलनेस-केंद्रित घर विकसित करने के समाधान साझा किए। पैनल चर्चा के दौरान गोदरेज प्रॉपर्टीज़ की नॉर्थ ज़ोन सीईओ गीतिका त्रेहन ने कहा कि एयर क्वालिटी अब सिर्फ़ एक आंकड़ा नहीं–यह तय कर रही है कि हम कैसे जीते हैं और अपने घरों से क्या उम्मीद करते हैं। गोदरेज प्रॉपर्टीज़ में हमारा मानना है कि वेलनेस डिज़ाइन में पहले से शामिल होना चाहिए, न कि एक अतिरिक्त सुविधा की तरह। हमारा उद्देश्य सरल है–ऐसी जगहें बनाना जो परिवारों को ज़्यादा स्वस्थ, खुशहाल और 'एवरीडे जॉय' का एहसास कराएं। इसी ज़रूरत को समझते हुए, गोदरेज प्रॉपर्टीज़ वेलनेस पर आधारित ज़िंदगी को आगे बढ़ा रही है।

## पुलिस ने सरिता विहार डबल मर्डर केस को सुलझाया

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दशकों पुराने डबल मर्डर केस को सुलझाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ये दोनों भगोड़े 2002 में सरिता विहार में एक महिला और उसकी दो साल की बेटी की बेरहमी से हत्या के बाद से फरार थे। दोनों आरोपियों को आखिरकार सजा मिल गई है। इस वारदात में शामिल आरोपियों में से एक 23 साल से फरार अपराधी था और दूसरा एक सजायाफ्ता हत्यारा था जो 18 साल पहले पैरोल से बाहर निकलने के बाद भाग गया था। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बिहार के शिवहर जिले के रहने वाले अमलेश कुमार और सह-आरोपी सुशील कुमार के रूप में हुई है, जिसे पहले ट्रायल कोर्ट ने मौत की सजा सुनाई थी।

## भारत का भविष्य शाहोथॉन 2025 हाफ मैराथन की तैयारियां अंतिम चरण में

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में 23 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाली भारत का भविष्य शाहोथॉन 2025 हाफ मैराथन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से शुरू होने वाले इस राष्ट्रीय आयोजन में लगभग 5,000 प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है, जिससे यह दिल्ली के प्रमुख सामाजिक एवं खेल आयोजनों में शामिल हो रहा है। यह हाफ मैराथन फिटनेस, राष्ट्रीय एकता और संवैधानिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। आयोजन को माननीय गृह मंत्री अमित शाह के राष्ट्रहित में किए गए ऐतिहासिक निर्णयों—विशेषकर अनुच्छेद 370 को हटाने और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अभियानों, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर विशेष रूप से उल्लेखनीय है—को समर्पित किया गया है।




■ गृह मंत्री अमित शाह के योगदानों को समर्पित हाफ मैराथन कल

कार्यक्रम के संयोजक मनीष चौहान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद शामली ने बताया कि शाहोथॉन 2025 युवाओं और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन है, जो फिटनेस और राष्ट्रभावना दोनों को नई ऊर्जा देगा।

## पुलिस ने स्नैचिंग मामले में फरार बदमाश को दबोचा

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली की जामा मस्जिद थाना पुलिस ने तकनीकी निगरानी और सतर्कता के बाद दो महीने से फरार चल रहे एक कुख्यात स्नैचर को गिरफ्तार किया। आरोपी सारफराज उर्फ छोटू (22), जो स्नैचिंग की वारदात के बाद से फरार था, को पुलिस टीम ने जेजे कॉलोनी बवाना से दबोच लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से शिकायतकर्ता का मूल आधार कार्ड और घटना के दौरान पहने गए कपड़े भी बरामद कर लिए हैं।

दरअसल, 16 सितंबर को जामा मस्जिद थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नैचिंग की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता, जो बीएसएफ में तैनात हैं, स्थानांतरण के सिलसिले में दिल्ली आए थे और शाम लगभग 6 बजे कबूतर मार्केट के पास टहल रहे थे। तभी दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें घेरकर रास्ता रोका और उनका मोबाइल फोन और एटीएम कार्ड छीन लिया।

पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर इलाके में गश्त कर रहे एएसआई नीरज त्यागी और



कांस्टेबल सुमित ने आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया और उसके पास से मोबाइल फोन बरामद कर लिया। इस मामले में एफआईआर संख्या 455/2025 धारा 304(2)/317(2)/3(5) बीएनएस के तहत जामा मस्जिद थाने में केस दर्ज किया गया। वहीं, दूसरा आरोपी घटना के बाद मौके से फरार हो गया था, जिसकी तलाश में पुलिस लगातार जुटी हुई थी। फरार आरोपी सारफराज उर्फ छोटू को पकड़ने के लिए जामा मस्जिद थाने के एसएचओ के नेतृत्व और एसीपी दरियागंज की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई।

## भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आयुष मंडप बना आकर्षण का केंद्र

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। आयुष मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में अपना मंडप स्थापित किया है जो आगंतुकों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आयुष मंडप देश की पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियों को प्रदर्शित कर रहा है। आयुष के साथ स्वस्थ भारत, श्रेष्ठ भारत थीम के अंतर्गत, आयुष संस्थान अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रहे हैं।




आयुष मंडप लोगों को खास तौर पर खाद्य-आधारित प्रदर्शनियां, नि:शुल्क परामर्श और डिजिटल स्वास्थ्य को लेकर आकर्षित कर रही है। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान ने रागी नाचोस और मुडगा सूप प्रीमिक्स जैसी वस्तुओं के माध्यम से आयुर्वेद-आधारित पोषण का प्रदर्शन किया है। मंडप में बच्चों, युवाओं और परिवारों को आकर्षित करने के लिए तरह-तरह के गतिविधियों को भी आयोजित किया जा रहा है। जैसे बच्चों के लिए चित्रकला, स्वास्थ्य आधारित खेल और फोटो बूथ भी लगाया गया हैं। यहां आगंतुकों के लिए नि शुल्क स्वास्थ्य जांच और आयुष औषधियां भी दी जा रही हैं। इस मंडप में केंद्रीय सिद्ध अनुसंधान परिषद गुड़हल की चाय और पंचमुट्टी कांजी जैसे खाद्य उत्पादों के माध्यम से निवारक पोषण का प्रदर्शन कर रही है, जो स्वास्थ्य के काफी फायदेमंद हैं। मंडप की बहु-प्रणाली प्रदर्शनी, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और आकर्षक गतिविधियां लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही हैं और आयुष परंपराओं में निहित समग्र और निवारक स्वास्थ्य प्रथाओं के बारे में जागरूकता बढ़ा रही हैं।

## अब हर गरीब परिवार के घर लगेगा मीटर : गजेन्द्र यादव

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मेहरौली विधानसभा क्षेत्र के गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बड़ी राहत की घोषणा करते हुए विधायक एवं रू DDC साउथ चेयरमैन गजेन्द्र यादव ने कहा कि अब क्षेत्र के हर पात्र घर में क्ल्स्श्वस् का मीटर बिल्कुल सामान्य सरकारी शुल्क पर लगाया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिन परिवारों के घरों में अब तक मीटर नहीं लगा है, वे अपनी प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज़, रसीदें और क्ल्स्श्वस् आवेदन की स्कैन कॉपी सीधे उनके व्हाट्सऐप नंबर पर भेजें, ताकि



कार्यवाही तुरंत शुरू की जा सके।

गजेन्द्र यादव ने इस महत्वपूर्ण पहल को संभव बनाने में सहयोग के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री की ईमानदार शासन प्रणाली और भ्रष्टाचार के प्रति कड़े रुख के कारण आज गरीब परिवारों को उनका अधिकार बिना किसी परेशानी और बिना किसी अतिरिक्त खर्च के मिल पा रहा है। गजेन्द्र यादव के अनुसार यह व्यवस्था मेहरौली ही नहीं, बल्कि पूरे दिल्ली प्रशासन में नई पारदर्शिता का संकेत है।

## दिल्ली में ऑर्थोट्रेंड्स-2025 का आगाज

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दुनियाभर के शीर्ष ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों के बहुप्रतीक्षित सम्मेलन 'ऑर्थोट्रेंड्स 2025' का शुक्रवार को दिल्ली में शुभारंभ हुआ। यह दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन नवीनतम तकनीकों, रोबोटिक सर्जरी, बोन हेल्थ, इम्प्लांट साइंस और क्लीनिकल इनोवेशन पर केंद्रित है। इस कार्यक्रम में दुनियाभर से आए 50 से ज्यादा विशेषज्ञ और 500 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। ऑर्थोट्रेंड्स 2025 में रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी पर




रोबोटिक सर्जरी व जॉइंट रिप्लेसमेंट के क्षेत्र में नई संभावनाओं पर किया विमर्श

विशेष सत्र रखा गया। विशेषज्ञों ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से पारंपरिक सर्जरी की तुलना में कहीं अधिक सटीक, कम इनवेसिव, बेहतर परिणाम और तेज रिकवरी होती है। रोबोटिक सिस्टम माइक्रो-लेवल पर हड्डी की कटिंग और इम्प्लांट पोजिशनिंग को इतने परफेक्ट तरीके से नियंत्रित करता है कि आगे चलकर मरीज को न्यूनतम परेशानी होती है। सम्मेलन में शैल्बी हॉस्पिटल्स द्वारा संचालित उन्नत टिश्यू बैंक पर भी चर्चा हुई। यह टिश्यू बैंक बोन और टिश्यू रीजनरेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां उच्च स्तर की सुरक्षा, वैज्ञानिक प्रोसेसिंग और गुणवत्ता के मानकों का पालन किया जाता है।

## वार्डों में विकास कार्यों को लेकर सीएम रेखा गुप्ता से मिले आईवीपी नेता

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी आईवीपी के नेता एवं दिल्ली नगर निगम में वरिष्ठ निगम पार्षद मुकेश गोयल के नेतृत्व में पार्टी के निगम पार्षदों ने शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात की। बैठक में विभिन्न वार्डों में रूके हुए विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ शिक्षा, ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री आशीष सूद भी मौजूद रहे।

मुकेश गोयल ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं शहरी विकास मंत्री के साथ प्रमुख रूप से दिल्ली के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों और मूलभूत सुविधाओं को लेकर गंभीर चर्चा की



गई। हमारे निगम पार्षदों के वार्डस में फंड्स की समस्या के चलते कई काम रूक गए थे। मुख्यमंत्री ने हमें भरोसा दिलाया है कि जो विकास कार्य रूक गये हैं उनके लिए फंड्स की समस्या नहीं आने दी जाएगी। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि आईवीपी के सभी निगम पार्षद अपने अपने क्षेत्र में जनता से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए जी-जान से लगे हुए हैं। सड़क, सफाई और जनसुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अलग अलग कामों के एस्टीमेट बनवाकर संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को भेजे जा चुके हैं। जल्दी ही कुछ नए विकास कार्य शुरू कराए जाएंगे।

### रेखा गुप्ता ने तिमारपुर में 'अटल कैंटीन' का किया शिलान्यास

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार का संकल्प है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोए। श्रीमती गुप्ता ने तिमारपुर में 'अटल कैंटीन' का शिलान्यास करने के बाद कहा कि इसी लक्ष्य के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन, 25 दिसंबर को पूरी दिल्ली में 100 अटल कैंटीन शुरू की जाएंगी, जहां जरूरतमंद लोगों को मात्र पांच रुपए में ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने झुग्गी बस्तियों की दशकों पुरानी उपेक्षा का उल्लेख करते हुए बताया कि बीते वर्षों में झुग्गी बस्तियों की मूलभूत जरूरतों की ओर पिछली सरकार ने गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। वर्तमान सरकार ने पहली बार झुग्गी क्षेत्रों के विकास के लिए 700 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान किया है।

**कार्यालय, नगर पंचायत कूंरा, जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

e-mail- npkunra2016@gmail.com

क्र./971/लो.नि.वि./न.पं. / 2025-26 कूंरा, दिनांक 19.11.2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ( 4th Call )**

**Main: Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

**UADD Portal: http://uad.cg.gov.in**

नगर पंचायत कूंरा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | सिस्टम टेंडर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( लाख में ) | अमानत राशि ( लाख में ) | निविदा ऑनलाईन करने की प्रारंभिक/ अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 180125 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Kunra Under SBM 2.0 (4th Call) | 238.14 | 1.50 | प्रारंभिक तिथि 20.11.2025 अंतिम तिथि 02.12.2025 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http://uad.cg.gov.in से भी देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत कूंरा जिला रायपुर**

## 'कथा कथक की' नामक विशेष प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

### प्रस्तुति में कथक के तीन कालों को दर्शाया गया : सुप्रिया सिन्हा

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली स्थित कमानी ऑडिटोरियम में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को 'स्नेह सरगम गुरुकुल कथक परंपरा' द्वारा प्रस्तुत किया गया, जो एक प्रतिष्ठित कथक संस्थान है और जिसकी डायरेक्टर सुप्रिया सिन्हा हैं। गुरुकुल दिल्ली में स्थित एक प्रमुख कथक प्रशिक्षण केंद्र है। सुप्रिया सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम में 'कथा कथक की' नामक विशेष प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। इस प्रस्तुति में संस्थान ने कथक के



तीन कालों मंदिर काल, मुगलकाल और रंगमंच काल को सुंदर रूप से दर्शाया। प्रत्येक काल की विशेषताओं, भाव, तकनीक और शैली को कलाकारों ने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में संस्थान के सभी स्टूडेंट्स, फैकल्टी, टीचर्स तथा कई गेस्ट कलाकार ने भाग लिया। कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। कला जगत के प्रमुख नामों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया। पद्म विभूषण पंडित बिरजू महाराज की सुपुत्री विदूषी ममता महाराज तथा महाराज जी की वरिष्ठ शिष्या गुरु मालती श्याम भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। सभी दर्शकों और उपस्थित गुरुओं ने प्रस्तुतियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

**उत्तर रेलवे**

**(ई-नीलामी सूचना)**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक /यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (**https://ireps.gov.in/**) पर **ई-बोली** निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है-

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-49-2025 | दिनांक 08.12.2025 को 11:00 बजे | नई दिल्ली रेलवे स्टेशन (AG साइड) पर पार्किंग कम एक्सेस कंट्रोल राइट्स = कुल 01 साइट। |

| | |
|---|---|
| **वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है** | **https://ireps.gov.in/** |

**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:** 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर ई पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर ई पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान, 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता, 4. आई आर ई पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण, 5. फण्ड का लियन मार्किंग, 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (Updation), 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

| | |
|---|---|
| **सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; **Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084** |

**संख्या-23AC/393/E-Auction/Pkg/2025 दिनांक:- 21.11.2025** **3618/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

वायु गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ शहर हित में पांच प्रमुख बिंदुओं पर भी आवास विकास अधिकारियों से चर्चा की तथा आगामी योजनाओं को बनाने के लिए निर्देश भी दिए गए। जिसमें सिद्धार्थ विहार से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की कार्रवाई करने हेतु चर्चा की गई, अजंता पुरम तथा सिकंदरपुर सहित अन्य आवास विकास क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा सी एंड डी वेस्ट मुक्त करने के लिए अभियान चलाने के लिए चर्चा की गई : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त।**

## अस्तौली गांव के कुछ किसानों ने प्रतिकर नहीं मिलने पर लगाया गंभीर आरोप

**ग्रेटर नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। किसान संघर्ष समिति ने अस्तौली गांव के किसानों की समस्या को लेकर ग्रेटर नोएडा प्रेस क्लब में अपनी बात रखी। बिल्लू गुर्जर ने कहा कि हमारी मुख्य मांगे अस्तौली गांव में डंपिंग ग्राउंड और उसको जोड़ने वाले मार्ग के लिए अर्जित की गई भूमिका बढ़ा हुआ प्रतिकर जिसमें से 26 किसानों को प्राधिकरण ने प्रतिकर संस्तुति कर दिया था, जिसमें 22 किसानों को दे दिया, शेष चार किसानों से रिश्वत मांगी जा रही है। पिछले



एक साल से उन्हें यह नहीं दिया गया और इसी सिलसिले को लेकर बाकी 70 किसान और है जिन्हें बढ़ा हुआ प्रतिकर मिलना चाहिए। गांव के कई किसान पिछले एक साल से अतिरिक्त मुआवजा को लेकर प्राधिकरण अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अधिकारी केवल कोरे आश्वासन दे रहे हैं। नमित भाटी ने कहा कि किसानों का आरोप है कि पिछले साल ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 10 करोड़ के चेक अतिरिक्त प्रतिकर के रूप में कुछ किसानों को दिए। जिन किसानों को अतिरिक्त प्रतिकर नहीं दिया गया है उनकी जमीन भी डंपिंग ग्राउंड में गई है। प्राधिकरण की बोर्ड मीटिंग में बचे हुए किसानों का पैसा पास हो चुका है। भ्रष्टाचार के कारण किसानों का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। भूमिहीन परिवार के बच्चों को डंपिंग ग्राउंड और जिले में चल रही फैक्ट्रियों में उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी दी जाए। इस दौरान प्रयास भाटी, विक्रम प्रधान, बबली भाटी, प्रवीण भाटी, प्रदीप टाइगर, हरिओम नागर मौजूद रहे।

नगर आयुक्त ने आवास विकास व निगम अधिकारियों के साथ की बैठक

# बढ़ते वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए किया मंथन

■ धूल मुक्त कार्य योजना बनाने के लिए निर्देश

■ नगर निगम के एप्लीकेशन 311 से भी जुड़ने के लिए सुझाव



**गाजियाबाद**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए शुक्रवार को आवास विकास व निगम अधिकारियों के साथ बैठक कर मंथन किया।

बैठक के बाद नगर आयुक्त ने बताया कि निगम सीमा से बाहर है वहां भी अभियान के रूप में कार्य प्रारंभ करने के लिए, संबंधित विभागों से भी लगातार चर्चा की जा रही है। इसी क्रम में आज आवास विकास तथा निगम अधिकारियों को एक साथ बुलाकर बैठक की जिसमें सिद्धार्थ विहार सिकंदरपुर व अन्य आवास विकास क्षेत्र में वॉटर स्प्रिंकलर, एंटी स्मोक गण चलाने तथा क्षेत्र को धूल मुक्त बनाने के कार्य योजना बनाने के लिए निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त ने वायु गुणवत्ता सुधार के साथ-साथ शहर हित में पांच प्रमुख बिंदुओं पर भी आवास विकास अधिकारियों से चर्चा की तथा आगामी योजनाओं को बनाने के लिए निर्देश भी दिए गए। जिसमें सिद्धार्थ विहार से निकलने वाले कचरे के निस्तारण की कार्रवाई करने हेतु चर्चा की गई, अजंता पुरम तथा सिकंदरपुर सहित अन्य आवास विकास क्षेत्र की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने तथा सी एंड डी वेस्ट मुक्त करने के लिए अभियान चलाने के लिए चर्चा की गई, आवास विकास क्षेत्र में एमआरएफ सेंटर तथा गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन बनाने के लिए भी कहा गया, आवास विकास की योजनाओं में सीवर लाइन तथा एसटीपी की भी योजना निगम के साथ साझा करने के लिए कहा गया, जनहित में बेहतर कार्य करने के लिए आवास विकास को गाजियाबाद नगर निगम के एप्लीकेशन 311 से भी जुड़ने के लिए सुझाव दिए गए।

बैठक में आवास विकास से अनिल कुमार सिंह उप आवास आयुक्त मेरठ जोन, अधिशासी अभियंता निर्माण विकास गौतम, अधिशासी अभियंता निर्माण हवलदार राम, अधिशासी अभियंता निर्माण निखिल महेश्वरी उपस्थित रहे, गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, जलकल विभाग से आश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश उपस्थित रहे।

## घर से 85 लाख की चोरी करने वाली दो घरेलू सहायिका गिरफ्तार

**नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। थाना सेक्टर-24 व सेक्टर-49 पुलिस ने घरेलू सहायिका बनकर घरों से कीमती आभूषण चोरी करने वाली 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। महिलाओं के कब्जे से लगभग 85 लाख रुपए की कीमती ज्वैलरी, डायमंड व नगदी लगभग 2 लाख 89 हजार रुपए बरामद किए है। इनका नाम मामूनी जना उर्फ मोनी पत्नी निर्मल यादव और आशा उर्फ मामोनी उर्फ मोनी यादव पत्नी कमल यादव है। घटना के अनावरण के लिए गठित की गयी टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज, लोकल इंटेलिजेंस व सर्विलांस टीम की मदद से संदिग्ध महिलाओं के फोटो व मोबाइल नंबर प्राप्त हुये। जिसके बारे में जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि दोनों महिलाएं पश्चिम बंगाल में है। दोनो थानों की पुलिस टीम के द्वारा तलाश वांछित के दौरान उच्चाधिकारीगण की अनुमति के उपरान्त रवाना होकर पश्चिम बंगाल पहुंचे तो 19 नवम्बर 2025 को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। इनकी



निशान देही पर 85 लाख रुपए की कीमती ज्वैलरी/डायमंड व नगदी लगभग 2 लाख 89 हजार रुप बरामद किये गये। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के पश्चात दोनों महिलाओं को न्यायालय (मेदनीपुर पश्चिम बंगाल) के सामने पेश किया गया था। जहां पर न्यायालय द्वारा दोनों का 3 दिन का ट्रांजिट रिमाण्ड स्वीकृत कराया।

**कैसे करते थे चोरी**

दोनों महिलाओं ने बताया कि नोएडा में पिछले 5 वर्ष से निवास कर रही है व काम के सिलसिले में लोगों के घरों में घरेलू सहायिका के तौर पर काम मांगने के लिए जाती है। जहां भी उन्हें काम मिलता है वहा मौका पाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते है। दोबारा उस जगह पर काम करने नहीं जाती है। चोरी के मिले हुए माल को गलाकर अपने पास रख लेती है और राह चलते व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर बेंच देती है उसी से अपना खर्चा करती है।

सार संक्षेप

### दो करो कि टक्कर में 6 घायल, दो गंभीर

**नोएडा।** कार्यालय से घर जा रहे कैब सवार स्टाफ को सेक्टर 65 में एक कार चालक ने तेज गति से चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में कैब चालक समेत छह लोग घायल हो गए। इनमें गंभीर रूप से घायल दो कर्मियों का उपचार चल रहा है। कंपनी प्रबंधन ने आरोपित कार चालक के खिलाफ फेज तीन थाने में गुरुवार को मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नोएडा सेक्टर एच ब्लाक में ओक्यूव सर्विस कंपनी कार्यालय में आशुतोष उपाध्याय प्रबंधक हैं। कार्यालय में काम करने वाले कर्मी विवेक, अनुराग, रुपेंद्र, प्रियंका और शशांक मंगलवार रात करीब सवा 12 बजे कैब से घर जा रहे थे। सेक्टर 65 की लाल बत्ती के पास स्विफ्ट डिजायर माडल की कार का चालक तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए आया। उनकी कैब में टक्कर मार दी। हादसे में पांचों कर्मी और कैब चालक चेतन घायल हो गया। विवेक व रुपेंद्र के गंभीर चोटे आई। दोनों का प्राइवेट अस्पताल में उपचार चल रहा है। उधर, आरोपित चालक घायलों का उपचार कराने के बजाय मौके पर कार छोड़कर भाग गया। आशुतोष ने पुलिस से शिकायत की और मौके पर छोड़ी कार को सीज कराया। थाना प्रभारी पुनीत कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में सुरक्षाकर्मी की मौत

**नोएडा।** थाना सेक्टर 39 क्षेत्र के सेक्टर 45 के पास बीती रात को हुए एक सड़क हादसे में एक सिक्योरिटी गार्ड की मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना सेक्टर 39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मुकेश पांडे उम्र 51 वर्ष मूल निवासी जनपद मैनपुरी हाल निवासी बरौला गांव सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करते थे। उनके अनुसार गुरुवार की देर रात को वह साइकिल पर सवार होकर सेक्टर 45 के सोम बाजार के पास से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने तेजी और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दिया। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उन्हें उपचार के लिए नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर आज सुबह को डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस इस मामले में अग्रिम कार्रवाई करेगी।

### मोबाइल व लैपटॉप चोरी करने वाले 3 गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-58 पुलिस द्वारा पीजी व फ्लैट में मोबाइल फोन व लेपटॉप चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुये 03 को गिरफ्तार किया है। इनके नाम समीर, अमन और जावेद पुत्र अब्दुल हसन हुई है। इनके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, फोन व लैपटाप बेचकर प्राप्त किए 19000 रुपए नकद बरामद किया गया। डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि सलीम, अमन व जावेद का एक आपराधिक गैंग है। सलीम के द्वारा अपने साथी अमन व जावेद के साथ मिलकर पीजी व फ्लैट में सुबह के समय जब साफ-सफाई का काम चल रहा होता है व पीजी व फ्लैट के कमरों का गेट खुला होता है। लोग अपने कार्य में व्यस्त रहते है अथवा सोए रहते है।

## क्राइम ब्रांच का इंस्पेक्टर ड्रग माफिया से चार लाख की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार

**गाजियाबाद**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु को चार लाख रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। सिंधु राजधानी दिल्ली से सटे यूपी के गाजियाबाद में पुलिस ने पिछले दिनों करीब साढ़े तीन करोड रुपए की अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी के मामले में रिश्वत ले रहे थे। रिश्वत देने वाले तस्कर राहुल कुमार को भी पुलिस ने दबोच लिया। गाजियाबाद पुलिस ने पिछले दिनों करीब साढ़े तीन करोड़ रुपए की अवैध कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी का खुलासा किया था। इंस्पेक्टर पर यह कार्रवाई खुद पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गौड के निर्देश पर हुई।



पिछली तीन नवम्बर को मेरठ रोड औद्योगिक इलाके में क्राइम ब्रांच ने भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप की खेप पकड़ी थी। इस केस में गिरफ्तार मुख्य आरोपी की जमा नत के लिए जमानती संतोष सिंह सामने आए थे। जांच में खुलासा हुआ कि इंस्पेक्टर सिंधु ने जमानत सत्यापन रिपोर्ट को साफ-सुथरा दिखाने और जमानती को किसी भी कानूनी पचड़े में ना फंसने देने की एवज में चार लाख रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलते ही एडीसीपी क्राइम पीयूष कुमार सिंह ने इंस्पेक्टर को रंगे हाथों पकड़ने की पूरी रणनीति तैयार की। इंस्पेक्टर की सर्विस कार की तलाशी ली गई तो डिक्की में छिपाकर रखे गए चार लाख रुपए के बंडल मिले। इसके बाद मौके पर ही सिंधु को हिरासत में ले लिया गया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने बताया कि इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु के खिलाफ सिहानी गेट थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूछताछ में और भी बड़े खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है। पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर रमेश सिंह सिंधु की तैनाती लंबे समय से क्राइम ब्रांच में थी। इससे पहले वह गाजियाबाद के नंदग्राम थाने में नियुक्त थे। करीब ढाई-तीन साल पहले उनका ट्रांसफर क्राइम ब्रांच में कर दिया गया और इसके बाद से ही वह इसी विभाग में नियुक्त थे।

## प्रदर्शन की चेतावनी के बावजूद दिल्ली निगम के अधिकारी नहीं ले रहे संज्ञान

**खोड़ा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रदर्शन की चेतावनी के बावजूद दिल्ली नगर निगम दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की लापरवाही से मयूर विहार फेस तीन और खोड़ा के बीच करोड़ों की लागत से बनी सड़क पर अवैध अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। जिससे न सिर्फ लोगों के आवागमन में बाधा पहुंच रही है बल्कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा दिल्ली एनसीआर में ग्रेप दो और तीन के नियमों का उल्लंघन भी हो रहा है। नियमों के अनुसार ग्रेप दो तीन के नियमों के लागू होने बाद बिल्डिंग मटेरियल सप्लायरों को मटेरियल ढकने और नियमित पानी के छिड़काव का प्रावधान किया गया है। कुछ शर्तों के साथ निर्माण भी बंद करवा दिया जाता है। लेकिन ये सभी नियम अवैध कारोबारियों पर लागू नहीं होते। उल्लेखनीय है कि चार दिन पूर्व नपा की पूर्व चेयरमैन रीना भाटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने सड़क पर एकत्रित होकर अवैध

■ सड़क पर चल रहा अवैध अतिक्रमण का कारोबार

अतिक्रमण और ठेलियों पर शराब परोसने के विरोध में प्रदर्शन करते हुए लोगों को चेतावनी दी गई थी। गाजीपुर थाने जाकर विरोध करते हुए एस एच ओ को ज्ञापन देकर रात्रि के दौरान सड़क पर चल रहे मयखानों को बंद कराने की मांग की गई थी। उसके बाद पुलिस द्वारा दो दिन के लिए ठेलियों को हटवा दिया गया था। दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों द्वारा मटेरियल जब्त करने की कार्रवाई की गई। लेकिन अवसर मिलते ही ठेलियों पर शराब परोसने का कारोबार फिर से शुरू कर दिया गया। मामले को चार दिन भी नहीं हुआ। शुक्रवार को कई गाड़ियों से सड़क पर गिट्टी मोरंग गिरा दी गई। सड़क पर गिट्टी गिराने से पूरा वातावरण में धूल मिट्टी फैल गई। लोग इधर उधर भागकर धूल से बचते रहे।

**क्या वजह है अवैध अतिक्रमण की**

खोड़ा मयूर विहार फेस तीन दिल्ली की सीमा में बनी सड़क अवैध कारोबार के लिए सुरक्षित जगह मानी जाती है मामला दो प्रदेश के सीमा के बीच होने की वजह से अधिकारी भी ध्यान नहीं देते। शिकायत मिलने पर जांच के बहाने मामले को दबा दिया जाता है।

अवैध कारोबार बिना मिलीभगत के संभव नहीं खोड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता का कहना है कि इस सड़क पर महीने में अवैध अतिक्रमण और शराब की ठेलियों से लाखों रुपए का अवैध कारोबार किया जाता है बिना अधिकारियों की मिलीभगत के बड़ा कारोबार संभव नहीं है। इसीलिए दिल्ली नगर निगम और स्थानीय पुलिस इनकी तरफ ध्यान नहीं देती है। दिल्लीवासियों का आवागमन नहीं है। सड़क का इस्तेमाल अधिकतर खोड़ा में निवासरत लोग ही करते है।

## खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ी सम्मानित



**ग्रेटर नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज ऑफ फार्मेसी में दो दिवसीय स्पर्धा का शुक्रवार को समापन हो गया। इस खेल प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के शिक्षण संस्थानों से करीब 300 छात्रों ने भाग लिया। इसी के साथ ही आईआईएमटी कॉलेज समूह के भी 300 छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस बहुआयामी खेल स्पर्धा को तीन श्रेणियों सांस्कृतिक, खेल और तकनीकी में बांटा गया। जिसमें सोलो डांस, ग्रुप डांस, सोलो सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंट प्लेइंग, कबड्डी, शतरंज, बैडमिंटन, खो-खो, रस्साकशी, क्विज, फार्म वाद-विवाद, फ्री हैंड स्केचिंग, ड्राइंग प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। समापन समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश की पूर्व मंत्री रीता बहुगुणा व एमएलसी श्रीचंद शर्मा छात्रों के बीच पहुंचे। उनका का स्वागत कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम समापन के समय अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए। इसी के साथ ही विजेताओं को ट्रॉफी के साथ नकद पुरस्कार भी दिए। इस मौके पर कॉलेज समूह के डिप्टी डॉयरेक्टर डॉ. हर्षित सिन्हा, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डॉयरेक्टर डॉ. नकुल गुप्ता, एचआर हेड अजय राम पुरी सहित कॉलेज के सभी डॉयरेक्टर, डीन, एचओडी सहित अनेक छात्र मौजूद रहे।

## बिसनेस मैन से ट्रेडिंग के बहाने 2.90 करोड़ रुपए की ठगी

**नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सेक्टर 11 में रहने वाले गत्ते के कार्टून बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक को साइबर अपराधियों ने ट्रेडिंग के बहाने उनसे दो करोड़ 90 लाख रुपए की ठगी कर ली। व्यक्ति को 25 जून फेसबुक पर एक महिला फेसबुक पर दोस्त बनी। इसके बाद महिला ने बिसनेस मैन का वॉट्सऐप लेकर बातचीत शुरू की और महिला ने ट्रेडिंग में निवेश कर 20 प्रतिशत तक लाभ होने की योजना बताई। साथ ही एक एप डाउनलोड कराई। जिस पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद पीड़ित ने पहली बार 50 हजार रुपए निवेश किया। पीड़ित ने चार महीने में कुल 17 बार में 2.90 करोड़ रुपए ठगों के खाते में ट्रांसफर कर दिए। जोकि ऐप बढ़कर 7.90 करोड़ रुपए मुनाफे की रकम दिखने लगी। उन्होंने रुपए निकालने की कोशिश की तो उनसे टैक्स के रूप में रुपए की मांग की गई। तब उन्हें ठगी के बारे में जानकारी हुई और साइबर थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस रकम ट्रांसफर हुए खातों के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को नितिन पांडे ने बताया कि वह सेक्टर 11 में परिवार संग रहते हैं। वह गत्ते के कार्टून बॉक्स बनाने वाली फैक्ट्री के मालिक हैं। जोकि ग्रेटर नोएडा में चलती है। इसी साल 25 जून उन्हें फेसबुक के माध्यम से मध्य प्रदेश की रहने वाली सुनैना शर्मा नाम की महिला की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। प्रोफाइल देखने के बाद नितिन ने रिक्वेस्ट स्वीकार कर ली।

■ फेसबुक पर महिला ने बिजनेस मैन से दोस्ती कर लिया झांसे में

## मिहिर भोज इंटर कॉलेज को किशोर न्याय बोर्ड ने छात्र का नाम लिखने का दिया आदेश

**ग्रेटर नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंकिता सिंह ने मिहिर भोज इंटर कालेज के प्रधानाचार्य को तत्काल नाबालिग छात्र का नाम कक्षा में लिखने का आदेश दिया है। साथ ही बोर्ड ने संस्थान को नोटिस जारी कर सात दिन के अंदर छात्र का नाम काटने के कारणों को लेकर जवाब मांगा है। मिहिर भोज इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मिलाप सिंह ने दादरी कोतवाली में 10 अक्टूबर को अपचारी छात्र के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने नौ अक्टूबर को क्षेत्र निवासी कक्षा 11वीं के छात्र द्वारा अवैध तमंचा लेकर कालेज आने का आरोप लगाया था। साथ ही अपचारी छात्र को तमंचा समेत पुलिस को सौंप दिया था।

प्रबंधन ने कालेज में तमंचा लेकर आने से अन्य छात्रों की जानमाल के खतरे की आशंका भी जताई थी। साथ

■ विद्यालय के प्रधानाचार्य से नाम काटने के कारणों का मांगा जवाब

ही आरोपित छात्र का नाम कॉलेज से काट दिया था। घटना को लेकर आरोपी छात्र के पिता ने किशोर न्यायालय बोर्ड में गुहार लगाई थी। प्रधान मजिस्ट्रेट ने मामले को संज्ञान में लेकर कालेज प्रबंधन को नोटिस जारी किया। कहा प्रकरण अभी किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

ऐसे में कालेज से छात्र का नाम काटना शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उल्लंघन है। इसलिए तत्काल छात्र का नाम लिखने का आदेश दिया। इसके अलावा मिहिरभोज प्रबंधन के जिम्मेदार को 24 नवम्बर को दोपहर 12-30 बजे बोर्ड के सामने उपस्थिति होने का आदेश दिया है।

# सीएमओ ने कीरतपुर पहुंचकर जाना मरीजों का हाल, दिए आवश्यक निर्देश

■ स्वास्थ्य विभाग ने लगातार पांचवें दिन लगाया जांच शिविर

■ मरीजों से सरकारी अस्पताल से उपचार लेने की अपील



**बुलंदशहर**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। छतारी क्षेत्र के गांव कीरतपुर में इन दिनों वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है। गांव के दर्जनों लोगों को बुखार ने अपनी चपेट में ले लिया है। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग ने लगातार पांचवें दिन गांव में जांच शिविर लगाया। उसी दौरान बुलंदशहर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार दोहरे, डिप्टी सीएमओ हरेंद्र बंसल, पहासू सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी नज्जार अहमद, पहासू खंड विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने गांव में मरीजों की स्थिति का जायजा लिया। जहां चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दे हैं। लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया।

छतारी के गांव कीरतपुर निवासी अमलेश (40) पुत्र मंटूरी सिंह की गुरुवार की रात बुखार की चपेट में आने से मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना पर शुक्रवार को बुलंदशहर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, डिप्टी सीएमओ हरेंद्र बंसल, पहासू सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी नज्जार अहमद ने गांव में आयोजित शिविर में पहुंचकर मरीजों का हाल जाना है। सीएमओ ने शिविर में दवाई की उपलब्धता सहित जांच के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा मरीजों की जांच के उपरांत दवाई उपलब्ध कराई जाए। सीएमओ ने कहा कि बुखार सर्दी होने पर तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचकर जांच करके उपचार लें। सरकारी अस्पताल में मरीजों की जांच और दवाई निःशुल्क है।

जिला मलेरिया अधिकारी नज्जार अहमद ने बताया कि विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर फ्रिज, कूलर और पानी के बर्तनों की जांच कर डेंगू मच्छर के पनपाव को रोकने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। मलेरिया अधिकारी के कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि रुके हुए साफ पानी में एंटी लार्वा पैदा हो जाता है। ऐसे में सभी लोग अपने घरों के आस पास जलभराव न होने दें। उसी दौरान स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ भी गांव में घूमकर मरीजों की स्थिति का आकलन कर रहे हैं।

## 100 से ज्यादा बेरोजगार को ठगने वाले 2 गिरफ्तार

**नोएडा**, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। फेस 1 नोएडा पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर 100 से ज्यादा ठगी करने वाले एक काल सेंटर का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपी को गिरफ्तार किया। दरअसल इंटेलिजेंस व सर्विलांस टीम से जानकारी मिली कि एक फर्जी कॉल सेंटर ऑपरेट किया जा रहा है। पुख्ता होने पर टीम ने बिल्डिंग संख्या ए 88 सेक्टर 4 के द्वितीय तल पर पहुंचे।



■ नोएडा के सेक्टर 4 में चला रहे थे कॉल सेंटर

कमरा नंबर एस-3 में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 11 अदद कीपैड मोबाइल फोन, 1 अदद स्मार्ट फोन बीवो, 7 अदद स्टांप मोहर, 4 अदद फर्जी जॉयनिंग लेटर, 4 अदद कम्प्यूटर मानिटर, 4 अदद सीपीयू, 4 अदद कीबोर्ड, 4 दद माउस तथा 34 अदद ऑफिस फोन से प्राप्त स्क्रीनशॉट किये गए।

**कैसे करते थे ठगी**

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया फाउंडेट डॉट कॉम पर रुपये 30 हजार के डाटा खरीद कर अपने आपको नौकरी डॉट कॉम के कर्मचारी बता कर बेरोजगार युवकों को नौकरी लगवाने का झांसा देकर पैसे एठने का काम करते थे। इनके नाम अनुज कुमार और रोमेश मलिक है। उनके द्वारा काफी बेरोजगार युवकों को अपने झासे में लेकर रजिस्ट्रेशन फीस रु 950 रुपए व डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन, एम्लॉयमेंट वेरीफिकेशन, फाइल सबमिशन चार्ज, प्रोफाइल फाइनलाइज चार्ज, एनओसी चार्ज के नाम पर 50 हजार तक गुमराह करके धनराशि प्राप्त कर लेते थे। जब कोई ज्यादा काल करता है तो फिर उसके बात नहीं करते हैं या ब्लाक कर देते हैं तथा कुछ बेरोजगार व्यक्तियों फर्जी जॉइनिंग, ऑफर लेटर दे देते थे।

**उवाच**

मैं इसे भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत ने नौ स्वर्ण पदकों सहित 20 पदक जीते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों में जीत पर केंद्रित एक लंबे सफर की शुरुआत मात्र है। मुक्केबाजों के लिए 2026 का साल काफी व्यस्त है क्योंकि वे एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे : **अजय सिंह, भारतीय मुक्केबाजी महासंघ अध्यक्ष।**



# मायावती का 'मिशन पुनर्जागरण': नोएडा में 6 दिसम्बर को गरजेंगी बहनजी!

■ देवेंद्र सिंह



**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। लखनऊ की 9 अक्टूबर वाली महारैली ने सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि एक संदेश दिया था – 'बसपा अभी जिंदा है, और अब सोकर उठ रही है।' उस संदेश की दूसरी कड़ी अब गौतमबुद्ध नगर में लिखी जाने वाली है। 6 दिसम्बर, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर मायावती अपने गृह जिले में 14 साल बाद इतनी बड़ी रैली करने जा रही हैं कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की सियासी हवा का रुख ही बदल जाए।

**लखनऊ से नोएडा : जोश की लहर अब घर की चौखट पर**

लखनऊ में कांशीराम की पुण्यतिथि पर जुटी अप्रत्याशित भीड़ ने बीएसपी कैडर को नई ऑक्सीजन दी थी। बिहार में अकेले लड़कर एक सीट जीतना भले ही छोटी उपलब्धि लगे, लेकिन मायावती के लिए यह 'मैं अभी भी रेस में हूं' का ट्रेलर था। अब नोएडा की रैली वह फुल-लेंथ फिल्म है जिसका क्लाइमेक्स 2027 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दिखेगा।

**तीन बड़े संदेश, एक ही मंच से**

कोर वोटर अभी भी मेरा है–दलित वोट का जो हिस्सा 2017–2022 में भाजपा और सपा ने खींच लिया था, उसे वापस लाने का खुला ऐलान।

**पश्चिमी यूपी में फिर बसपा की धमक :** नोएडा–ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, बुलंदशहर, हापुड़ इन सब जिलों में जाटवव्राल्मीकिअन्य दलित वोटों का नया गोलबंदी केंद्र बनेगा नोएडा।

**मायावती का राजनीतिक कमबैक :** यह

■ **14 साल बाद गृह जनपद में शक्ति-परीक्षण**

■ **पश्चिमी यूपी के खोए किले फिर हथियाने की पहली बिसात**

रैली सिर्फ भीड़ का प्रदर्शन नहीं, बल्कि 2027 के लिए नया नैरेटिव सेट करने की शुरुआत है।

**14 साल बाद गृह जनपद क्यों?**

2007 में जब मायावती चौथी बार मुख्यमंत्री बनी थीं, तब गौतमबुद्ध नगर (तब नोएडा–ग्रेटर नोएडा अलग–अलग थे) उनका गढ़ था। 2012, 2017 और 2022 में यहां बसपा का खाता तक नहीं खुला। अब जबकि 2027 में पंचायत चुनाव भी होने हैं और जिले में दलित मतदाता करीब 18–20 फीसदी हैं, मायावती सबसे पहले अपनी जन्मभूमि से नया संदेश देना चाहती हैं – 'मैं लौट रही हूं, और पहले अपने घर से।'

**विरोधियों को सीधी चेतावनी**

भाजपा को संदेश – 'दलित वोट तुम्हारा स्थायी ठिकाना नहीं है।'

सपा–कांग्रेस गठबंधन को चेतावनी– 'मुस्लिम–यादव का जोड़ तोड़कर तुम दलित वोट को नजरअंदाज कर रहे हो, अब नतीजा भुगतोगे।'

अपने कैडर को हुंकार – 'अब सोने की नहीं, जागने और लड़ने की बारी है।'

**6 दिसम्बर सिर्फ रैली नहीं, नई शुरुआत का दिन**

लखनऊ ने साबित किया कि बसपा का कैडर अभी भी जीवित है। बिहार ने दिखाया कि वह अकेले भी लड़ सकती है। अब नोएडा बताएगा कि मायावती फिर से उत्तर प्रदेश की सत्ता की मुख्य दावेदार बनने की राह पर हैं।

6 दिसम्बर 2025 को नोएडा की धरती पर नीली पताकाएं जब लहराएंगी, तो उसकी गूंज सिर्फ गौतमबुद्ध नगर में नहीं, पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सुनाई देगी। यह रैली नहीं, मायावती के 'मिशन 2027' का पहला युद्ध–घोष है। जय भीम, जय भारत!

# भारतीय मुक्केबाजी के लिए ऐतिहासिक व यादगार दिन : बीएफआई



■ **भारत ने नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक सहित सभी 20 श्रेणियों में जीते पदक**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्ध)। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने जोर देकर कहा कि हाल ही में संपन्न विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में देश का प्रभावशाली प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि भारतीय मुक्केबाजी अब एक उभरती हुई शक्ति नहीं, बल्कि इस खेल की महाशक्तियों में से एक है। भारत ने न केवल नौ स्वर्ण पदक जीते, बल्कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सभी 20 श्रेणियों में पदक जीते, जिसके लिए दोनों विश्व मुक्केबाजी कप चरणों के शीर्ष आठ खिलाड़ी क्वालीफाई करते हैं। भारत ने अभियान का समापन नौ स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदकों के साथ इस प्रदर्शन से स्वाभाविक रूप से उत्साहित थे।

अजय सिंह ने कहा कि मैं इसे भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में किसी भी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत ने नौ स्वर्ण पदकों सहित 20 पदक जीते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह एशियाई खेलों और ओलंपिक खेलों में जीत पर केंद्रित एक लंबे सफर की शुरुआत मात्र है। मुक्केबाजों के लिए 2026 का साल काफी व्यस्त है क्योंकि वे एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों में भाग लेंगे, जबकि जूनियर खिलाड़ी भी युवा ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ने की तैयारी कर रहे हैं। सभी नौ स्वर्ण पदक विजेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी यात्रा में बीएफआई और साथी खिलाड़ियों द्वारा प्रदान किया गया समर्थन इस सफलता को प्राप्त करने में सहायक रहा है।

दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन ने कहा कि इस सफलता का बहुत बड़ा श्रेय बीएफआई और कोचिंग स्टाफ को भी जाता है। कुछ साल पहले तक, भारत विश्व रैंकिंग में पिछड़ रहा था, लेकिन अब हम तीसरे स्थान पर हैं। महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रीति ने जोर देकर कहा कि घरेलू दर्शकों के सामने खेलने से उनके लिए बहुत बड़ा अंतर आया। उन्होंने कहा कि मैं लंबे समय के बाद किसी बड़े आयोजन में भाग ले रही थी, लेकिन क्योंकि यह भारत में था, इसलिए मुझे अपनी संभावनाओं पर पूरा भरोसा था और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सकी।

# ग्रेनो प्राधिकरण बोर्ड की बैठक आज

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 22 नवम्बर को होगी। बैठक में बिल्डरों पर कार्रवाई का प्रस्ताव जा सकता है। साथ ही प्राधिकरण की फ्लैट स्कीम लांच करने पर मुहर लग सकती है। बैठक में रखे जाने वाले प्रस्तावों तैयार किए जा रहे हैं। विभाग के प्रभारी इन प्रस्तावों को अंतिम रूप दे रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 22 नवम्बर को होगी। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन दीपक कुमार करेंगे। बैठक की तैयारी शुरू हो गई हैं। विभाग के प्रभारी प्रस्तावों को अंतिम रूप दे रहे हैं। नीतिगत व संवेदनशील प्रस्तावों को सीईओ भी देख रहे हैं। अमिताभ कांत समिति का लाभ लेने वाले जिन बिल्डरों ने बकाया नहीं जमा

■ **बिल्डरों पर कसा जा सकता है शिकंजा**

किया है, उन पर कार्रवाई हो सकती है। साथ ही जो भी सहूलियत दी जानी है, वह भी रोक दी जाएंगी। प्राधिकरण फ्लैट स्कीम लांच करने की तैयारी में है। प्राधिकरण नियमों में बदलाव करने जा रही है। फ्लैट ऑक्शन में बेचे जाएंगे। इसलिए बोर्ड से अनुमति ली जाएगी। ग्रेनो औद्योगिक विकास प्राधिकरण से संबंधित कुछ प्रस्ताव रखेगी। साथ ही जमीन खरीद और किसानों को राहत देने संबंधी प्रस्ताव रखे जाने की उम्मीद है। कुछ परियोजनाओं की स्टेटस रिपोर्ट भी बोर्ड में रखी जाएगी। प्राधिकरण में दिनभर अफसर बोर्ड प्रस्तावों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

# कूड़े को प्रोसेस करने और जागरूकता अभियान पर बैठक




**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर(देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड रूम में शुक्रवार को प्राधिकरण के प्रमुख महाप्रबंधक संदीप चंद्रा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग एवं फीडबैक फाउंडेशन के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान फीडबैक फाउंडेशन द्वारा विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें कचरे के निस्तारण, गीले एवं सूखे कचरे के पृथकीकरण, रियूज एवं रीसाइकिलिंग की प्रक्रिया तथा फीडबैक फाउंडेशन की तरफ से संचालित अभियान के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में वरिष्ठ प्रबंधक राजेश कुमार, सभी प्रबंधक और फीडबैक फाउंडेशन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# हिमाचल का मेडिकल डिवाइस पार्क अब यमुना सिटी में

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में प्रस्तावित मेडिकल डिवाइस पार्क को अब यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में विकसित करने की दिशा में कदम तेज हो गए हैं। यमुना प्राधिकरण (यीडा) ने केंद्र सरकार को पत्र भेजकर परियोजना को अपने क्षेत्र में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।

प्राधिकरण का कहना है कि यमुना सिटी और उसके आसपास का इलाका देश का प्रमुख औद्योगिक और मेडिकल टेक्नोलॉजी हब बनने की क्षमता रखता है। ऐसे में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास क्षेत्र के औद्योगिक परिदृश्य को नई ऊंचाई देगा।

पत्र में यीडा ने बताया है कि उनके पास पर्याप्त भूमि उपलब्ध है, तेज़ी से विकसित होते बुनियादी ढांचे, एक्सप्रेस वे कनेक्टिविटी और जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की निकटता जैसे बड़े फायदे पहले से मौजूद हैं। यही कारण है कि यह प्रोजेक्ट यमुना सिटी में अधिक सफल साबित हो

■ **यीडा ने केंद्र से मांगा प्रोजेक्ट स्थानांतरण**

सकता है। मेडिकल डिवाइस पार्कों के विकास के लिए केंद्र सरकार 100 करोड़ रुपए की सहायता देती है। हिमाचल को भी पहली किस्त जारी की गई थी। अब यीडा चाहता है कि परियोजना को यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाए और साथ ही 100 करोड़ रुपए की सब्सिडी यहीं के लिए जारी की जाए।

यमुना प्राधिकरण पहले से ही सेक्टर–28 में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित कर रहा है, जहां 101 प्लॉट आवंटित किए जा चुके हैं। इससे 1,291 करोड़ रुपए का निवेश आकर्षित हुआ है और 10 कंपनियों ने निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है।

बीते दिनों बेंगलुरु में चार कंपनियों से हुई मुलाकात के बाद यीडा ने उन्हें आभार पत्र भेजते हुए निवेश प्रस्ताव भेजने का आग्रह भी किया है।

# इकोविलेज-एक के चुनाव अधिकारी के मनमानियों को लेकर डिप्टी रजिस्ट्रार से मिले निवासी

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपरटेक इकोविलेज–1 में कई वर्ष पूर्व गठित एओए के चुनाव संपन्न कराने के लिए डिप्टी रजिस्ट्रार गाजियाबाद ने गौतमबुद्ध नगर मत्यस्य विभाग के सहायक निदेश आशीष मौर्य को चुनाव अधिकारी बनाया है। आरोप है कि चुनाव अधिकारी बनने के बाद से ही उनकी मनमानियां शुरू हो गई। चुनाव अधिकारी ने अनैतिक मनमानियों के खिलाफ सोसाइटी निवासियों ने डिप्टी रजिस्ट्रार से मिलकर शिकायत की और अविलम्ब आशीष मौर्या को चुनाव अधिकारी के दायित्वों से मुक्त करने और नए चुनाव अधिकारी की नियुक्ति के लिए अनुरोध किया। दरअसल चुनाव अधिकारी की मनमानियां सितम्बर महीने से ही शुरू हो गई थी, जब पहली बार वह सोसाइटी में निवासियों संग बैठक के लिए आए। बैठक में चुनाव अधिकारी अपने साथ अनाधिकृत व्यक्तियों को लेकर आए और उन्हीं अनाधिकृत व्यक्तियों में से एक विशाल श्रीवास्तव ने मीटिंग में पूरे समय ब्रीफिंग किया। उक्त बैठक में चुनाव अधिकारी की फीस बताने के मुद्दे पर चुनाव अधिकारी और उनके सहयोगी भाग खड़े हुए। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय से एक आरटीआई के जवाब से यह साबित होता है कि चुनाव अधिकारी के साथ आए विशाल श्रीवास्तव का न तो डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय से कोई लेना देना है और न ही डिप्टी रजिस्ट्रार ने उसे बैठक के लिए अधिकृत किया था।

# सुपरटेक इकोविलेज-2 में तेज रफ्तार कार ने तीन हाउसकीपिंग कर्मचारियों को मारी टक्कर





**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सुपरटेक इकोविलेज–2 सोसायटी में तेज रफ्तार कर ने तीन हाउसकीपिंग कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, घटना की सूचना मिलते ही बिसरख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची, घायल युवकों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के मुताबिक, सुपरटेक इको विलेज–2 के सोसाइटी निवासी राहुल अपनी गाड़ी को पार्किंग में लेकर जा रहे थे, उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी पार्किंग के रैंप पर पहुंची तभी अचानक अनियंत्रित हो गई, इस दौरान हाउसकीपिंग कर्मचारी स्टाफ सामने से आ रहे थे और मेरी गाड़ी आनियंत्रित होने के कारण कर्मचारी को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे से में तीनों कर्मचारी घायल हो गए। उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल सभी कर्मचारी खतरे से बाहर है, हादसे में मनीराम (40) निवासी गांव बुआरा थाना दरसड़ा जिला दतिया (मध्य प्रदेश), राजू (40) निवासी गांव सिलरा थाना करेरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश व मोनिका देवी (30) निवासी गांव गजपुरा थाना किशनी मैनपुरी उत्तर प्रदेश के रहने वाले है। पुलिस ने मौके से वाहन को कब्जे में ले लिया है और चालक राहुल को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। जाँच के बाद आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

# जेवर के नंगला हुकुम सिंह में हुए हादसे में मृतक परिवारों से मिला कांग्रेस प्रतिनिमंडल



**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जेवर के नंगला हुकुम सिंह में बिल्डिंग गिरने से हुए हृदय विदारक हादसे में मृतक परिवारों से कांग्रेस का प्रतिनिमंडल मिला। जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने पहुंचकर स्थानीय ग्रामीणों से हादसे के कारणों व खामियों पर जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सभी लोगों ने कस्बा जेवर में मृतक युवाओं के घर पहुंचकर पीड़ित परिवारजनों को ढांढस बंधाया। हादसे में मारे गए शाकिर व कामिल के पिता सरफराज तथा जीशान के पिता जाहिद ने बताया कि नौजवान बच्चों के असमय काल का ग्रास बन जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है गहरा मानसिक कष्ट है तथा आर्थिक भी बेहद खराब है। मृतक जीशान का विवाह अभी बीते महीने ही हुआ था।

परिजनों ने बताया कि प्रशासन ने किसी भी प्रकार की कोई तत्काल मदद नहीं दी है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने इस गमगीन मौके पर कहा कि ये सब प्रशासन व प्राधिकरण के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष फकीरचंद नागर, जेवर ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार सतपाल सिंह, जिला महासचिव मोहम्मद तकी, जिला सचिव हबीब मास्टर, जिला सेवादल प्रमुख सतीश शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# भाकियू लोकशक्ति ने 29 को महापंचायत की दी चेतावनी

**जेवर,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर गत पंचायत में प्रशासन द्वारा किए गए वायदा के अनुसार किसानों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की है। समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर 29 नवम्बर को यमुना एक्सप्रेस वे के फ़लैदा कट पर सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर दुबारा महापंचायत करने की चेतावनी दी है। संगठन के तहसील मीडिया प्रभारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि किसानों की विभिन्न समस्याओं जिसमें यमुना एक्सप्रेस वे का वर्षों से बकाया बढ़ा हुआ मुआवजा व विकसित भूखंड देने, आबादी निस्तारण, सर्किल रेट बढ़ाने, नए भूमि अधिग्रहण बिल को लागू करने, एयरपोर्ट के भूमि अधिग्रण से प्रभावित किसानों की पुनर्स्थापित एवं पुनर्वास से संबंधित समस्याओं के समाधान को लेकर गत चार माह से रोनीजा गांव के समीप अनिश्चितकालीन धरना चल रह रहा है। अधिकारियों द्वारा किसानों समस्याओं को नजरअंदाज किए जाने पर भाकियू लोकशक्ति के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक संगठनों द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे के फ़लैदा कट 12 नवम्बर को पंचायत का आयोजन किया गया था।


पत्र नहीं मित्र

**देशबन्धु**

पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें

खोया–पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता

फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र

**देशबन्धु**

समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें

क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता

Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# जीबीयू में अंतरराष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान सम्मेलन का आगाज




■ **कैंसर उपचार की लागत का बोझ कम कर व्यापक और समावेशी कैंसर देखभाल की दिशा में जोर**

**ग्रेटर नोएडा,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में शुक्रवार को दो दिवसीय 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांसेस इन कैंसर रिसर्च प्रिवेंशन टू इंटरवेंशन की शुरुआत हुई। 21 से 22 नवम्बर तक आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वभर के प्रख्यात कैंसर वैज्ञानिक, शोधकर्ता और शिक्षाविद कैंसर की रोकथाम से लेकर उपचार तक की नवीनतम खोजों, तकनीकों और चुनौतियों पर मंथन कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित पहले दिन के उद्घाटन सत्र में प्रो. एस. धनलक्ष्मी, अधिष्ठाता, यूएसोबीटी, जीबीयू ने स्वागत संबोधन देते हुए कैंसर अनुसंधान में वैश्विक सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। प्रो. राजीव वार्ष्णेय, अधिष्ठाता (अकादमिक), जीबीयू ने कैंसर के शीघ्र संसूचन, सुलभ एवं किफायती उपचार मॉडल और समाज उन्मुख अनुसंधान की अहमियत को रेखांकित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. आर.एन.के. बामेजई, पूर्व कुलपति, माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. आर.के. काले, पूर्व कुलपति, गुजरात केन्द्रीय विश्वविद्यालय ने अपने उद्बोधनों में कैंसर अनुसंधान में अंतर्विषयक दृष्टिकोण, उन्नत प्रयोगशाला अवसंरचना तथा नीति–निर्माण के समन्वय की जरूरत पर चर्चा की। जीबीयू के कुलपति प्रो. राणा पी. सिंह ने अपने संबोधन में कैंसर अनुसंधान को समर्पण, सत्यनिष्ठा, त्याग, उत्सुकता, धैर्य, सतत अधिगम, बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, परिश्रम, लगन और कुशलता का साझा परिणाम बताते हुए युवा शोधार्थियों से नवाचारपूर्ण योगदान की अपील की। शनिवार को को कैंसर देखभाल के लिए अनुसंधान निष्कर्षों को व्यवहारिक एवं नैदानिक उपायों में रूपांतरित करने पर केन्द्रित विविध वैज्ञानिक प्रस्तुतियों और चर्चाओं को समर्पित रहेगा।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर–201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 15.11.2022 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम फतेहपुर अट्टा में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या– 742/एस.टी.–एस.डी.एम./2013–14, दिनांक 07.10.2013 व प्रमाण पत्र संख्या– 489/एस.टी. –एस.डी.एम./2022, दिनांक 21.03.2022 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है–

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर अट्टा | 173, 174, 178 181, 3एम, 53, 54/1, 54/2, 737, 180, 179, 183, 184, 185, 188, 191, 189, 192, 193, 194, 195, 182 | श्री सुबराती पुत्र स्व0 श्री ननुवा व श्रीमती फूलवती पत्नी श्री सुबराती, नि0 ग्राम फतहपुर अट्टा, परगना दनकौर, तहसील व जिला– गौतमबुद्धनगर | श्री रियासत अली | पुत्र | 82 |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर व अन्य अनुमन्य लाभ अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर–201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भट्टा परगना दनकौर तहसील सदर गौतमबुद्धनगर में उप जिलाधिकारी द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 556/एस०टी०–एस०डी०एम०/2025 दिनांक 25.07.2025 मृतक श्री राज किशोर पुत्र श्री कृपाल सिंह निवासी ग्राम भट्टा परगना दनकौर जिला गौतमबुद्धनगर मृत्यु दिनांक 11.11.2018 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भट्टा | 106, 108 | श्री आशाराम शर्मा पुत्र श्री बालुराम निवासी ग्राम भट्टा परगना दनकौर तहसील सदर गौतमबुद्धनगर | पुष्पा | पत्नी | 56 वर्ष | विधवा |
| | | | | नितिन | पुत्र | 35 वर्ष | विवाहित |
| | | | | सचिन | पुत्र | 27 वर्ष | अविवाहित |
| | | | | पूनम तालन | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |

गौतमबुद्धनगर उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड सबधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर–201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की 54वीं बोर्ड बैठक दिनांक 15.11.2022 में लिये गये निर्णय के क्रम में ग्राम फतेहपुर अट्टा में उप जिलाधिकारी, सदर से प्राप्त वारिसान प्रमाण पत्र संख्या– 856/एस.टी. –एस.डी.एम./2024, दिनांक 09.10.2024 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है –

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | फतेहपुर अट्टा | 127, 128, 129, 130 | श्री सलामुद्दीन उर्फ सलामू पुत्र श्री साकर, नि0 ग्राम फतेहपुर अट्टा परगना दनकौर, तहसील व जिला– गौतमबुद्धनगर | श्रीमती रहीसन | पत्नी | 64 वर्ष |
| | | | | वरीसा बेगम | पुत्री | 40 वर्ष |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर व अन्य अनुमन्य लाभ अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर–ओमेगा–1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर–201308 उ0प्र0

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम भट्टा परगना दनकौर तहसील सदर गौतमबुद्धनगर में उप जिलाधिकारी द्वारा जारी परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 867/एस०टी० एस०डी०एम०/2025 दिनांक 07.11.2025 मृतक श्रीमती किशन देवी पत्नी श्री बालकिशन निवासी भट्टा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर मृत्यु दिनांक 05.06.2018 के स्थान पर उनके वारिसान/सदस्यो के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित हैः

| क्रम संख्या | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से सम्बन्ध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भट्टा | 65, 733 | श्रीमती किशन देवी पत्नी श्री बालकिशन निवासी भट्टा परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री मांगे राम शर्मा | पुत्र | 56 वर्ष | |
| | | | | श्री दाता राम | पुत्र | 53 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती रति | पुत्रवधू | 48 वर्ष | |
| | | | | दीपांशु शर्मा | पौत्र | 19 वर्ष | |
| | | | | शिवम कुमार शर्मा | पौत्र | 24 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती यशोदा देवी | पुत्रवधू | 48 वर्ष | |
| | | | | श्री अनिल कुमार शर्मा | पौत्र | 44 वर्ष | |
| | | | | श्रीमती वीरवती देवी | पुत्री | 70 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण

# अभिमत

**सच्चिदानंद जी की करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं। वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।**

## सिर्फ संत नहीं, विचार के लिए समर्पित थे

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

देश के प्रख्यात समाजवादी विचारक सच्चिदानंद सिन्हा का दो दिन पहले 19 नवंबर को निधन हो गया। वे 97 वर्ष के थे। उनका जाना एक बड़ी क्षति है। विशेषकर, उन सामाजिक कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए जो विकल्प की खोज में हैं। उन्होंने अपना जीवन समाजवादी विचार निर्माण, लेखन और युवाओं के प्रशिक्षण के लिए समर्पित किया। वैकल्पिक दिशा देने में उनका योगदान अमूल्य है और वह सदैव ही याद किया जाता रहेगा।

मेरा उनसे परिचय 80 के दशक से था। इस दौरान कई बार उनसे मिलने और उन्हें सुनने का सौभाग्य मिला है। उनके साथ यात्रा की हैं, कुछ समय साथ गुजारा है। उनकी किताबें पढ़ीं हैं। वे एक ऐसे मौलिक विचारक थे, जिन्होंने न केवल देश-दुनिया के बारे में सोचा, विचारा और लिखा है, बल्कि आदर्शवादी जीवन भी जिया है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में उनका जन्म 30 अगस्त 1928 को हुआ। वे छात्र जीवन से ही समाजवादी विचारों की ओर आकृष्ट हो गए थे। महाविद्यालयीन पढ़ाई बीच में ही छोड़कर राजनैतिक कार्यकर्ता बन गए। बम्बई चले गए और वहां मजदूर आंदोलन से जुड़े। उन्होंने मजदूरों की तरह जीवन भी जिया। बम्बई में कई तरह के काम किए, मजदूरी की और रेलवे में खलासी और क्लर्क का काम किया। यहां उनका कई महत्वपूर्ण हस्तियों से परिचय हुआ, साथ मिला। उन्होंने डा. आंबेडकर के चुनाव में जिम्मेदारी भी निभाई।

सच्चिदा जी (सच्चिदानंद सिन्हा) को इसके बाद डॉ.राममनोहर लोहिया ने बुलाया और उनकी पत्रिका मैनकाइंड के संपादक मंडल से जोड़ लिया। इसके बाद सच्चिदा जी कुछ समय मुजफ्फरपुर के पास मणिका गांव में रहे। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और फिर दिल्ली चले गए। दिल्ली में करीब 18 साल रहे।

दिल्ली में उसी दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ( जेएनयू) में पढ़ने वाले कुछ युवा भी संपर्क में आए। यह सभी युवा, समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचारों से जुड़े थे। उनमें से एक सुनील भाई भी थे, जिनके साथ मैंने लम्बे समय तक काम किया है। सुनील भाई ने मध्यप्रदेश के होशंगाबाद ( नर्मदापुरम) जिले में आदिवासियों के बीच काम किया था।

इन दिनों मैं बरगढ़ ओडिशा में हूं, जहां लिंगराज भाई का निवास है। वे किसानों के नेता हैं। और लम्बे समय से पूरावक्ती सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे भी उन दिनों जेएनयू में अध्ययनरत थे। 20 नवंबर को किशन पटनायक की याद में बने समता भवन में सच्चिदानंद सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लिंगराज भाई ने बताया कि सच्चिदा जी ने अपना पूरा जीवन सार्थक ढंग से जिया।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि वे 80 के दशक को याद करते हुए बताते हैं कि दिल्ली में किराये के घर में रहते थे। यह बहुत मामूली घर था, जो छत पर था। सच्चिदा जी के पास कोई सामान नहीं था, स्टोव था, और कुछ बर्तन। स्टोव, मिट्टी तेल से जलता था। उसमें वे खाना पकाते थे। यहां वे बहुत ही सादगी से रहते थे।

वे आगे बताते हैं कि उनका एक ही काम हुआ करता था, पुस्तकालय जाना और पढ़ना और लिखना। इस दौरान उन्होंने कई किताबें लिखीं। वे ऐसे लेखक हैं, जो कई विषयों पर साधिकार लिखते हैं। शायद वे ऐसे अकेले ही ऐसे व्यक्ति होंगे जो इतने विविध विषयों के जानकार हों, उनके विद्वान हों। उनकी करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं। वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।

लिंगराज भाई ने कहा सच्चिदा जी शारीरिक और मानसिक रूप से अंत तक सक्रिय रहे। देश-दुनिया की समस्याओं से जूझते रहे और वैकल्पिक दृष्टि से उनका विश्लेषण करते रहे। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने सच्चिदा जी से मिलने के लिए मनिका गांव जाने की बात बताई थी, लेकिन अब यह संभव नहीं है।

सच्चिदा जी से मेरा परिचय सुनील भाई ने करवाया था। वे सच्चिदा जी से मिलने उनके गांव मणिका जाया करते थे। वहां से लौटकर सुनील भाई हमें सच्चिदा जी के बारे में बताया करते थे। वहां उन्होंने बहुत से पेड़-पौधे लगाए थे। हैंडपंप से पानी खींचकर खुद उनमें पानी देते थे। बौद्धिक कामों के साथ शारीरिक श्रम को भी वे महत्व देते थे। जैसा कि गांधीजी की सोच भी थी। गांधी की तो नई तालीम की सोच उत्पादक कामों से साथ शिक्षा देने से जुड़ी थी।

जब भी सच्चिदा जी मध्यप्रदेश इटारसी के पास केसला आते थे, तब मैं उनसे मिलने जाता था। 90 के दशक में मैंने केसला में ही पूरावक्ती कार्यकर्ता के तौर पर काम किया था, तब भी उनसे मिलना हुआ था। उसके बाद तो कई बार मिला। कार्यकर्ता शिविर और कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी गरिमामय होती थी। वे कार्यकर्ताओं के सवालों के जवाब देते थे। उनकी शंकाओं व दुविधाओं का समाधान करते थे।

सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें और दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।

बरसों पहले एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्होंने घर की बिजली कटवा दी है। इसका कारण उन्होंने बताया कि आमतौर पर बिजली देर रात को रहती है, वह उनके सोने का समय होता है। यानी बिजली के की उस समय जरूरत नहीं होती। वे उनका काम दिन में ही कर लेते थे। वे सालों तक फोन का भी इस्तेमाल नहीं करते थे।

सच्चिदा जी एक पुस्तक उपभोक्तावादी संस्कृति पर है। वे कहते थे यह संस्कृति चीजों की अंतहीन भूख जगाती है, वह नशे की तरह है। मनुष्य का जीवन भोग के लिए नहीं, विचार के लिए है। इसके अलावा, महानगरीय जीवन में एक और किताब है- जिंदगी सभ्यता के हाशिये पर, यह महानगरीय जीवन की समस्याओं की पड़ताल करती है।

सच्चिदा जी ने मौजूदा व्यवस्था को विषमता व आपस में कटुता बढ़ाने वाली बताया। वे मानते थे कि बुनियादी तौर पर सभी आदमी बराबर हैं, इसलिए समता, बराबरी का समाज होना चाहिए। मनुष्य का स्वार्थ भी एक है, इसलिए सबको मिलकर, मतभेद भुलाकर बेहतर दुनिया को बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

वे गांधी, जेपी, लोहिया की परंपरा के वाहक थे। 20 वीं और 21 वीं सदी के पुल थे। आजादी के आंदोलन से लेकर मौजूदा समय का इतिहास उनकी आंखों में पढ़ा जा सकता था। उनमें आर-पार देखने की दूरदृष्टि थी। धारा को मोड़ने व सोचने का माद्दा था। देश-दुनिया को देखने का वैकल्पिक नजरिया था। उनकी सोच में समाजवाद का एक देशज रूप था। एक गहरा आत्मविश्वास था, दुनिया को बदलने का।

वे कहते थे दुनिया को गांधी की ओर लौटना होगा। वे गांधी का प्रसिद्ध कथन याद करते थे कि इस धरती पर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन किसी के लालच के लिए नहीं। जो आज भी प्रासंगिक है। बहरहाल, सच्चिदानंद सिन्हा के विचार व जीवन दोनों की प्रेरणादायी हैं। क्या हम उनसे कुछ सीखना चाहेंगे?

**सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें ओर दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था।सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।**

## बीता सप्ताह

**15 नवम्बर**
- बिहार विधानसभा में एनडीए की बंपरजीत हुई। 243 में 202 सीटों पर एडीए को बढ़ मिली। इंडिया गठबंधन को 35 सीटें मिली।
- दिल्ली लालकिले के धमाके का आरोपी उमर नबी का घर बम से उड़ाया गया।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन महासचिव एंटोनियों गुटेरस से मुलाकात की।
- फिलीपींस में कालेसेगी तूफान से 232 लोगों की मौत हो गई।

**16 नवम्बर**
- जम्मू कश्मीर के नौगाम पुलिस थाने में भारी विस्फोट से नौ लोगों की मौत हो गई।
- कोलकाता हाईकोर्ट ने एक सुनवाई में स्पष्ट किया कि नाबालिग भी कर सकते हैं अग्रिम जमानत के लिए आवेदन।
- बिहार में राजद की हार के बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति से संन्यास ले लिया।
- बिहार चुनाव नतीजों के बाद एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 130 अपराध करने वाले विधायक ओर चुके गए 218 विधायक करोड़पति हैं।

**17 नवम्बर**
- दिल्ली विस्फोट मामले में एनआईए ने आतंकी उमर दल नबी के साथी आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया।
- अटाटी वाधा बगर्डर रिट्रीट सेटेमनी के समय में बदलाव किया गया। अब शाम 4.30 से 5 बजे तक।
- आरक्षण पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर।
- धनुष श्रीकांत ने टोक्यो में चल रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता।

**18 नवम्बर**
- सउदी अरब मक्का-मदीना जा रही बस सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई।
- बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई।
- छग बिलासपुर हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- दुनियाभर में भारतीय मिशनों ने मनाया इंटरनेशनल गीता दिवस 2025

**19 नवम्बर**
- छग-आंध्र बार्डर पर नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुए मुठभेड़ में कुख्यात नक्सल कमांडर माड़वी हिड़मा अपनी पत्नी सहित मारा गया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य के लिए पूरे देश में अववल रायपुर को सम्मानित किया।
- छग सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ सुविधा फिर शुरू की।
- लगातार 11वें वर्ष चीन बना दुनिया का सबसे बड़ा कूरियर बाजार।

**20 नवम्बर**
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुई।
- पीएम सम्माननिधि की 21वीं किश्त तमिलनाडु के कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जारी किया।
- भारत ने रूस में दो नए महावाणिज्य दूतावास खोले। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने रूस के येकाते रिनबर्ग और कजान में इन दूतावासों का उदघाटन किया।
- बिहार में नितिश कुमार 10वीं बार मुख्य मंत्री बने। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नितिश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**21 नवम्बर**
- राष्ट्रपति द्रौपद मुर्मू ने छग के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस पर कहा कि आदिवासी संस्कृति को जीवित रखना बहुत जरूरी है।
- सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि राज्यपाल विधानसभा से पास विधेयकों को न लटकाएं।
- पं. बंगाल मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के कहा कि एसआईआर खतरनाक और अमानवीय है।
- वित्तीय धोखाधड़ी रोकने अब सरकार ईडी के सयन पर क्येआर कोड जारी करेगी।

## बिहार चुनाव: सवाल तो जीतने वालों पर भी हैं

■ अरुण कुमार त्रिपाठी

बिहार चुनाव पर देश क्या, पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं। जिनकी भी लोकतंत्र में आस्था है उन्हें यह आशा थी कि बिहार भारत में लोकतंत्र के हरण के धारावाहिक सिलसिले को पलट देगा और फिर शुरू होगा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल से होते हुए उत्तरप्रदेश तक में अन्याय, झूठ और अत्याचार को उखाड़ फेंकने का चक्र, जो आखिर में केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन तक जाएगा। लेकिन बिहार में 'महागठबंधन' की भारी पराजय और 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' की प्रचंड विजय के उपरांत पैदा हुई लोकतांत्रिक शक्तियों की निराशा देखकर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' का स्मरण हो गया।

वही कविता जो 1936 में तब लिखी गई थी, जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आशा और निराशा के संमुदर में गोता खा रहा था। महात्मा गांधी को समझ नहीं आ रहा था कि अंग्रेजों से किस प्रकार लड़ा जाए कि जल्दी आजादी मिल जाए। अंग्रेज निरंतर भारत को विभाजित कर रहे थे और गांधी के समक्ष एक ओर मोहम्मद अली जिन्ना की चुनौती थी तो दूसरी ओर सावरकर और तीसरी ओर भीमराव अंबेडकर की।

**पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था।**

निराला की कविता में जो निराशा छलकती है उसमें हम इस युग की निराशा के अंश देख सकते हैं। निश्चित तौर पर इस पराजय के बाद हमने 'इंडिया समूह' के नेताओं को रोते हुए नहीं देखा, लेकिन वे उसी प्रकार रो रहे होंगे जैसे रावण से पराजित होकर रण से लौटे राम के नेत्रों से आंसू गिर रहे थे। निराला की कविता में आज की लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के संघर्ष को हम देख सकते हैं।

पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था। नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के कंधे पर हिंदुत्व ने सवारी कर रखी थी इसलिए इसे जीतना ही था।

राहुल गांधी विदेश चले गए, 'एसआईआर' पर शुरू में यात्रा की, लेकिन बाद में उसे मुद्दा नहीं बना पाए, उतनी मेहनत नहीं कर पाए जितनी 'एनडीए' के नेताओं ने की, टिकट ठीक से नहीं बांटा, तेजस्वी को मुख्यमंत्री पहले नहीं घोषित किया, जंगल राज का खौफ वगैरह-वगैरह। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने चमत्कार किया और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पुरुषों से अलग होकर वोट दिया।

जब ऐसी योजनाएं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में काम कर सकती हैं तो बिहार में क्यों नहीं। फिर ऐसी योजनाओं का हथकंडा तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनाता है तो जनता दल (एकी) के अपनाने में क्या दिक्कत है। नीतीश कुमार को जनता ने शानदार विदाई दी और आपरेशन सिंदूर से लेकर दूसरे मोर्चों तक प्रकट भाजपा और संघ के राष्ट्रवाद की काट न तो जाति जनगणना से की जा सकती है और न ही नौकरियां देने के खोखले वादे से।

इन तमाम तर्कों ने पूर्व निर्धारित इस प्रचंड जीत को सही साबित करना और विपक्ष और उसके नेताओं को नकारा बताना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया में उस हिंसक और निम्नस्तरीय भाषा की अनदेखी की जा रही है जिसका प्रयोग चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उनके केंद्रीय मंत्रियों ने किया। इस बात की भी अनदेखी की जा रही है कि बीच चुनाव में महिला रोजगार योजना की राशि खाते में दिया जाना 'आदर्श आचार संहिता' का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस बात की भी उपेक्षा हो रही है कि इस दौरान अपराधियों ने किस प्रकार चुनाव को न सिर्फ प्रभावित किया, बल्कि चुनाव में विजय भी हासिल की। इस बात पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि स्थानांतरित करने के अलावा धनबल और सरकारी बल का अनौपचारिक रूप से कितना प्रचंड प्रयोग हुआ।

इस बीच 'एसआईआर' के मुद्दे के प्रभावहीन होने का भी सारा दोष विपक्ष पर ही मढ़ा जा रहा है। न तो उस प्रक्रिया में काटे गए और जोड़े गए नामों पर चर्चा हो रही है और न ही इस बात पर चर्चा हो रही है कि चुनाव आयोग किस प्रकार निरंतर पारदर्शिता से दूर चुनावों को सत्तारूढ़ दलों के जश्न और विपक्ष के शोक का आयोजन बनाता जा रहा है। असल में बिहार के इन चुनाव परिणामों ने एक बात को प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में न सिर्फ संस्थाएं भ्रष्ट और अनैतिक हुई हैं, बल्कि समाज भी अनैतिक और भ्रष्ट हुआ है।

बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नीतीश कुमार ने स्त्रियों के सबलीकरण के बहाने स्त्रियों को भी मरते हुए लोकतंत्र के प्रति संवेदनहीन बना दिया है। अगर महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर छीने जा रहे संवैधानिक अधिकारों की पीड़ा नहीं दिखती और खाते में आई हुई रकम से वोट को बेच देने की सौदेबाजी ज्यादा ठीक महसूस होती है तो फिर मान लेना चाहिए कि नीतीश कुमार ने अपनी सत्ता के लिए समाजवाद, सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण को पूंजीवाद और हिंदुत्व की चेरी बना दिया है।

बिहार से लोकतंत्र की वापसी की आशा वे लोग लगाए हुए थे जिनके मन-मानस में यह स्मृति है कि बिहार अन्याय के विरुद्ध क्रांति की भूमि है। वे जिनके अवचेतन में कहीं बुद्ध बसे हैं, कहीं महावीर तो कहीं वैशाली और लिच्छिवियों का गणतंत्र है। जो यकीन करते हैं कि यही वह धरती है जहां से वीर कुंवर सिंह अंग्रेजों की गुलामी खत्म करने निकले थे। जहां बिरसा मुंडा और सीधू कान्हूं ने उलगुलान किया था। जहां पीतांबर और नीलांबर ने सत्तावन में क्रांति का बिगुल बजाया था।


जहां महात्मा गांधी ने चंपारण सत्याग्रह शुरू किया और जहां जयप्रकाश नारायण पैदा हुए जिसके बारे में दिनकर ने लिखा था कि जिसके चरण चिह्न इतिहास अपने उर पर अंकित कर लेता है। वही जयप्रकाश जिन्होंने लोकतंत्र को नया रूप देने के लिए 1974 में 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। वहीं जहां बाबू राजेंद्र प्रसाद जैसे देशभक्त पैदा हुए।

इस देश की नैतिक लोकतांत्रिक शक्तियां यह भूल रही हैं कि रावण के आमंत्रण पर उसके पक्ष में युद्ध करने के लिए पूंजीवाद और फासीवाद की प्रचंड शक्तियां मैदान में उतर चुकी हैं। वे रावण को अंक में लेकर घूम रही हैं। अविभाजित बिहार पहले अपने खनिजों के कारण आंतरिक उपनिवेश बना था, अब पश्चिमी तट के कारपोरेट द्वय और राजनेता द्वय के लिए चारागाह बनने की तैयारी में है। बिहार क्या, पूरा देश इन शक्तियों के चंगुल में फंस चुका है। पंजाब और हरियाणा से प्रतिरोध जरूर उभरता है, लेकिन वह चुनावी विजय और राजनीतिक सत्ता के परिवर्तन तक पहुंच नहीं पाता।

डॉ. आंबेकर ने कहा था कि- लोकतंत्र न तो सिर्फ चुनावी प्रणाली है, न ही सिर्फ संस्थाओं से निर्मित होता है। वह निर्मित होता है एक ऐसे समाज से, जहां पर भाईचारा होता है, जहां होती है पारदर्शिता और सामाजिक, आर्थिक समानता। वह एक प्रणाली से अधिक संस्कृति है। आज धनबल, सत्ताबल और हिंसक भाषा के प्रहार से घायल लोकतंत्र अपनी प्राण रक्षा के लिए छटपटा रहा है। उस रक्षा की आशा सिर्फ बिहार से करना कुछ अधिक ही था। इसलिए देश की लोकतांत्रिक शक्तियों को बिहार को क्षमा करते हुए अलोकतांत्रिक शक्तियों की नकल नहीं करनी चाहिए। उन्हें नैतिक शक्तियों की आराधना करते हुए साधन की पवित्रता के साथ इस लंबी लड़ाई को चलाना चाहिए।

*( लेखक पत्रकार एवं 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय' में प्रोफेसर रहे हैं।)*

## बिहार चुनाव : संदेह के बने रहने से लोकतंत्र को नुकसान



जगदीश रतनानी

भारत में एक समय था जब चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) युद्ध का सर्वमान्य विजेता और भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का मुख्य रक्षक माना जाता था। ईसीआई शुरुआत में शांत था, फिर मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के कार्यकाल में एक शेर बन गया और तब से इसने एक प्रखर रक्षक और भारत की लोकतांत्रिक सफलता के लिए आवश्यक तत्व- चुनाव प्रक्रिया के स्वतंत्र मध्यस्थ के रूप में अपनी छवि को बनाए रखा है। चुनाव का समय आते ही राजनीतिक दल अपनी सीमाओं की परीक्षा लेते हैं, लेकिन ईसीआई डटकर खड़ा होता था। वह यह सुनिश्चित करता कि उल्लंघनों की पहचान हो और वास्तव में जांच और निगरानी को बढ़ाता था ताकि प्रक्रिया न केवल निष्पक्ष हो बल्कि ऐसी दिखाई भी दे। अब उस स्वर्णिम युग को भारतीय चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा न रह जाने के रूप में देखे जाने की संभावना है। इस हार के कुछ निहितार्थ हैं जिन्हें ईसीआई पूरी तरह से समझ नहीं पा रहा है, जिसने खुद को ऐसे विवादों के भंवर में घसीटने दिया है जिनकी उसे आवश्यकता नहीं थी। आज चुनावों की समाप्ति के साथ ही परिणामों को लेकर एक नई लड़ाई शुरू हो गई है, एक ऐसी गिरावट जो संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था और एक युवा राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए, जिसने स्वतंत्रता के बाद से सफलतापूर्वक एक उचित और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संचालित की है।

**चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता। विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है।**

बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन द्वारा लगभग पूर्ण विजय भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में व्याप्त कमियों के कारण धूमिल हुई है। इसलिए ये परिणाम राष्ट्र को जटिल संकेत भेजते हैं। ये संदेह का कारण बन जाते हैं। अब यह संभव नहीं है कि एक पक्ष हारने वाले द्वारा उचित स्वीकृति के साथ नए कार्यकाल के लिए शपथ ले, जो लोगों के जनादेश और उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करने की उनकी शक्ति- इन दोनों के आगे झुकना है। ये व्यवस्था की अखंडता, जनता की इच्छा को पढ़ने और लागू करने में उसकी अंतहीनता को छीन लेते हैं और इस प्रकार न केवल हारने वालों के साथ बल्कि विजेताओं और समग्र रूप से राजनीतिक व्यवस्था के साथ भी अन्याय करते हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने खुद को उन आरोपों और संदेहों से दूर न रखकर सभी पक्षों को निराश किया है जो अब उसके विभिन्न कार्यों पर छा रहे हैं।

बिहार में भी, जैसा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के पिछले चुनावों में हुआ है, जीतने वाली पार्टी को इन आरोपों का सामना करना पड़ेगा कि उन्होंने एक ऐसे अंपायर को आसानी से हरा दिया जिसकी भूमिका पर अभी भी तीखा विवाद चल रहा है, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सवालों के घेरे में आ गई है। विपक्ष का ये आरोप 'अंगूर खट्टे हैं' वाली बात से परे है और वे अब हाल के चुनाव अभियानों और नतीजों का एक बढ़ाता हुआ हिस्सा बन गए हैं, जिससे भारतीय लोकतंत्र अपनी उन्हीं संरचनाओं से ख़तरे में पड़ गया है जिनका काम इसे सुरक्षित और मज़बूत बनाना है।

एक ओर बिहार 2025 के विधानसभा चुनावों के स्पष्ट आंकड़े नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा मशीनरी के ज़बरदस्त प्रभुत्व और गठबंधनों, संदेशों और छवि निर्माण में उसकी महारत को दोहराते हैं। इसकी सामान्य खूबियों के अलावा 'बिहार केन्द्रित' कई कारण भी गिनाए जा रहे हैं, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कथित लोकप्रियता या लंबी सेवा, ऐन चुनाव के दौरान बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये जाने से भाजपा-एनडीए को बड़ा चुनावी लाभ दिलाया और सब कुछ बदलकर रख दिया। इसने शराबबंदी और राज्य भर में बेहतर कानून-व्यवस्था के दावों जैसे दीर्घकालिक उपायों की बजाय कथित तौर पर महिला मतदाताओं का दिल जीत लिया।

यह मानक पूर्वव्यापी प्रभाव-पश्चात अध्ययन, जो चुनाव में सत्ताधारी दलों द्वारा दिए गए तर्कों पर आधारित है, कुछ जमीनी हकीकतों को दर्शाता है; लेकिन क्या यह उस भारी जीत की व्याख्या कर सकता है, जिसने एनडीए गठबंधन को 243 में से 202 सीटें दिला दीं, जिसमें भाजपा 89 सीटों के साथ सबसे आगे थी और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ शीर्ष पर थी?

प्रतिवादस्वरूप, जो उतना ही मान्य है, यह पूछेगा कि 9 बार मुख्यमंत्री रह चुके एक व्यक्ति, जिन्हें उनके बदलते संबंधों के लिए 'पलटूराम' कहा गया और जिनकी आलोचना की गई है कि वे नियंत्रण में नहीं हैं या भाजपा द्वारा 'अपहृत' कर लिए गए हैं, इतनी बड़ी जीत कैसे दिला सकते हैं? भाजपा की बेहतर रणनीति और व्यवस्था में मौजूद संसाधनों की रीढ़ को देखते हुए भी, यह एक ऐसी सत्ता थी जिसने बिहार को विशेष रूप से फलते-फूलते नहीं देखा। युवाओं के लिए नौकरियों की कमी या निवेश की कमी उस सिक्के का दूसरा पहलू है जो उपहारों और रियायतों से मतदाताओं की वफादारी खरीदता है, भले ही ये दीर्घकालिक शासन और राजकोषीय प्रबंधन को नुकसान पहुंचाए। 'काम के लिए पलायन' बिहार के लिए अभिशाप बना हुआ है और यह राज्य में आम जनता के लिए अच्छे रोज़गार प्रदान करने के अवसरों की कमी को दर्शाता है। भारतीय जनसंख्या अध्ययन संस्थान, मुंबई द्वारा 2019 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, बिहार में मौसमी प्रवास अधिक प्रचलित है। मध्य गंगा के मैदान में देखे जाने वाले 72.8 प्रतिशत मौसमी प्रवासी राज्य से आते हैं। इसके कारण हैं- गरीबी और मजबूरी, बेरोजगारी, भूमिहीनता और भोजन की कमी। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि राज्य की ऐतिहासिक प्रतिकूलताओं में हाल के वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विपक्षी दलों में कुछ अव्यवस्था ज़रूर थी, लेकिन राजद-कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव की रैलियों में ऊर्जा भी देखी गई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार जागरूकता रैलियों को भी ज़मीनी स्तर पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली। गांधी ने बाबू जगजीवन राम के राजनीतिक गृह सासाराम से 'मतदान के अधिकार' आंदोलन की शुरुआत की और बिहार के लगभग 20 ज़िलों को कवर किया। चुनाव के बीच में यह आंदोलन चुनाव आयोग में विश्वास की कमी को दर्शाता है, जिससे हाल के वर्षों में चुनाव-दर-चुनाव आयोग के नैतिक अधिकार को कमज़ोर किया गया है।

चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता। विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है क्योंकि जब संदेह बना रहता है, तो जीत भी बेकार होती है। इससे लोगों और राजनीतिक दलों में जो आक्रोश पैदा होता है, वह आने वाले दिनों में कुछ बहुत ही जटिल और चुनौतीपूर्ण तरीकों से सामने आएगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और एसपीजेआईएमआर में संकाय सदस्य हैं। ( द बिलियन प्रेस )**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, ( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*
*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

# देश विदेश

## सिबी जॉर्ज ने चौथे ईयू इंडो पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम की मीटिंग में लिया हिस्सा

**ब्रुसेल्स,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने ब्रुसेल्स में चौथे यूरोपीय संघ इंडो-पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम के उद्घाटन सत्र में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विदेश मंत्रालय पश्चिम के सचिव सिबि जॉर्ज ने अन्य देशों के तमाम नेताओं के साथ चर्चा की। इनमें यूरोपीय यूनियन के विदेश मामलों और सुरक्षा नीति के उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास और साइप्रस, मालदीव, सोमालिया और तुवालु के विदेश मंत्री भी शामिल थे। भारत के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'सेक्रेटरी (वेस्ट) सिबी जॉर्ज ने ब्रसेल्स में चौथे ईयू इंडो पैसिफिक मिनिस्टीरियल फोरम की पहली मीटिंग में हिस्सा लिया।

# ईरान के तेल व्यापार पर अमेरिका ने लगाया नया प्रतिबंध

## भारतीय कंपनी व कारोबारी भी जद में आए

**वाशिंगटन,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान के खिलाफ तेल व्यापार पर अमेरिका ने सख्ती दिखाई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग की ओर से साझा जानकारी के अनुसार अमेरिका ने ईरान के बड़े ऑयल नेटवर्क पर कई बैन लगाए हैं। हालांकि, अमेरिकी प्रतिबंध की जद में भारतीय कंपनी और कारोबारी भी आए हैं।


विभाग के अनुसार बैन की गई कंपनियों की लिस्ट में एक भारतीय फर्म भी शामिल है। दरअसल, अमेरिका तेहरान की ऑयल लॉबी के खिलाफ अपना कैंपेन तेज कर रहा है। ये कार्रवाई उन लॉबी के खिलाफ हो रही है, जिनसे ईरानी मिलिट्री को पैसे मिल रहे हैं। ट्रेजरी सेक्रेटरी स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि आज की कार्रवाई ईरानी सरकार के न्यूक्लियर हथियार बनाने और टेररिस्ट प्रॉक्सी को सपोर्ट करने के लिए फंडिंग रोकने के ट्रेजरी के कैंपेन को जारी रखती है। अमेरिकी विभाग की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'आज अमेरिकी डिपार्टमेंट ऑफ द ट्रेजरी का ऑफिस ऑफ फॉरेन एसेट्स कंट्रोल (एएफएसी) उन फ्रंट कंपनियों और शिपिंग फैसिलिटेटर्स के एक नेटवर्क पर रोक लगा रहा है, जो क्रूड ऑयल बेचकर ईरानी आर्म्ड फोर्सेस को फंड देते हैं। इजरायल के साथ 12-दिन के युद्ध में हार के बाद, ईरान की मिलिट्री अपने सालाना बजट को सप्लीमेंट करने और अपनी कमजोर फोर्सेस को फिर से बनाने के लिए ईरानी क्रूड ऑयल की बिक्री पर ज्यादा निर्भर हो गई है।



### ईरान के नाभिकीय मुद्दे का शस्त्र बल व मुकाबले से हल नहीं हो सकता : ली सोंग

***बीजिंग।** अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) परिषद ने 20 नवंबर को ईरान के नाभिकीय मुद्दे पर प्रस्ताव पारित किया, जिसे अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने मिलकर आगे बढ़ाया था। आईएईए स्थित स्थाई चीनी प्रतिनिधि ली सोंग ने भाषण देते हुए चीन के रुख पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शस्त्र बल और मुकाबले से ईरान के नाभिकीय मुद्दे का हल नहीं हो सकता। इस मौके पर ली सोंग ने कहा कि इस साल जून में इजराइल और अमेरिका ने ईरान के परमाणु संस्थापन पर खुला हमला किया था, जिसकी गारंटी और निगरानी आईएईए करता है। इससे ईरान के नाभिकीय मुद्दे की स्थिति में बड़ा उलटफेर हुआ। अंतरराष्ट्रीय समुदाय और आईएईए को इस गलत कार्रवाई की कड़ी निंदा करनी होगी।*

## रूस-यूक्रेन सुलह के लिए ट्रंप ने दिया 28 सूत्रीय पीस प्लान



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच काफी लंबे समय से संघर्ष जारी है, जो खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में हमास और इजरायल के बीच शांति समझौता करा दिया। अब उनकी कोशिशें रूस और यूक्रेन के लिए शुरू हो गई हैं। ट्रंप ने रूस के साथ मिलकर यूक्रेन में युद्ध खत्म करने के लिए 28 प्वाइंट्स में ड्राफ्ट तैयार किया है। गाजा के लिए ट्रंप ने 20 सूत्रीय प्लान तैयार किया था। वहीं, यूक्रेन के लिए 28 सूत्रीय पीस प्लान तैयार किया गया है। ट्रंप के इस 28 सूत्रीय पीस प्लान पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की प्रतिक्रिया भी आ गई है। एक तरफ यूक्रेन के अधिकारियों ने ट्रंप के इस ड्राफ्ट को बेतुका, अस्वीकार्य और अपनी संप्रभुता पर सीधा हमला बताया है। वहीं, जेलेंस्की ने भी कहा कि वह रूस के साथ जंग खत्म करने के लिए अमेरिका के 'विजन' पर उनके साथ काम करने को तैयार हैं। प्लान के अनुसार कीव पूर्वी यूक्रेन के डोनेट्स्क इलाके के उन बड़े इलाकों को छोड़ देगा, जिन पर अभी भी उसका कंट्रोल है।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शनिवार 22 नवम्बर , 2025 अगहन शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा।

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## अफगान शरणार्थियों के वापस लौटने से तालिबानी सरकार पर बढ़ रहा दबाव

### भारत से आर्थिक संबंध मजबूत करने पर जोर

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बीते कुछ दिनों में पाकिस्तान और ईरान से भारी संख्या में अफगानिस्तानी शरणार्थियों के जबरदस्ती निकाले जाने की घटना सामने आई है। लाखों की संख्या में लोग अफगानिस्तान लौट रहे हैं, जिसकी वजह से अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार के अधिकारियों पर दबाव बढ़ रहा है। तालिबानी सरकार अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बीच वैश्विक समर्थन की तलाश में है। काबुल की ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार लगभग 10 महीनों में 1.5 मिलियन से ज्यादा लोग वापस लौट चुके हैं। यह अफगानिस्तान की सरकार के लिए इस वक्त दबाव का बड़ा कारण बना हुआ है। इस बीच इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्टर नूरुद्दीन अजीजी भारत में मौजूद हैं। उन्हें भारत के साथ बेहतर इकोनॉमिक कोऑपरेशन और कोऑर्डिनेशन की उम्मीद है।

**10 महीनों में 1.5 मिलियन से ज्यादा लोग लौट चुके**



अफगानिस्तान के टोलो न्यूज ने बताया, 'भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि भारत अफगान लोगों की तरक्की और खुशहाली का समर्थन करता है। टोलो न्यूज ने अफगानिस्तान के इंडस्ट्री और कॉमर्स मिनिस्ट्री के स्पोक्सपर्सन अखुंदजादा अब्दुल सलाम जवाद के हवाले से कहा, 'मीटिंग में दोनों देशों के बीच कमर्शियल अटैचमेंट शुरू करने, अफगान प्राइवेट सेक्टर मेंबर्स के लिए वीजा की सुविधा, पहले से बने जॉइंट वर्किंग ग्रुप को फिर से एक्टिवेट करने, जॉइंट चैंबर ऑफ कॉमर्स बनाने और चाबहार पोर्ट से जुड़े मामलों को सुलझाने पर भी बात हुई।'

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि बातचीत में इकोनॉमिक कोआर्डिनेशन को बेहतर बनाने और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए ट्रेड अटैचमेंट बनाने के प्लान भी शामिल थे।

## पाकिस्तान में गैस लीक होने से फैक्ट्री में धमाका



**इस्लामाबाद,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के फैसलाबाद में मलिकपुर इलाके के पास एक फैक्ट्री में बड़ा गैस धमाका हुआ है। स्थानीय मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हुए इस धमाके में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने शुरुआती जानकारी में रेस्क्यू अधिकारियों के हवाले से बताया कि शुक्रवार सुबह फैक्ट्री का बॉयलर फटने के बाद एक बिल्डिंग और आसपास का ढांचा गिर गया। रेस्क्यू टीम ने बताया कि धमाका गैस लीक होने की वजह से हुआ था। फैसलाबाद कमिश्नर ऑफिस की तरफ से भी धमाके को लेकर एक बयान जारी किया गया। बयान के अनुसार फैक्ट्री में कोई बॉयलर नहीं था और मलिकपुर इलाके में चार फैक्ट्रियां चालू थीं। गैस लीक होने की वजह से एक फैक्ट्री में आग लग गई।

**आसपास की कई बिल्डिंग जमीदोंज, 15 की मौत**

## नेपाल में फिर सड़कों पर उतरा जेनरेशन जेड

### हिंसा भड़कने के बाद इलाके में कर्फ्यू लागू

**काठमांडू,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। नेपाल में एक बार फिर से जेनरेशन जेड सड़कों पर उतर आया है। नेपाली मीडिया की ओर से साझा जानकारी के अनुसार सिमारा में भारी हंगामा देखने को मिला। जेनरेशन जेड युवाओं और अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल के कार्यकर्ताओं में हिंसक झड़प देखने को मिली, जिसके बाद कर्फ्यू लगा दिया गया।



दरअसल, सीपीएन-यूएमएल से जुड़े यूथ एसोसिएशन ने सेंट्रल लीडर्स के लिए बारा परवानीपुर में अवेयरनेस कैंपेन में हिस्सा लेने का एक प्रोग्राम प्लान किया था। सीपीएन-यूएमएल के नेता शंकर पोखरेल और महेश बसनेत समेत अन्य इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। नेपाली मीडिया के अनुसार जेन जेड युवा शांति से विरोध प्रदर्शन करने के लिए इकट्ठा हुए थे।

## यूएनजीए प्रेसिडेंट ने की सुरक्षा परिषद में सुधार की मांग : बेयरबॉक

**संयुक्त राष्ट्र,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की अध्यक्ष एनालेना बेयरबॉक ने सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनकी प्रवक्ता ला नीस कॉलिन्स के अनुसार, बेयरबॉक का लक्ष्य परिषद की पुरानी संरचना को ठीक करना है, जिसे वह 'ऐतिहासिक रूप से अन्यायपूर्ण' मानती हैं।

कॉलिन्स ने बताया कि अध्यक्ष का मानना है कि सुरक्षा परिषद में सुधार पर खुलकर चर्चा और विचार-विमर्श होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेयरबॉक कई बार यह बात कह चुकी हैं, जैसे कि उदाहरण के लिए अफ्रीका महाद्वीप के किसी भी देश का सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य न होना एक ऐतिहासिक अन्याय है और यह परिषद आज की दुनिया का सही प्रतिनिधित्व नहीं करती। महासभा की अध्यक्ष के रूप में, बेयरबॉक ने किसी विशेष सुधार योजना का समर्थन नहीं किया है, लेकिन वे यह स्पष्ट कर चुकी हैं कि यह संस्था 80 वर्ष पहले एक बिल्कुल अलग समय में बनी थी और अब इसे 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार बदलना आवश्यक है। बेयरबॉक जर्मनी की पूर्व विदेश मंत्री रही हैं और उस समय भी वे सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाने, तथा भारत और जर्मनी को स्थायी सीट देने की पक्षधर थीं।



**यह संस्था 80 वर्ष पहले बनी थी और अब इसे 21वीं सदी की जरूरतों के अनुसार बदलना आवश्यक है : एनालेना बेयरबॉक**

## आज का इतिहास

1707- प्रिंस जोहान विलेम फ्रिसो ने फ्रिसलैंड के वायसराय के रूप में शपथ ली।
1774- रॉबर्ट क्लाइव की मौत। वह ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा भारत में नियुक्त होने वाला प्रथम गवर्नर था।
1808- दुनिया की मशहूर ट्रैवल कंपनी 'थॉमस कुक एंड संस' के संस्थापक थॉमस कुक का जन्म।
1830- झलकारी बाई का जन्म। वह रानी लक्ष्मीबाई की सेना की मुख्य सदस्य थी।
1920- 'हकीम अजमल ख़ान जामिया' के पहले चांसलर बने।
1830- चार्ल्स ग्रे यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री बने।
1963- अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।
1864 - भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म।
1968- मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
1986- ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।
1986- माइक टायसन ने लास वेगास में ट्रेवर बारबिक को हराकर अपना पहला मुक्केबाजी खिताब जीता।
1992- असम में बोडो उग्रवादियों द्वारा एक बस पर किये गए बम विस्फोट में 27 लोग मारे गये।
1997- डायना हेडन विश्व सुंदरी बनीं।
2000- पाकिस्तान और ईरान पर अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया।
2005- एंजेला मर्केल जर्मनी की पहली महिला चांसलर बनीं।
2008- हिन्दी के प्रख्यात कवि कुंवर नारायण को वर्ष 2005 के ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु चुना गया।
2016- विवेकी राय का निधन। वह हिन्दी और भोजपुरी भाषा के प्रसिद्ध साहित्यकार थे।

**मामला** *अवामी लीग ने अंतरिम सरकार पर नेताओं की हत्या कराने का लगाया आरोप, कहा*

## यूनुस सरकार के एजेंट के तौर पर काम कर रहे जेल अधिकारी

**ढाका, 21 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश की अवामी लीग पार्टी ने मुहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार पर जेल में बंद नेताओं और कार्यकर्ताओं की हत्या कराने का आरोप लगाया है। पार्टी का कहना है कि यूनुस की सरकार में जेल के अंदर अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुनियोजित तरीके से हत्या कराने का मिशन चला रही है। यूनुस सरकार की आलोचना करते हुए पार्टी ने आरोप लगाया कि यूनुस के निर्देशों और जेल अधिकारियों की मिलीभगत से एक के बाद एक हत्याएं हो रही हैं। अवामी लीग की ओर से इस मामले में एक बयान जारी किया गया है। पार्टी ने अपने बयान में कहा, 'हालांकि पीड़ित अलग-अलग हैं, लेकिन वही दुखद नाटक दोहराने के लिए एक ही स्क्रिप्ट का इस्तेमाल किया जा रहा है।**

लगभग 100 नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस सरकारी तरीके से मारा गया है। कैबिनेट और केंद्रीय नेताओं के सदस्यों से लेकर वार्ड-लेवल के नेताओं तक, किसी को भी नहीं बख्शा जा रहा है। जब कोई पहचाना हुआ सरकार-विरोधी आतंकवादी समूह राज्य को आतंक की फैक्ट्री में बदल देता है, तो हर सेक्टर में जल्लाद जैसी एजेंसियां उभरने लगती हैं।

बयान में कहा गया, 'जेल अधिकारी मौत के एजेंट के तौर पर सिस्टमैटिक तरीके से काम करते दिख रहे हैं। ऐसा लगता है कि उनका मुख्य काम अवामी लीग के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ-साथ दूसरी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं और सभी सेक्टर के प्रोग्रेसिव लोगों को धीरे-धीरे मौत की ओर धकेलना है।'



**■ अवामी लीग ने कैदियों के खाने में धीरे-धीरे असर करने वाला जहर मिलाने का लगाया आरोप**

अवामी लीग ने आरोप लगाया कि कैदियों के खाने में धीरे-धीरे असर करने वाला जहर मिलाया जा रहा है, जिससे उनके शरीर में कई तरह के रिएक्शन हो रहे हैं। कई लोग जेलों के अंदर मर रहे हैं, सुनियोजित हत्याओं का शिकार हो रहे हैं। पार्टी के मुताबिक जो लोग बेल पर रिहा हो रहे हैं, उन्हें कई तरह के नकारात्मक शारीरिक लक्षण महसूस हो रहे हैं, और मेडिकल इलाज करवाने पर, उन्हें स्लो पॉइजनिंग के सबूत मिल रहे हैं। कई लोगों ने सबूत के साथ पब्लिक में यह बात बताई है।

पार्टी ने कहा, 'जेलों के अंदर, गैर-कानूनी तरीके से कब्जा करने वाली सरकार एक तरफ स्लो पॉइजनिंग दे रही है, और दूसरी तरफ, कॉम्प्लिकेशंस होने पर कैदियों को मेडिकल इलाज देने से मना कर रही है।'

अवामी लीग ने 'गैर-कानूनी कब्जा करने वाले हत्यारे-फासीवादी यूनुस गुट द्वारा जेलों के अंदर किए गए प्लान्ड मर्डर मिशन' की निंदा की। इसके साथ ही पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए संयुक्त राष्ट्र और दूसरे इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के तहत इंटरनेशनल लेवल के फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स वाला एक इंडिपेंडेंट कमीशन बनाने की मांग की है।

## सुडोकू 7100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7100

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दाये:-**
१.वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि , अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

### वर्ग पहेली-7099

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

यूसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### ब्लड कैंसर के इलाज में गेम चेंजर साबित होगी ऑस्ट्रेलिया की खोज

**मेलबर्न,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्लड कैंसर के इलाज की एक नई उम्मीद जगी है। ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने कैंसर सेल्स को मारने के लिए एक नया उपाय ढूंढ़ा। सिन्हुआ के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया में रिसर्चर्स ने एक्यूट माइलॉयड ल्यूकेमिया (एएमएल) में कैंसर सेल्स को मारने का एक नया तरीका खोज निकाला। यह ब्लड कैंसर के सबसे खतरनाक और मुश्किल इलाज में से एक है।

ऑस्ट्रेलियाई रिसर्चरों की टीम ने पाया कि एएमएल सेल्स, खासकर स्टेम सेल्स जो रिलैप्स को बढ़ावा देते हैं, जिंदा रहने और बढ़ते रहने के लिए हीम नाम के एक आम मॉलिक्यूल पर निर्भर रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के पीटर मैककैलम कैंसर सेंटर ने इस संबंध में एक बयान भी जारी किया। बयान के मुताबिक, जब यह प्रोसेस ब्लॉक हो जाता है, तो कैंसर सेल्स एक नए पहचाने गए सेल डेथ के तरीके से मर जाते हैं, जिसे कप्रोप्टोसिस कहते हैं। रिसर्चर अलेक्जेंडर लुईस ने कहा, 'एएमएल सेल्स को हीम बनाने से रोककर, हम कप्रोप्टोसिस को चालू कर सकते हैं। यह सेल डेथ का एक अनोखा तरीका है, और कैंसर रिलैप्स के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार सेल्स को असरदार तरीके से मार सकते हैं।

# प्रादेशिकी

## घुसपैठियों के सबसे बड़े हिमायती बने विपक्षी नेता : अनिल विज

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव जैसे नेता घुसपैठियों के हिमायती बन चुके हैं। श्री विज ने आरोप लगाया कि ये नेता घुसपैठियों के राशन कार्ड और वोट बनवाने की वकालत कर रहे हैं, जो देशहित के खिलाफ है। कांग्रेस की दिल्ली बैठक में श्री गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दों पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विज ने कहा कि हार के बाद कांग्रेस नेता बहाने ढूंढते हैं, जैसे कोई बच्चा परीक्षा में फेल होने पर बहाने बनाता है। बिहार चुनाव में धांधली के विपक्षी आरोपों पर उन्होंने कहा कि जब तक पोलिंग एजेंट लिखित शिकायत नहीं देते, केवल बयानबाजी से धांधली सिद्ध नहीं होती। इसे उन्होंने महज माहौल बनाने की असफल कोशिश बताया।

# धामी ने उत्तराखंड की धार्मिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए

## देवभूमि उत्तराखण्ड सदियों से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए विख्यात

■ तीर्थ यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू की



■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड, जिसे देवभूमि के नाम से भी जाना जाता है, सदियों से अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए विख्यात है। इस राज्य का कण-कण अध्यात्म और आस्था में रचा-बसा है। केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री जैसे चारधाम मंदिरों का यह पवित्र क्षेत्र न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे भारत के लिए आध्यात्मिक केंद्र है। इस राज्य का नेतृत्व करना मात्र राजनीतिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प भी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस चुनौती को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ स्वीकार किया है। उन्होंने उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उसे और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

उत्तराखंड में 2013 की आपदा के बाद चारधाम यात्रा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई थी। केदारनाथ में आई भीषण बाढ़ ने लाखों श्रद्धालुओं की आस्था को झकझोर दिया था। ऐसे समय में पुनर्निर्माण और यात्रा व्यवस्था को सुव्यवस्थित करना एक बड़ी चुनौती थी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस दिशा में साहसिक कदम उठाते हुए पुनर्निर्माण कार्यों को तीव्र गति से आगे बढ़ाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चारधाम क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विकास को प्राथमिकता दी। सड़कों का चौड़ीकरण, पुलों का निर्माण और तीर्थयात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की स्थापना ने चारधाम यात्रा को न केवल सुरक्षित बनाया बल्कि श्रद्धालुओं के लिए सहज भी कर दिया।

चारधाम यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए धामी सरकार ने कड़े प्रबंधन उपाय किए। तीर्थ यात्रियों की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए ई-पंजीकरण व्यवस्था लागू की गई। हेलीकॉप्टर सेवाओं को बेहतर बनाया गया और मार्गों पर आपातकालीन चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया गया। यात्रा मार्गों को सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ तीर्थ स्थलों पर आधुनिक शौचालय और विश्राम स्थलों का निर्माण किया गया। इन सभी उपायों ने चारधाम यात्रा को न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी सफल बनाया। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड की धार्मिक पहचान को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। राज्य के धार्मिक स्थलों के पुनर्विकास के लिए विशेष बजट का प्रावधान किया गया। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर यात्रियों को राहत पहुंचाई गई। सरकार ने धार्मिक आयोजनों और त्योहारों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। महाकुंभ के दौरान व्यवस्थाओं का प्रबंधन और कोरोना महामारी के बावजूद सुरक्षित आयोजन मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व का प्रमाण है। पुष्कर सिंह धामी ने सनातन धर्म के संरक्षण और संवर्धन के प्रति अपनी गहरी निष्ठा का प्रदर्शन किया है। धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों में उनकी सक्रिय भागीदारी ने स्पष्ट कर दिया कि वे केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि धर्म और संस्कृति के रक्षक भी हैं। राज्य के सभी प्रमुख धार्मिक आयोजनों में उनकी उपस्थिति ने जनमानस में एक सकारात्मक संदेश भेजा। धामी ने विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ संवाद बनाए रखा और उनके साथ मिलकर धर्म रक्षण और धार्मिक स्थलों के पुनरुद्धार के कार्यों को बल दिया। धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना धामी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक रहा है।

# प्रदेश में आपातकाल जैसी परिस्थितियां उत्पन्न: भारद्वाज

**शिमला,** 21 नवम्बर (देशबन्धु) भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि राज्य में सरकार का रवैया पूर्णतः तानाशाही रूप ले चुका है। प्रदेश में आपातकाल जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न कर दी गई हैं, जहाँ निर्णय केवल मुख्यमंत्री और उनके निकट सहयोगियों की एकतरफा सोच के आधार पर लिए जा रहे हैं। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए घातक है।



भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और पंचायतीराज चुनावों को समय पर करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी : संदीपनी भारद्वाज

उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनावों का समय पर आयोजन लोकतंत्र की मूल भावना है, लेकिन प्रदेश सरकार जानबूझकर चुनावों को टालने का प्रयास कर रही है, जबकि चुनाव आयोग स्पष्ट रूप से चाहता है कि चुनाव समय पर करवाए जाएँ।

ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार ने अधिकारियों को चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत होने से रोका, ताकि आयोग को आवश्यक जानकारी न मिल पाए। जब चुनाव आयोग ने मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के क्लॉज 12.1 का हवाला दिया, तब सरकार के वरिष्ठ अधिकारी अचानक आयोग के कार्यालय पहुँच गए, जो सरकार की मंशा पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

भारद्वाज ने कहा कि यह पूरा घटनाक्रम साफ दर्शाता है कि प्रदेश में संवैधानिक संकट जैसी स्थिति पैदा हो गई है। निर्णय एक व्यक्ति की मनमानी पर आधारित हैं, जो प्रदेश हित में नहीं है। कई बार विभागों और चुनाव आयोग के बीच हुई आधिकारिक पत्राचार भी सार्वजनिक हुआ है, जिससे स्पष्ट होता है कि सरकारी अधिकारी पंचायतीराज चुनाव रोकने की दिशा में प्रयासरत हैं, जबकि चुनाव आयोग तटस्थ रूप से चुनाव करवाने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि पंचायतें प्रदेश की प्रगति और विकास की नींव होती हैं। यदि सरकार अपनी राजनीतिक मंशा के चलते पंचायतीराज चुनावों को टालना चाहती है, तो यह लोकतंत्र का अपमान है। जनता का वोट देने का अधिकार सर्वोपरि है। पंचायत सीमांकन को लेकर भी अनेक विवाद सामने आए हैं, जो सरकार और स्थानीय नेतृत्व के बीच समन्वय की कमी को उजागर करते हैं।

आज चुनाव आयोग के अध्यक्ष ने हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल से मुलाकात कर चुनावी परिस्थितियों और मंत्रियों व मुख्यमंत्री के व्यवहार के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त की। इससे स्पष्ट होता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार नकारात्मक सोच और गैर-लोकतांत्रिक रवैये के साथ काम कर रही है। सांदीपनि भारद्वाज ने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और पंचायतीराज चुनावों को समय पर करवाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

**सार संक्षेप**

### विजीलेंस ब्यूरो द्वारा रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथों काबू

**चंडीगढ़।** पंजाब सतर्कता विभाग ने शुक्रवार को सर्कल गोलवर्ड, गाँव बाला चक्क, ज़िला तरनतारन में तैनात पटवारी सरबजीत सिंह को 25 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। विजीलेंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता अपनी ज़मीन बेचना चाहता था और इसके लिए उसने अपनी ज़मीन के इंतकाल (फर्द) की प्रति प्राप्त की। तब उसे पता लगा कि यह ज़मीन उसके नाम पर नहीं, बल्कि किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर दर्ज है। उन्होने बताया कि शिकायतकर्ता इंतकाल को सही करवाने के लिए सर्कल पटवारी सरबजीत सिंह से मिला। पटवारी ने शिकायतकर्ता के इंतकाल के रिकॉर्ड को सुधारने के बदले एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की। बाद में सौदा 30,000 रुपये में तय हुआ। इस संबंध में, दोषी पटवारी ने मौके पर ही पहली किस्त के रूप में 5,000 रुपये ले लिए। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई जानकारी पर कार्रवाई करते हुए विजीलेंस ब्यूरो की टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में सरबजीत सिंह को दूसरी किस्त के रूप में 25,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

### सिरमौर में दो गौशाला में आग लगने से 60 मवेशियों की मौत

**नाहन (हिमाचल)।** हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के एक गांव में शुक्रवार दोपहर आग लगने से दो गौशालाएं जलकर राख हो गईं और 60 मवेशियों की मौत हो गई। यह हिमाचल प्रदेश में हाल ही में पशुओं से जुड़ी आग की सबसे दुखद घटनाओं में से एक है। प्रशासन ने प्रभावित परिवार को तुरंत राहत पहुंचाई है। आग श्री लायक राम और उनके बेटे सामी के घर के पास बनी गौशाला में लगी थी। लकड़ी और मेटल शीट से बनी इमारतें तेजी से आग की लपटों में घिर गईं, जिससे बचाव का समय ही नहीं मिला। सिरमौर जिले के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के खाड़ी गांव में जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक 35 बकरियां, 20 भेड़ और 5 मेमने जलकर मर चुके थे। दो जर्सी गायें बुरी तरह जल गईं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### प्रदूषित हवा और ठंडी रातों से हिमाचल में हालात खराब

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में हवा की गुणवत्ता खराब होने और रात के तापमान में गिरावट की वजह से आम लोगों के लिए हालात दिनोंदिन खराब होते जा रहे हैं। मौसम सूखा रहने और दिन में धूप निकलने के साथ सूरज डूबने के बाद तापमान में बहुत अधिक गिरावट दूसरी बड़ी चुनौती बन रही है।

# गुरु तेग बहादुर की याद में लगाए जा रहे ब्लड कैंप: नायब सिंह सैनी

**कुरुक्षेत्र,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंचे, जहां उन्होंने गुरु तेग बहादुर को याद करते हुए कहा कि पूरे हरियाणा में कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। साथ ही ब्लड कैंप भी लगाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'शहीदी दिवस के मौके पर हमने प्रधानमंत्री गुरु तेग बहादुर जी को याद किया, जिन्होंने समाज और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। धर्म के लिए ऐसा महान बलिदान दुनिया में बेमिसाल है। गुरु तेग बहादुर जी के परिवार ने धर्म की रक्षा के लिए बहुत बड़ा बलिदान दिया, जिसे अक्सर 'भारत का पवित्र आवरण' कहा जाता है।' उन्होंने कहा कि इस महान गुरु को याद करने और उनके



■ स्कूलों में भी विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है

ऐतिहासिक योगदान के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए कई जगहों पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में भी विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है और विजेता विद्यार्थियों को इनाम भी दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर की याद में ब्लड कैंप का आयोजन किया जा रहा है। अभी तक 350 स्थानों पर 350 लोगों ने ब्लड देकर ऐतिहासिक काम किया है। इसके साथ ही गुरु तेग बहादुर की याद में मैराथन का भी आयोजन हुआ और उनकी जीवनी पर स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। उन्होंने कहा स्कूली बच्चों ने पंजाबी, हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा में एक प्रजेंटेशन दिखाया था, जिसमें गुरु तेग बहादुर की जीवनी को बताया गया था। इसके लिए हम लोगों ने बच्चों को एक लाइन का विषय दिया था। जिन बच्चों ने अच्छा किया, उनको इनाम भी दिया गया है जिससे बच्चों को प्रोत्साहित किया जा सके और वह इससे भी अच्छा कर सकें। नायब सिंह सैनी ने कहा कि इसके साथ ही प्रदेश के चार स्थानों से हमारी यात्रा चली है। इसके माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## बांग्लादेशी सहित उसे फर्जी पहचान उपलब्ध कराने वाली महिला गिरफ्तार

**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दून पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बांग्लादेशी नागरिक और उसे फर्जी पहचान उपलब्ध कराने वाली त्यूणी निवासी महिला को गिरफ्तार किया है। दोनों लंबे समय से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर देहरादून में रह रहे थे। थाना नेहरू कॉलोनी और एलआईयू को सूचना मिली थी कि एक युवक अवैध रूप से भारत में प्रवेश कर महिला के साथ नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में रह रहा है। पकड़े गए युवक ने अपना असली नाम ममून हसन, निवासी मेहरपुर (बांग्लादेश) बताया, जबकि महिला ने स्वयं को रीना चौहान, निवासी त्यूणी बताया।पूछताछ में पता चला कि दोनों की पहचान फेसबुक के माध्यम से हुई थी। ममून 2019 से 2021 के बीच तीन बार टूरिस्ट वीजा पर भारत आया और रीना से मिला। वर्ष 2022 में वह रीना को अवैध रूप से सीमा पार कराकर बांग्लादेश ले गया, जहां दोनों ने निकाह किया।

## जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने को लेकर कांग्रेसियों ने किया वन मुख्यालय का घेराव



**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के विभिन्न क्षेत्रों में जंगली जानवरों के बढ़ते हमलों की रोकथाम को कांग्रेस ने हल्ला बोला है। इसी कड़ी में आज आक्रोशित कांग्रेसजनों ने राजपुर रोड स्थित वन मुख्यालय का घेराव किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल की अगुवाई में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जैसे ही दिलाराम चौक से वन भवन के लिए मार्च किया तभी वहां मौजूद पुलिस ने वन भवन के गेट को बंद करके कांग्रेसियों को अंदर जाने से रोक दिया। इस दौरान गेट खोले जाने को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई। जिसके बाद कांग्रेसी

■ पीसीसीएफ वाइल्डलाइफ आरके मिश्रा को ज्ञापन सौंपा

जबरन गेट खोलकर वन भवन परिसर में घुस गए। सभी ने सरकार व वन विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। गणेश गोदियाल ने पहाड़ों में लोगों को भालू गुलदार जैसे जानवरों के हमले से बचाने के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा की मांग की। उन्होंने प्लास्टिक की गन लहराकर वन विभाग के अधिकारियों को चेताया कि वन विभाग अतिशीघ्र लोगों को जंगली जानवरों से निजात दिलाये, अन्यथा प्रभावित ग्रामीण आबादी में घुस रहे खूंखार जंगली जानवरों के खिलाफ बंदूक उठाने से भी पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा राज्य के विभिन्न पर्वतीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हाल ही के दिनों में जंगली जानवरों, विशेष कर भालू एवं बाघ के हमले की घटनाएं तेजी से वृद्धि हुई है। इन घटनाओं के कारण आम नागरिकों के साथ-साथ पशुपालकों और जंगलों में लकड़ी, चारा पत्ती आदि के लिए जाने वाले स्थानीय निवासियों विशेषकर महिलाओं में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## गुरु तेग बहादुर सिंह का 350वां बलिदान दिवस - कुरुक्षेत्र में आयोजित होगा प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम



**भिवानी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया है कि गुरु तेग बहादुर सिंह के 350 वें बलिदान दिवस पर कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य अतिथि होंगे। गुरु तेग बहादुर सिंह का बलिदान दिवस मानव जाति के लिए प्रेरणा का स्रोत है। डीसी साहिल गुप्ता शुक्रवार को अपने कार्यालय में जिलाभर के गुरुद्वारा प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में अपना संदेश दे रहे थे। बैठक में भिवानी शहर के अलावा बवानीखेड़ा, बलियाली, चांग,

■ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे मुख्य अतिथि

जमालपुर, सिपर, रतेरा आदि गांवों में स्थित गुरुद्वारों से प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष विरेंद्र कौशिक, नगराधीश अनिल कुमार, सिवानी एसडीएम विजया मलिक, जीएम रोडवेज दीपक कुंडू, प्रेम रहेजा, ज्ञान सिंह, धर्मबीर बतरा, लक्ष्मण सिंह, रमन सिह, सुरेश कुमार, प्रेम सिंह, चेतन प्रकाश, अश्विनी और इंद्र आदि विभिन्न गुरुद्वारा प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## चमारखेड़ा विद्यालय में कृष्णा धायल छात्रवृत्ति वितरित

**चमारखेड़ा (हिसार),** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। शहीद कैप्टन अनिल धायल गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चमारखेड़ा में शुक्रवार को कृष्णा धायल की स्मृति में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई।





यह छात्रवृत्ति रामस्वरूप धायल द्वारा 2018- 19 से हर वर्ष दसवीं और बारहवीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को दी जाती है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार गोदारा (गोल्ड मेडलिस्ट एशियन गेम्स, 1990) व विशिष्ट अतिथि सरपंच कांता देवी थे। इस अवसर पर अभिषेक धायल व जयप्रकाश पांडे ने पूनम, दीपांशु, कामना, सारिका, साधना, हरप्रीत सिंह, रजत, आरजू, ममता, काफी, पूजा व दिव्या को पुरस्कृत किया। जिला स्तर पर प्रथम आने वाली विद्यालय की युवा संसद प्रतियोगिता की टीम और उनके परामर्शदाताओं को भी सम्मानित किया गया। विद्यालय प्राचार्य डॉ मनोज छाबड़ा ने सभी का धन्यवाद किया।

## बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू

**चमोली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। बदरीनाथ मंदिर के कपाट बंद होने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सुबह बद्रीनाथ भगवान के अभिषेक के साथ गणेश मंदिर में भी विशेष पूजाएं शुरू हुई। इसके बाद विधि-विधान से मंदिर के कपाट बंद कर लिए जाएंगे। 22 को आदिकेदारेश्वर मंदिर के कपाट बंद होंगे। 23 को बदरीनाथ मंदिर के सभा मंडप में धार्मिक पुस्तक पूजन व वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जाएगा। 24 को धाम परिसर में माता लक्ष्मी को कढ़ाई भोग अर्पित किया जाएगा। लक्ष्मी मंदिर में विशेष पूजाएं भी होंगी। 25 नवंबर को दोपहर दो बजकर 56 मिनट पर विधि-विधान के साथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ धाम में कपाट बंद करने से पहले होने वाली पंच पूजाओं का विशेष धार्मिक महत्व है। लोक मान्यता के अनुसार पंच पूजाओं के दौरान धाम में देवताओं का आगमन शुरू हो जाता है और कपाट बंद होने के बाद छह माह तक बदरीविशाल की पूजा-अर्चना का अधिकार देवताओं का होता है। बदरीनाथ धाम में कपाट बंद होने से पांच दिन पहले पंच पूजाएं शुरू हो जाती हैं। विभिन्न मंदिरों में इस सीजन की अंतिम पूजाएं करने के बाद उन मंदिरों के कपाट बंद कर दिए जाते हैं। इसे ही पंच पूजाएं कहा जाता है। बदरीनाथ की पंच पूजाएं अनूठी होती हैं। मंदिर में पंच पूजाओं की शुरुआत गणेश मंदिर से होती है। सभी मंदिरों में अंतिम दिन पूजा-अर्चना रावल की ओर से की जाती है। विभिन्न पूजाएं करने के बाद गणेश मंदिर के कपाट बंद कर दिए जाते हैं।दूसरे दिन आदिकेदारेश्वर मंदिर में अन्नकूट का आयोजन होता है।

# मैक्स अस्पताल ने नवजात शिशुओं की सेहत और सुरक्षा पर बढ़ाई जागरूकता

**देहरादून,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। हर साल 15-21 नवंबर तक न्यू-बॉर्न केयर अवेयरनेस वीक मनाया जाता है। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, सुरक्षित, जानकारी वाली और समय पर नवजात शिशु की देखभाल के तरीकों की अहमियत पर ज़ोर देता है। एक हफ़्ते तक चलने वाली इस पहल का मकसद माता-पिता, देखभाल करने वालों और समुदाय को ज़रूरी जानकारी देना है ताकि जीवन के पहले 28 दिनों के दौरान होने वाली ऐसी दिक्कतों को कम किया जा सके जिन्हें रोका जा सकता है। इसे बच्चे के विकास का सबसे नाजुक और ज़रूरी दौर माना जाता है। शुरुआती दिनों में सावधानी से देखभाल की ज़रूरत पर ज़ोर देते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, में पीडियाट्रिक्स के प्रिंसिपल कंसल्टेंट - डॉ. रोहित श्रीवास्तव, ने कहा, 'नवजात शिशु के



जन्म का समय बहुत नाजुक होता है, और सही समय पर सही देखभाल बच्चे की सेहत पर गहरा असर डालती है। जन्म के तुरंत बाद और केवल मां का दूध पिलाना, साफ-सफाई का ध्यान रखना, बच्चे को गर्म रखना और समय पर टीके लगवाना दू ये सभी साधारण लगने वाली बातें हैं, लेकिन संक्रमण से बचाने और स्वस्थ विकास में बहुत मदद करती हैं।' डॉ. श्रीवास्तव, ने आगे कहा, 'माता-पिता को शुरुआती चेतावनी के संकेतों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि ठीक से खाना न खाना, सांस लेने में दिक्कत, बुखार, या अजीब तरह से नींद आना। ऐसे मामलों में तुरंत मेडिकल मदद जान बचा सकती है।

नवजात शिशु के जन्म का समय बहुत नाजुक होता है, और सही समय पर सही देखभाल बच्चे की सेहत पर गहरा असर डालती है : डॉ. रोहित श्रीवास्तव

बच्चों की रेगुलर जांच और लगातार फॉलो-अप विज़िट नए जन्मे बच्चे की सेहत को सुरक्षित रखने में ज़रूरी भूमिका निभाते हैं।' अवेयरनेस वीक के मौके पर, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून, परिवारों को नए जन्मे बच्चे की देखभाल के ज़रूरी पहलुओं पर गाइड करने के लिए एजुकेशनल वर्कशॉप, प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन और काउंसलिंग सेशन ऑर्गनाइज़ कर रहा है, जिसमें ब्रेस्टफीडिंग टेक्नीक, हाइजीन प्रैक्टिस, इम्यूनाइजेशन प्रोटोकॉल और सुरक्षित नींद की गाइडलाइन शामिल हैं।

# राज्य सरकार ने युवाओं के लिए ब्याज सब्सिडी शिक्षा ऋण योजना की शुरू

■ हिमकिरण मांटा

**शिमला,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की है। यह एक ब्याज सब्सिडी शिक्षा ऋण योजना है, जिसका उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के विद्यार्थियों को व्यावसायिक, तकनीकी और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी के कारण प्रदेश का कोई भी युवा अपनी पढ़ाई से वंचित न रहे। उच्च शिक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इस योजना के तहत पात्र छात्र हिमाचल प्रदेश में स्थित किसी भी अधिसूचित बैंक से केवल एक प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं। यह ऋण इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, पैरामेडिकल, फार्मेसी, नर्सिंग, लॉ आदि व्यावसायिक और तकनीकी पाठ्यक्रम के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स के लिए उपलब्ध है। इसके अलावा, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, पोस्ट-ग्रेजुएशन और पी.एच.डी. के लिए भी ऋण लिया जा सकता है, बशर्ते संस्थान एआईसीटीई, एनएमसी, एआइएमए, पीसीआई, आईएनसी, बीसीआई, यूजीसी, आदि मान्यता प्राप्त नियामक संस्थाओं द्वारा मान्य हो। प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना भारत और विदेश में पढ़ाई करने वाले छात्रों पर लागू होगी। यह नए प्रवेश लेने वाले छात्रों के साथ-साथ पहले से अध्ययनरत छात्रों के लिए भी उपलब्ध है। इस योजना के तहत छात्र 20 लाख रुपये तक का ऋण ले सकते हैं, जिसमें ट्यूशन फीस, छात्रावास, भोजन, किताबें और अन्य शैक्षणिक खर्च शामिल हैं। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। ऋण लेने के लिए अधिकतम आयु सीमा प्रवेश/पंजीकरण की तारीख तक 28 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के लिए शिमला के मॉल स्थित यूको बैंक को नोडल बैंक नियुक्त किया गया है। विस्तृत जानकारी विद्यार्थी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://education.hp.gov.in/ पर प्राप्त की जा सकती है।

### सुडोकू 7100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 4 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 |
| 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 8 | 9 | 7 | 4 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 8 | 4 | 1 | 2 | 9 | 5 | 6 | 3 | 7 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 1 | 2 |

# प्रादेशिकी

## भाजपा विधायक ने एकता मार्च पदयात्रा निकाली

**प्रयागराज,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को एकता मार्च पदयात्रा निकाली। सिद्धार्थ नाथ सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र शहर पश्चिमी के कर्बला चौराहे से राजरूपपुर तक एकता पदयात्रा निकाली। इस पदयात्रा में फूलपुर से भाजपा सांसद प्रवीण पटेल और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पार्टी के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल ने देश की आजादी के बाद 565 रियासतों का भारत में विलय किया था। उन्होंने एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार किया था।

# खाद्य प्रशिक्षण केंद्रों का बढ़ाया जाए दायरा

**लखनऊ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना में टार्गेट, ट्रेनिंग और टेक्नोलॉजी पर फोकस किया जाए। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना में गति बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में प्रत्येक जिले में काम से कम

**■ उप मुख्यमंत्री ने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश**

1000 यूनिट स्थापित कराई जाए। यूनिटों की स्थापना के लिए कैंप लगाकर लोगों को प्रेरित किया जाए। इसके रुहेलखंड, बुंदेलखंड व ब्रज क्षेत्र में विशेष रूप से फोकस किया जाए। हर कार्य में पारदर्शिता स्पष्ट रूप से झलकनी चाहिए। कार्य धरातल पर नजर आने चाहिए। खाद्य प्रसंस्करण के सभी अच्छे कार्यों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कराया जाए।

टीएचआर प्लांट की सभी यूनिटों को सोलर पावर से जुड़वाने की कार्यवाही व अविलम्ब पूरी की जाए, इसके लिए राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन त्वरित कार्यवाही करें। खाद्य प्रशिक्षण केंद्रों का दायरा बढ़ाया जाए, ट्रेडों की संख्या बढ़ाई जाए। खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति 2023 व पीएमएफएमई योजना में दी जा रही सुविधाओं का ग्राम पंचायत की दीवारों पर लेखन कराया जाए। उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति में 428



**खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना में टार्गेट, ट्रेनिंग व नकनीक पर हो फोकस : केशव प्रसाद मौर्य**

यूनिट स्थापित, 192 की सब्सिडी जारी, 58 में सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है। केशव प्रसाद मौर्य शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में खाद्य प्रसंस्करण विभाग के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अग्रणी स्थान पर है, सबसे अधिक खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग स्थापित हैं। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 75000 खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित हैं। 3.5 लाख इकाईया असंगठित क्षेत्र (एमएसएमई) की है। 2900 इकाई लगभग 100 करोड टर्न-ओवर वाली है। पीएम एफएमई योजना के अन्तर्गत इस वर्ष स्वीकृत प्रस्ताव सर्वाधिक हैं, जिनका स्ट्राइक रेट 98 प्रतिशत है जो कि प्रथम स्थान पर है।

पीएमएफएमई योजना के अन्तर्गत 21057 से अधिक इकाइयों को अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से 10.0 लाख से अधिक प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का सृजन किया गया है। बताया गया कि उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के संबं में अवगत कराया गया कि वर्ष 2023 से अद्यतन 1394 आवेदन आनलाईन प्राप्त हुए जिसमें से कतिपय कमियों एवं डुपलीकेट होने के कारण 966 आवेदन प्री अप्रेजल, अप्रेजल एवं एसएलईसी द्वारा निरस्त किए गए। अनुदान धनराशि प्रथम द्वितीय किश्त के रूप में वर्ष 2023 से अब तक कुल स्वीकृत धनराशि 600 करोड़ के सापेक्ष 192.33 करोड़ व्यय हुआ है। कुल 190 निवेशकों को अनुदान दिया गया। 65 इकाइयों को दोनों किश्त एवं 125 इकाइयों को प्रथम किश्त का भुगतान किया गया है।चालू वित्तीय वर्ष में कुल स्वीकृत बजट रु 300 करोड़ के सापेक्ष अद्यतन नवम्बर, 2025 तक धनराशि रू 61.16 करोड़ तक भुगतान किया गया है।

### महिलाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए : मौर्य

उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि खाद्य प्रसंस्करण कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप महिलाओं की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए, इसके लिए पृथक से कार्य योजना बनाते हुए कार्य क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाए। वित्तीय वर्ष 2017-18 से अद्यतन स्थापित इकाइयों की संख्या एवं यूनिट का विवरण उपलब्ध कराया जाए। फूड पार्क की स्थापना पर बल दिया जाए, प्रदेश में स्थापित मिनी फूड पार्क जो मेगा फूड पार्क में बदलाव हुआ है की सूची विस्तृत विवरण के साथ उपलब्ध कराई जाए। पीएमएफएमई योजना में प्रत्येक जनपद हेतु निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति वर्तमान वित्तीय वर्ष में सुनिश्चित कराया जाए।

# जगदीशपुर में 15 करोड़ रुपए से बनेंगे दो बड़े-बड़े पुल

■ स्वामीनाथ शुक्ल

**अमेठी,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। जगदीशपुर विधानसभा में 15 करोड़ रुपए की लागत से दो बड़े-बड़े पुल का निर्माण होगा। जिससे 40 गांव की करीब एक लाख आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। भाजपा विधायक सुरेश पासी के प्रस्ताव पर प्रमुख सचिव लोकनिर्माण विभाग के स्तर से दोनों लघु सेतू के निर्माण के लिए वित्तीय सहमति हो चुकी है। जिससे जगदीशपुर विधानसभा की जनता बेहद खुश हैं। लोकनिर्माण विभाग में निर्माण खंड के अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी दो लघु सेतु के निर्माण का प्रस्ताव भेजा था। विधायक के प्रस्ताव पर प्रमुख सचिव लोकनिर्माण विभाग के स्तर से वित्तीय सहमति हो चुकी है। पहला लघु सेतु जगदीशपुर और जामों को जोड़ने वाले गूंगेमऊ के पास कादूनाला नैया नाला पर है। यह लघु सेतु 729.66 लाख रुपए में बनेगा। जिससे गूंगेमऊ और गौरा गांव आपस में जुड़ेगा। दोनों गांवों के जुड़ने से 20 गांव की करीब 50 हजार आबादी को सीधे लाभ मिलेगा। गौरा में हनुमानगढ़ी मंदिर है। शनिवार को हजारों भक्तों का आना जाना आसान हो जाएगा। अधिशाषी अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि दूसरा लघु सेतु जगदीशपुर जामों में नौडाड से आदिलपुर गांव को जोड़ने के लिए 764.40 लाख रुपए से बनेगा। उन्होंने बताया कि इस पुल के निर्माण से 20 गांव की करीब 50 हजार आबादी को लाभ मिलेगा। रमेश चंद्र ने बताया कि दोनों लघु सेतु का आरसीसी निर्माण होगा। विधायक सुरेश पासी जगदीशपुर की तस्वीर बदलने में जुटे हैं। सड़कों का जाल बिछ चुका है। इस विधानसभा में अब जर्जर सड़कें नहीं है। जगदीशपुर के विकास पर विधायक की पैनी नजर है।



**■ एक लाख से ज्यादा की आबादी के चेहरे खिले**

## सार संक्षेप

### प्रभारी मंत्री ने की विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की व्यापक समीक्षा



**फर्रुखाबाद।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में शुक्रवार को विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत मंत्री ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनागत सुविधाएं वितरित करके की, जिससे मौके पर मौजूद लोगों में उत्साह का माहौल दिखाई दिया। बैठक के आरंभ में कृषि विभाग की कृषि यंत्रीकरण योजना के तहत मधुबाला को कम्बाइन हार्वेस्टर की चाबी प्रदान की गई, जिस पर 10,19,700 रुपए का अनुदान स्वीकृत है।

### कृषि विवि में मशरुम उत्पादन पर प्रशिक्षण संपन्न

**मेरठ।** कृषि विवि में आयोजित सात दिवसीय मशहूर बीज एवं मशरुम उत्पादन प्रशिक्षण का समापन हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए आलू अनुसंधान संस्थान मोदीपुरम के विभाग अध्यक्ष डॉ. आर के सिंह ने कहा मशरुम उत्पादन और इसके व्यवसाय कारण की असीम संभावनाएं हैं मशरुम उत्पादन करके किसान अपनी आय मे वृद्धि कर सकते हैं। मशरुम उत्पादक लगातार बढ़ता जा रहा है इसकी खपत भी बढ़ रही है इसलिए यह क्षेत्र किसानों के लिए काफी लाभकारी है।

### कृषि विवि में छात्र-छात्राओं ने किया बायोटेक्नोलॉजी कॉलेज भ्रमण

**मेरठ।** कृषि विश्वविद्यालय में समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय हाई स्कूल गंगनौली बागपत की छात्र-छात्राओं का एक दल कृषि विश्वविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय में पहुंचा उन्होंने बायोटेक्नोलॉजी महाविद्यालय की विभिन्न प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया और नई-नई तकनीक से रूबरू हुए महाविद्यालय में उन्होंने हाइड्रोपोनिक्स तकनीक टिश्यू कल्चर तकनीक नैनो टेक्नोलॉजी एनिमल साइंस माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला तथा सेल बायोलॉजी प्रयोगशाला का भ्रमण किया इस दौरान उनके साथ निदेशक ट्रेंनिंग आफ प्लेसमेंट डॉ. आर एस सेंगर डॉ. पंकज चौहान डॉक्टर निलेश कपूर डॉक्टर निधि सिंह निदेशक प्रशासन एवं मॉनिटरिंग डॉक्टर यू पी शाही अधिष्ठाता बायोटेक्नोलॉजी डॉक्टर रविंद्र कुमार आदि भी मौजूद रहे। इस अध्ययन यात्रा के दौरान राजकीय हाई स्कूल की प्रधानाचार्य नीना त्यागी भी मौजूद रही।

### सुभारती विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विवि, मेरठ में शैक्षणिक और खेल उत्कृष्टता का प्रभावशाली संगम देखने को मिला, जहां लाइब्रेरी व इन्फॉर्मेशन साइंस विभाग एवं सोसाइटी फॉर इन्फॉर्मेशन एंड रिसर्च स्टडीज, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का विषय विकसित भारत 2047 के लिए पुस्तकालयों का रूपांतरण उच्च शिक्षा, सार्वजनिक और सामुदायिक पुस्तकालयों में डिजिटल नवाचार सेवा रहा।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित




**मेरठ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा उद्यम मंदिर, पार्टापुर इंडस्ट्रियल एस्टेट, मेरठ में एक एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पीआईईएमए के अध्यक्ष निपुण जैन और उपाध्यक्ष राजीव सिंघल, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के रीजनल हेड मनोज एम., क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक सूरज प्रताप सिंह तथा बैंक के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। लगभग 100 एमएसएमई ग्राहकों ने इस शिविर में भाग लिया। बैंक कर्मचारियों ने विभिन्न डैडम् योजनाओं के बारे में जानकारी दी और ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर दिया।

# चोरी का ई-रिक्शा बरामद, अब थाने से हो गई बैटरी चोरी

**■ पुलिस अभिरक्षा में थाना परिसर में खड़ा था ई-रिक्शा**
**■ दूसरी चोरी के मामले में पीड़ित ने दी तहरीर, टरकाकर वापस भेजा**





**तहरीर के बारे में मुझे जानकारी नहीं है। यदि ई-रिक्शा में बैटरी उस समय मौजूद थी या नहीं इसकी जांच की जाएगी। -इलम सिंह, थाना प्रभारी, थाना नौचंदी।**

**मेरठ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। करीब 15 दिन पूर्व चोरी हुए ई-रिक्शा की थाना परिसर से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। वादी अदालत से सुपुर्दगी का आदेश लेकर थाने पहुंचा था। थाने में खड़े ई-रिक्शा से बैटरी गायब मिली। पीड़ित ने थाने में दोबारा तहरीर दी तो उसे टरकाकर वापस लौटा दिया। पीड़ित ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा में बैटरी चोरी हुई है। शनिवार यानि आज वह एसएसपी से शिकायत करेगा। विगत 27 नवम्बर को शास्त्रीनगर के सैक्टर-8 स्थित रामानन्द के घर के बाहर खड़े ई-रिक्शा चोरी हो गया था। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी। पीड़ित ने तहरीर देकर थाना नौचंदी में मुकदमा दर्ज कराया।

जिसके बाद पुलिस ने कुछ ही घंटों में ई-रिक्शा को बरामद कर लिया। शनिवार को अदालत से सुपुर्दगी का आदेश लेकर रामानन्द थाने पहुंचा तो ई-रिक्शा से बैटरी गायब मिली। रामानन्द ने बैटरी गायब होने को लेकर थाने में तहरीर दी, लेकिन तहरीर लिए बिना ही वापस लौटा दिया। रामानन्द ने बताया कि 2 महिने पूर्व ही बैटरी को 65 हजार में खरीदा था। ई-रिक्शा ही रोजगार का जरिया है जो 15 दिन से थाने में खड़ा है और अब उसमें से बैटरी भी गायब है। रामानन्द का कहना है कि बरामद ई-रिक्शा एल-ब्लॉक चौकी पर खड़ा था और रिक्शा के अन्दर बैटरी मौजूद थी।

## मध्याह्न भोजन बनाते समय लगी आग, महिला झुलसी

**फर्रुखाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। कमालगंज क्षेत्र के गांव गौसपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मध्याह्न भोजन (एमडीएम) तैयार करते समय अचानक चूल्हे में आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर विद्यालय की रसोइया सरला देवी गंभीर रूप से झुलस गईं। हादसे के दौरान विद्यालय में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका मंजूलता ने तत्काल समझदारी दिखाते हुए फायर सेफ्टी सिलेंडर से आग पर काबू पा लिया, जिससे स्कूल में बड़ा हादसा टल गया और छात्र-छात्राओं को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। झुलसी हुई सरला देवी को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। सूचना पर कमालगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# भव्य तिरंगा यात्रा का हुआ आयोजन

**मवाना,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर हस्तिनापुर से आरंभ हुई भव्य तिरंगा यात्रा बुधवार को मवाना क्षेत्र में पहुंची। जैसे ही यह विशाल यात्रा मवाना की गंग नहर पर पहुंची, स्थानीय नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने राष्ट्रध्वज के सम्मान में यात्रा का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के स्वागत में जगह-जगह पुष्प वर्षा की गई तथा गंगा नहर पुल पर हजारों की भीड़ यात्रा के स्वागत में उमड़ पड़ी। मवाना के पक्का तालाब स्थित झंडा चौक पर यात्रा का विशेष रूप से भव्य अभिनंदन किया गया, जहां स्थानीय युवाओं, समाजसेवियों और व्यापारी संगठनों ने फूलमालाओं से यात्रा का स्वागत किया। यह दृश्य पूरी तरह राष्ट्रभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष शिव कुमार, क्षेत्र के राज्यमंत्री



**■ सरदार पटेल की जयंती पर उमड़ा जन सैलाब**

दिनेश खटीक का लोगों ने विशाल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। मवाना के नगर पालिका अध्यक्ष अखिल कौशिक ने भी तिरंगा यात्रा में शामिल होकर अतिथियों का सम्मान किया और माल्यार्पण कर यात्रा को आगे बढ़ाया। तिरंगा यात्रा मवाना के मुख्य मार्गों से होते हुए शहर में जनसमर्थन जुटाती आगे बढ़ी। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग हाथों में तिरंगा लहराते दिखाई दिए। कई स्थानों पर सांस्कृतिक दलों ने देशभक्ति गीतों और ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा नगर देशभक्ति के रंग में रंग गया। यात्रा का समापन नगर पालिका के छोटे मैदान में निर्धारित कार्यक्रम के साथ होगा, जहां विशिष्ट वक्ता सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और उनके विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

## शिक्षक स्नातक चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण : सतपाल सिंह

**फर्रुखाबाद,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा जिला मुख्यालय पर शिक्षक एवं स्नातक चुनाव के संदर्भ में फर्रुखाबाद एवं कन्नौज जनपद की संयुक्त बैठक संपन्न हुई जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संभल से पूर्व सांसद एवं वर्तमान में एमएलसी व प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह सैनी ने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को चुनाव में जुट जाने के निर्देश दिए। मुख्य वक्ता प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी ने कहा शिक्षक व स्नातक चुनाव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है इसकी तैयारी के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं संघटनात्मक तैयारी के संबंध में कार्यकर्ताओं को इस चुनाव में जीत हासिल करने के लिए कमर कसनी होगी इसके लिए बूथ स्तर पर माइक्रो प्लानिंग से चुनाव प्रबंधन करना होगा। जिससे संख्यात्मक तथा गुणात्मक दृष्टि से परिणाम हमारे अनुकूल होंगे यह चुनाव पूरी तरह से प्रबंधन का चुनाव है।




# कृषि विश्वविद्यालय का हुआ आईसीएआर के साथ एमओयू



**मेरठ,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। लुधियाना स्थित सीफेट परिसर में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ और आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के. के. सिंह ने कहा कि इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय के पी जी एवं पीएचडी छात्रों के लिए संयुक्त अनुसंधान अवसर उपलब्ध कराना है। दोनों संस्थानों के विशेषज्ञ अब उच्च-स्तरीय शोध परियोजनाओं, अत्याधुनिक प्रयोगशाला सुविधाओं और तकनीकी संसाधनों का साझा उपयोग करेंगे जिससे विश्वविद्यालय के शिक्षकों के साथ साथ छात्रों को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी शोध वातावरण मिलेगा। कुलपति डॉ. सिंह ने कहा कि यह समझौता कृषि प्रसंस्करण, पोस्ट-हार्वेस्ट टेक्नोलॉजी और खाद्य प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उन्नत सहयोग को नई दिशा देगा। आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी लुधियाना के निदेशक डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले ने कहा कि इस महत्वपूर्ण एम. ओ. यू. से शिक्षण और शोध दोनों क्षेत्रों को नई ऊर्जा मिलेगी और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा।

**आयोजन** *शोभित यूनिवर्सिटी, मेरठ में सीएम युवा जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन'*

# युवाओं की ऊर्जा देश की आर्थिक प्रगति का आधार : त्यागी

**मेरठ, 21 नवम्बर (देशबन्धु)। शोभित यूनिवर्सिटी द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से सीएम युवा जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न उद्यमिता अवसरों, सरकारी योजनाओं एवं युवाओं के लिए उपलब्ध सहयोग तंत्र के बारे में जागरूक करना था, ताकि वे अपने नवाचारों को आगे बढ़ाकर सफल उद्यमी बन सकें। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी विशिष्ट अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुआ।**

**■ सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी विकसित करने की जरूरत पर दिया बल**

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी. के. त्यागी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में विश्वविद्यालयों में सशक्त उद्यमिता पारिस्थितिकी विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा कहा कि युवाओं की ऊर्जा और नवाचार क्षमता ही देश की आर्थिक प्रगति का आधार है। वासु शोभित, उपाध्यक्ष (टेक्नोलॉजी), ने युवाओं को सशक्त बनाने की अपनी दूरदृष्टि साझा करते हुए कहा कि सीएम युवा जैसी




पहलें छात्र उन्मुख नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। रजत मिश्रा ने सीएम युवा योजना की प्रमुख विशेषताओं का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया और बताया कि कैसे यह योजना युवाओं को अपने विचारों को व्यवहारिक एवं स्थायी उद्यमों में बदलने में सहायक सिद्ध हो सकती है। जे. पी. जय ने कार्यक्रम के व्यावहारिक पक्षों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को डैडम् की विभिन्न पहलाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रो. अशोक गुप्ता ने उद्यमिता के शैक्षणिक महत्व एवं कौशल विकास को औपचारिक शिक्षा से जोड़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. लोमास तोमर ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सीएम युवा योजना विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, दक्षता और उद्योग-तत्परता विकसित करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है, जिससे वे भविष्य के सफ्ल उद्यमी बन सकते हैं। सत्र का सफल संचालन डॉ. नवनीश त्यागी और डॉ. मनोज कुमार शर्मा द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुचारू रूप से संयोजित किया। कार्यक्रम में सभी निदेशक डॉ. दिव्य प्रकाश, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. अभिषेक डबास, डॉ. नेहा वशिष्ठा और डॉ. अल्पना जोशी, डॉ. शिवा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल का समर्थन किया। अंत में आयोजित इंटरैक्टिव सत्र में विद्यार्थियों ने डैडम् द्वारा प्रस्तुत विभिन्न योजनाओं एवं अवसरों में गहरी रुचि दिखाई।

## हस्तिनापुर में लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**मवाना,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। मवाना रोड स्थित कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के बी.ए. विभाग द्वारा 21 नवम्बर 2025 को हस्तिनापुर में कैलाश पर्वत की लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता का सफ्ल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बी.ए.विभाग के छात्रों ने स्थल पर जाकर कैलाश पर्वत की लाइव पेंटिंग बनाते हुए अपने कला कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हस्तिनापुर के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया और भारतीय संस्कृति, कला एवं इतिहास के बारे में गहन जानकारी प्राप्त की।

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1.17 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.80 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 0.69 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.57 प्रतिशत |
| एशियन पेंट्स | 0.55 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| टाटा स्टील | 2.58 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक्नो | 2.25 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.10 प्रतिशत |
| बीईएल | 1.61 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 1.06 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,23,146 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,51,129 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |


### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5800 |
| दाल चना | 7878.21 |
| मसूर काली | 8141.71 |
| उड़द दाल | 10402.14 |
| मूंग दाल | 10102.69 |
| अरहर दाल | 10563.54 |

# [अर्थ जगत]

**अमेरिकी शुल्क की घोषणा से एमएसएमई पर बढ़ा खतरा**

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क की घोषणा से खतरा मंडराने लगा है। देश के कुल निर्यात में 45 प्रतिशत से अधिक योगदान करने वाले इस क्षेत्र के सामने बड़ी आफत आ खड़ी हुई है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने अमेरिकी कदम का बड़ा असर होने की चिंता जताई है और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। इंडिया एसएमई फोरम के अध्यक्ष ने कहा कि शुल्क बढ़ने से सालाना 30 अरब डॉलर से अधिक का कारोबार खटाई में पड़ने की आशंका है।



## अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र पूर्वोत्तर के ऊर्जा परिवहन की रीढ़ : सर्बानंद सोनोवाल

- भारत की ऊर्जा सुरक्षा को कर रहा मजबूत
- नॉर्थ ईस्ट ऑयल एंड गैस कॉन्क्लेव 2025 आयोजित

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के अनुसार, संचालित जलमार्गों में 767 प्रतिशत, कार्गो की मात्रा में 635 प्रतिशत, निवेश में 233 प्रतिशत और मल्टीमॉडल टर्मिनलों में हुई 62 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र में असाधारण प्रगति को दर्शाती है।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने नॉर्थ ईस्ट ऑयल एंड गैस कॉन्क्लेव 2025 में अपने संबोधन में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट (आईडब्ल्यूटी) पर एक नए फोकस के साथ कार्गो मूवमेंट आसान और तेज हुआ है और लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई है। साथ ही, ब्रह्मपुत्र और बराक रिवर सिस्टम में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स और इंडस्ट्रियल कार्गो के मूवमेंट के लिए एक विश्वसनीय मल्टीमॉडल नेटवर्क उपलब्ध हुआ है।'

उन्होंने बताया कि एनडब्ल्यू-2 पर एनुअल कार्गो मूवमेंट अब लगभग 6 लाख टन तक पहुंच रहा है। इस प्रगति पर उन्होंने कहा, 'अंतर्देशीय जलमार्ग क्षेत्र आज पूर्वोत्तर के एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन की रीढ़ बनकर उभरा है, जो भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करता है और नए व्यापार मार्गों के दरवाजे खोलता है।' केंद्रीय मंत्री ने जानकारी देते हुए कहा कि इंडिया मेरिटाइम वीक 2025 के दौरान, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ने जलमार्ग लॉजिस्टिक्स की कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए 40,000 करोड़ रुपए मूल्य के एमओयू पर हस्ताक्षर किए।




**इनलैंड वॉटर ट्रांसपोर्ट पर एक नए फोकस के साथ कार्गो मूवमेंट आसान व तेज हुआ है और लॉजिस्टिक्स की लागत कम हुई है : सर्बानंद सोनोवाल**

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्षों पूर्वोत्तर में परमानेंट कार्गो टर्मिनल, शिप रिपेयर सुविधाओं, टूरिस्ट जेट्टी और अर्बन वॉटर ट्रांसपोर्ट सिस्टम सहित 1,000 करोड़ रुपए की इंटरलैंड वॉटरवेज प्रोजेक्ट शुरू किए हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पांडु में 239 करोड़ रुपए की शिप रिपेयर फैसिलिटी बनकर तैयार हो रही है, जिससे रिवर वेसल के रखरखाव का खर्च काफी कम होने की उम्मीद है, जो अभी मरम्मत के लिए बांग्लादेश के रास्ते कोलकाता जाते हैं।

केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने कहा, 'राष्ट्रीय जलमार्गों पर कार्गो परिवहन पिछले वर्ष 146 मिलियन टन के सर्वकालिक उच्च स्तर तक पहुंच गया, जबकि पहले यह केवल 18 मिलियन टन था। इसी के साथ 2027 तक 76 राष्ट्रीय जलमार्ग संचालित हो जाएंगे।

## एआई किसानों को समृद्ध बनाने में निभा सकता है बड़ी भूमिका : गडकरी



**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) किसानों को समृद्ध बनाने में अहम भूमिका निभा सकती है और इससे उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। नागपुर में आयोजित हुए एग्रोविजन 2025 में बोलते हुए गडकरी ने कहा कि आज के समय पर खेती में तेजी से एआई का उपयोग हो रहा है। इससे पहले पता चल जाता है कि फसल में कौन-से कीड़े लगने वाले हैं, कौन-सी बीमारी लग सकती है, मिट्टी को कौन-सी खाद की आवश्यकता है, कितने पानी की जरूरत है और इससे उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि हमने हाल ही संतरे का एक सेमिनार रखा था, जिसमें देश-विदेश की तकनीक बताई गई। उसमें 250 रुपए का प्रवेश शुल्क रखा गया था और इसमें 650 से ज्यादा किसान आए थे। इससे क्षेत्र में संतरा उत्पादकता में बड़ा लाभ हुआ है।

## वित्त मंत्री ने की इन्फ्रास्ट्रक्चर व एनर्जी सेक्टर के साथ प्री-बजट बैठक

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट 2026-27 की तैयारियों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के पक्षकारों के साथ बातचीत की। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को दी गई। यह वित्त मंत्री की दसवीं प्री-बजट बैठक है। इससे पहले वित्त मंत्री स्टार्टअप, पर्यटन और आतिथ्य, और अर्थशास्त्रियों के साथ प्री-बजट बैठक कर चुकी हैं।

वित्त मंत्रालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर किए एक पोस्ट में कहा गया, 'वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी बजट 2026-27 की तैयारियों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और एनर्जी सेक्टर के एक्सपर्ट्स के साथ नई दिल्ली में दसवीं प्री-बजट बैठक की। मंत्रालय ने आगे बताया कि इस बैठक में भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन, विद्युत मंत्रालय, पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव शामिल हुए। इससे पहले वित्त मंत्री ने पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ नौवीं प्री-बजट बैठक की थी। इसका उद्देश्य आगामी बजट को लेकर इंडस्ट्री के सुझाव लेना था।



इस बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग एवं पर्यटन मंत्रालय के सचिव और भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार शामिल हुए। आगामी बजट की तैयारियों के लिए वित्त मंत्री लगातार अलग-अलग सेक्टर्स से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर रही हैं।

पिछले हफ्ते वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश के बड़े अर्थशास्त्रियों के साथ बैठक की थी। इस बैठक में मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन के साथ आर्थिक मामलों के विभाग से कई वरिष्ठ अधिकारी और कई अर्थशास्त्री शामिल हुए।

## ग्लोब एंटरप्राइजिस ने 25-26 की दूसरी तिमाही के परिणाम घोषित किए

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। देश में कपड़ा, डेनिम और होम टेक्सटाइल के प्रमुख निर्माता ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड ने सितंबर-2025 में समाप्त तिमाही और अर्धवार्षिक वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी ने इस अवधि में मजबूत परिचालन प्रदर्शन और निरंतर कारोबारी गति दर्ज की है। कंपनी ने दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में ?15,856.26 लाख की आय दर्ज की है, जो पिछली तिमाही (जून 2025) की ?14,844.87 लाख की तुलना में 6.81% की वृद्धि दर्शाती है।

**कर के बाद लाभ ( पीएटी ):** दूसरी तिमाही (सितंबर-2025) में पीएटी 446.38 लाख रहा, जो पिछली तिमाही (जून 2025) के ?139.52 लाख की तुलना में 219.94% की मजबूत बढ़ोतरी दिखाता है। यह सुधार बेहतर मार्जिन और उच्च परिचालन दक्षता से संभव हुआ है। ग्लोब एंटरप्राइजिस (इंडिया) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक भाविक परिख ने कहा कि 'तिमाही और अर्धवार्षिक अवधि के हमारे मजबूत वित्तीय परिणाम कंपनी की परिचालन दक्षता और बाजार विस्तार पर हमारे विशेष फोकस को दर्शाते हैं। लागत दबावों के बावजूद, हमने प्रमुख उत्पाद सेगमेंट्स में स्वस्थ लाभप्रदता और आय वृद्धि हासिल की है। मांग की स्थिति में सुधार के साथ, हमें आने वाली तिमाहियों में विकास की गति बनाए रहने का भरोसा है।

## ई-केवाईसी जॉब कार्ड वेरिफिकेशन का सबसे सटीक व आसान तरीका : केंद्र

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सरकार की ओर से शुक्रवार को कहा गया कि ई-केवाईसी जॉब कार्ड वेरिफिकेशन का सबसे सटीक और आसान तरीका है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, इसका मकसद महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) को पारदर्शी और असरदार तरीके से लागू करना है, जिससे ग्रामीण परिवारों को इसका फायदा मिल सके। लगभग 99.67 प्रतिशत सक्रिय मनरेगा श्रमिक पहले से ही आधार से जुड़े हुए हैं। मनरेगा योजना के तहत 2.69 लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जाता है, जिसमें 26 करोड़ से ज्यादा पंजीकृत श्रमिक है। मंत्रालय ने कहा कि जॉब कार्ड वेरिफिकेशन एक लगातार चलने वाला प्रोसेस है, जबकि जॉब कार्ड रिन्यूअल 5 साल में एक बार करना जरूरी है। इन कानूनी प्रक्रियाओं को आसान बनाने और सपोर्ट करने के लिए, राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों से आग्रह किया गया है कि वे मौजूदा प्रोसेस को फॉलो करने के बाद जॉब कार्ड वेरिफिकेशन और उसके बाद रिन्यूअल के लिए एनएमएमएस ऐप में पहले से मौजूद ई-केवाईसी फीचर का इस्तेमाल करें।' इस आसान उपाय का मकसद राज्यों को समय पर, पारदर्शी और अच्छे तरीके से वेरिफिकेशन पूरा करने में मदद करना है। 99.67 प्रतिशत सक्रिय श्रमिक के आधार को पहले से ही सीड किया जा चुका है, इसलिए ई-केवाईसी फीचर का इस्तेमाल जॉब कार्ड के वेरिफिकेशन के एक आसान, भरोसेमंद, सही और असरदार तरीके के तौर पर किया जा सकता है। ई-केवाईसी के दौरान, ग्राम रोजगार सहायक/वर्कसाइट सुपरवाइजर/ मेट/ कोई भी दूसरा जीपी स्तर का कर्मचारी मनरेगा श्रमिक की फोटो लेता है जिसे रियल टाइम में उसकी आधार डिटेल्स के साथ डिजिटली वेरिफाई किया जाता है।



- मनरेगा योजना के तहत 2.69 लाख ग्राम पंचायतों को किया जा रहा कवर

### सार संक्षेप

## इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मज़बूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 07 नवंबर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी येन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं।

## कोटक महिंद्रा बैंक ने की शेयर विभाजन की घोषणा


**मुंबई।** निजी क्षेत्र के कोटक महिंद्रा बैंक ने शुक्रवार को अपनी स्थापना दिवस पर शेयर विभाजन की घोषणा की। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि उसके निदेशक मंडल ने पांच रुपए अंकित मूल्य वाले पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों को एक रुपए अंकित मूल्य वाले पूरी तरह चुकता इक्विटी शेयरों में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। उसने बताया कि इससे उसके शेयर आम निवेशकों के लिए और सुलभ होंगे। साथ ही, ज्यादा खुदरा निवेशकों के जुड़ने से बैंक को तरलता बढ़ाने में आसानी होगी। निदेशक मंडल की मंजूरी के बाद शेयर विभाजन को लागू करने के लिए अब बैंक के सदस्यों, रिजर्व बैंक और अन्य नियामक एजेंसियों की स्वीकृति लेनी होगी। बैंक का शेयर शुक्रवार को 10.60 रुपये (0.51 प्रतिशत) गिरकर 2,086.50 रुपए पर बंद हुआ।

## वैश्विक दबाव में 400 अंक टूटा सेंसेक्स

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

- धातु व रियलिटी कंपनियों में बिकवाली हावी
- सेंसेक्स 0.47 प्रतिशत लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर रहा
- निफ्टी भी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिंग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपए में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपए प्रति डॉलर के पार लुढ़की है।




वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं, 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई।

सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## वित्त वर्ष 26 में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मार्जिन बढ़ेगा

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों का मुनाफा इस वित्त वर्ष में करीब 50 प्रतिशत बढ़कर 18-20 डॉलर प्रति बैरल होने की उम्मीद है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 12 डॉलर प्रति बैरल था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया कि ऑपरेटिंग मुनाफे में बढ़त की वजह मजबूत मार्जिन,खुदरा ईंधनों की स्थिर कीमतें और कच्चे तेल की सकारात्मक गतिशीलता होना है। पेट्रोल, डीजल और अन्य पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर मार्केटिंग मार्जिन से मिलने वाली बढ़त से रिफाइनिंग मार्जिन में आई कमी की भरपाई होने की उम्मीद है। दुनिया के बड़े देशों द्वारा क्लीन एनर्जी की तरफ शिफ्ट होने के कारण जीवाश्म ईंधन की मांग में इजाफा हो रहा है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अच्छे नकदी प्रवाह से ओएमसी के पूंजीगत खर्च को सपोर्ट मिलता रहेगा और इससे क्रेडिट प्रोफाइल भी मजबूत रहेगी। एनालिस्ट का मानना है कि कच्चे तेल की कीमतें इस वित्त वर्ष में 65-67 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद है। वहीं, ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन 4-6 डॉलर प्रति बैरल रह सकता है।



**मुनाफे में होगा इजाफा**

क्रिसिल रेटिंग्स के सीनियर डायरेक्टर अनुज सेठी ने कहा, 'ईंधन की खुदरा कीमतें नहीं बदलने से मार्केटिंग मार्जिन बढ़कर 14 डॉलर प्रति बैरल (8 रुपए प्रति लीटर) हो जाएगा, जिससे कुल मार्जिन 50 प्रतिशत बढ़कर 18-20 डॉलर प्रति बैरल पहुंचने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक, अच्छे मार्जिन के कारण इस वित्त वर्ष में नकद प्राप्ति 75,000 से लेकर 80,000 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है, जो कि पिछले वित्त वर्ष में 55,000 करोड़ रुपए पर थी। रिपोर्ट में कहा गया कि इससे ओएमसी के 90,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्च के प्लान को मजबूती मिलेगी। इसमें से अधिकतर विस्तार ब्राउनफील्ड होगा। इस वित्त वर्ष ओएमसी का डेट-टू-ईबीआईटीडीए बढ़कर 2.2 गुना हो सकता है।

## जिंस बाजार में चावल, गेहूं मजबूत, दालों में नरमी, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। दिल्ली थोक जिंस बाजार में उठाव अच्छा रहने से शुक्रवार को चावल के भाव बढ़ गए। गेहूं में भी तेजी रही जबकि चीनी के दाम लगभग गत दिवस के स्तर पर ही स्थिर रहे। दालों के भाव उतर गए। वहीं, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव रहा।

औसत दर्जे के चावल का औसत भाव आठ रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गया। गेहूं भी 19 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। आटे की कीमत छह रुपए बढ़ी। विदेशों में बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का फरवरी वायदा 87 रिंगिट फिसलकर 4,068 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। अमेरिकी सोया तेल का जनवरी वायदा भी 1.59 प्रतिशत टूटकर 50.14 डॉलर का बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 59 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सोया तेल के भाव लगभग स्थिर रहे। सूरजमुखी तेल में 10 रुपए और वनस्पति 22 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल में 29 रुपए और पाम ऑयल में 10 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट रही। मीठे के बाजार में आज गुड़ और चीनी के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहे।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** दाल चना 7871.58 रुपए, मसूर काली 8156.31 रुपए, मूंग दाल 10098.56 रुपए, उड़द दाल 10366.90 रुपए, तूअर दाल 10582.48 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2863.55 रुपए और चावल 3860.11 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3306.33 प्रति क्विंटल रहा। **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4320.64 रुपये और गुड़ 4993.56 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

**खाद्य तेल :** सरसों तेल 17682.39 रुपए, मूंगफली तेल 17707.31 रुपए, सूरजमुखी तेल 15683.28 रुपए, सोया तेल 13772.31 रुपए, पाम ऑयल 12479 रुपए और वनस्पति 14476.02 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## रियल एस्टेट व इंफ्रा निवेश ट्रस्टों में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत : सेबी

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहीन कांत पांडेय ने रियल एस्टेट निवेश ट्रस्टों (रिट्स) और बुनियादी ढांचा निवेश ट्रस्टों (इनविट्स) में खुदरा निवेश बढ़ाने की जरूरत पर बल देते हुए शुक्रवार को कहा कि ये दोनों तंत्र देश की बुनियादी ढांचा जरूरतों के लिए पैसे जुटाने का अनोखा अवसर प्रदान करते हैं।

भारत इनविट्स एसोसिएशन और इंडियन रिट्स एसोसिएशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री पांडेय ने बताया कि सेबी दोनों इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश बढ़ाने के उपाय कर रहा है। इसके लिए वह केंद्रीय वित्त मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ भी चर्चा कर रहा है। उन्होंने एमएससीआई की तरह दूसरे सूचकांकों में इन्हें अधिक से अधिक शामिल करने की जरूरत पर बल दिया।




कार्यक्रम में नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ कांत ने कहा कि सरकार को परिसंपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की बजाय इनविट्स बनाकर उसके मौद्रीकरण को सरल बनाने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के पास रिट्स और इनविट्स मिलाकर एक लाख करोड़ डॉलर यानी लगभग 90 लाख करोड़ रुपए के निवेश तक पहुंचने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में देश में पांच सूचीबद्ध रिट्स और 24 सूचीबद्ध इनविट्स हैं। इनके पास सम्मिलित रूप से 9.25 लाख करोड़ रुपए का निवेश है। इसमें सात लाख करोड़ रुपए का निवेश इनविट्स के पास है। श्री पांडेय ने कहा कि आने वाले समय में देश में सड़क, परिवहन, शहरीकरण, ऊर्जा और विमानन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं। वैश्विक स्तर पर जहां सभी सूचीबद्ध रियल एस्टेट परिसंपत्तियों में 57 प्रतिशत रिट्स और इनविट्स का हिस्सा हैं, वहीं भारत में यह महज 12 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि दोनों तंत्र देश में नए हैं और इन्हें बढ़ावा देने के उपाय किए जाने चाहिए। सेबी ने पेंशन फंड नियामक और बीमा नियामकों से उनके द्वारा नियमित इकाइयों को इनविट्स और रिट्स में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

**सरकार को परिसंपत्ति प्रबंधन की जिम्मेदारी निभाने की बजाय उसके मौद्रीकरण को सरल बनाने पर विचार करना चाहिए : अमिताभ कांत**

# खेल जगत

## रोच-हॉज की वेस्टइंडीज की टीम में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच दिसंबर में तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। न्यूजीलैंड दौरे पर इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने केमार रोच और कावेम हॉज को अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटिल होने की वजह से टीम से बाहर हैं, जिसके चलते अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच को टीम में मौका दिया गया है। केमार रोच आखिरी बार जनवरी में पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। यह गेंदबाज पेस यूनिट में अनुभव जोड़ता है। इस पेस अटैक में उनके साथ 29 वर्षीय ओजे शील्ड्स भी हैं, जिन्हें पहली बार टेस्ट टीम के लिए चुना गया है। केमार रोच के अलावा, कावेम हॉज को भी इस टीम में चुना गया है, जो पिछली बार पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर खारी पियरे को न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है।



# भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज से, ऋषभ पंत करेंगे कप्तानी

## शुभमन के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गर्दन में ऐंठन के चलते नियमित कप्तान शुभमन गिल के बाहर होने से अब उपकप्तान ऋषभ पंत

■ गुवाहाटी टेस्ट की पिच दोनों टीमों के कप्तानों के लिए पहेली

भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शनिवार से शुरू हो रहे सीरीज के दूसरे आखिरी क्रिकेट टेस्ट में कप्तानी संभालेंगे। विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत के सामने अब बतौर कप्तान भारत को दूसरा टेस्ट जिता कर सीरीज एक एक से ड्रॉ की मुश्किल चुनौती होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार सुबह एक वक्तव्य जारी कर कहा कि शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं और अपनी गर्दन मे आई ऐंठन के आकलन के लिए मुंबई जाएंगे। शुभमन गिल के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा है। भारत शुभमन गिल की जगह साई सुदर्शन को और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल




की जगह बल्लेबाजी ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी को शामिल कर तीन स्पिनरों और तीन तेज गेंदबाजों के रूप में भारत के दूसरे टेस्ट में एक संतुलित एकादश के साथ उतरने की पूरी उम्मीद है। दरअसल शुभमन गिल के गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद उनकी गर्दन मे ऐंठन के कारण उनकी दिक्कत और बढ़ सकती थी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से शुरू हो रही तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में भी शुभमन गिल के खेलने पर संशय पैदा हो गया है। भारत अपने नियमित कप्तान शुभमन गिल और दक्षिण अफ्रीका अपने तुरुप के तेज गेंदबाज कसिगो रबाड़ा के बिना दूसरे टेस्ट मे खेलने उतरेगा। रबाड़ा पसलियों में चोट के चलते दूसरे टेस्ट ही नही बल्कि अब आगे भारत के पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं। भारत ने अपने पिछले पांच में से तीन टेस्ट जीते एक ड्रॉ खेला व एक हारा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका पिछले पांच में चार टेस्ट जीता और एक हारा है।

दरअसल गुवाहाटी के बरसपाड़ा स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के लिए लाल मिट्टी की पिच का मिजाज भारत और दक्षिण अफ्रीका के कप्तानों के लिए अभी पहेली ही है और दोनों इसकी बाबत कुछ भी कहने से बच रहे हैं। गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट खेला जाएगा और वहां बरसपड़ा स्टेडियम की पिच के मिजाज को लेकर निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## चोट के कारबण रबाडा दूसरे टेस्ट से बाहर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पसलियों के खिंचाव के चलते भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच और व्हाइट बॉल सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीमर लुंगी एनगिडी को चोटिल रबाडा के कवर के तौर पर पहले ही टीम में शामिल कर लिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'प्रोटियाज मेडिकल टीम रबाडा की निगरानी कर रही है। चोट वाले स्थान पर लगातार तकलीफ के कारण, रबाडा को बाकी टूर से हटा दिया गया है। वह दूसरे टेस्ट के खत्म होने पर साउथ अफ्रीका लौटने से पहले प्रोटियाज मेडिकल टीम के साथ अपने चार हफ्तों के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम के शुरुआती फेज को जारी रखेंगे। कगिसो रबाडा चोटिल होने की वजह से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी नहीं खेल सके थे। टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद संभवत: साउथ अफ्रीकी टीम गुवाहाटी में होने वाले दूसरे और निर्णायक मैच में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है। साइमन हार्मर ने कोलकाता टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने मुकाबले में कुल 8 विकेट के साथ 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब अपने नाम किया था। इस मुकाबले में लेफ्ट-आर्म सीम-बॉलिंग ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने साउथ अफ्रीका के पेस यूनिट को लीड किया था।

# सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में पहुंची बांग्लादेश




■ बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था

**दोहा,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप पुरुष राइजिंग स्टार्स में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में बांग्लादेश ने सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टीम ने सुपरओवर में पहले बल्लेबाजी की और पहली दो गेंदों पर ही लगातार जितेश शर्मा और आशुतोष शर्मा के विकेट खो दिए। नियम के मुताबिक 2 विकेट गिरते ही पारी समाप्त हो जाती है। ऐसे में बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 1 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश ने भी सुयश शर्मा की पहली गेंद पर अपनी पहली विकेट खो दी। लेकिन इसके बाद जरूरी 1 रन बनाकर बांग्लादेश ने फाइनल में जगह बना ली। दोहा के वेस्ट एंड पार्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 194 रन बना सकी थी और मैच टाई हो गया था। आखिरी ओवर में भारतीय टीम को जीत के लिए 16 रन बनाने थे और आखिरी 2 गेंदों पर 4 रन बनाने थे। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आशुतोष शर्मा को रकीबुल हसन ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद नए बल्लेबाज हर्ष दुबे को आखिरी गेंद पर 4 रन बनाने थे, लेकिन तीन रन ही बन सके और मैच टाई हो गया।

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्या ने तूफानी शुरुआत दी थी और पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 53 रन जोड़े। वैभव ने मात्र 15 गेंद पर 4 छक्के और 2 चौके लगाते हुए 38 रन की पारी खेली। वैभव का विकेट गिरने के बाद रन गति में गिरावट आई। प्रियांश आर्या तीसरे विकेट के रूप में 23 गेंद पर 3 छक्के और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। प्रियांश का विकेट गिरने के समय टीम का स्कोर 9.3 ओवर में 98 रन था। कप्तान जितेश शर्मा ने 23 गेंद पर 33 रन बनाए। नेहाल वढेरा 29 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद रहे। आशुतोष शर्मा ने 6 गेंद पर 13 रन बनाए। इससे पहले, भारतीय टीम के कप्तान जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 6 विकेट पर 194 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज हबीबउर रहमान सोहन ने 46 गेंद पर 5 छक्के और 3 चौके लगाते हुए 65 रन की पारी खेली। इसके अलावा, एसएम मेहरुब ने 18 गेंद पर 6 छक्कों और 1 चौके की मदद से नाबाद 48 रन की पारी खेली। बांग्लादेश ने पारी की आखिरी 22 गेंदों पर 64 रन बनाए।

## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50मी राइफल 3 पोजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिंग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। शौर्य ने फाइनल में 450.6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9.2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिंग सीरीज में 151.0 और प्रोन सीरीज में 151.1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिंग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99.3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9.6, 9.9, 9.5, 10.3 और 9.9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया।

# नीदरलैंड अपने पहले जू पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब की तलाश में चेन्नई पहुंची

## कोच जैसी बोले, कोशिश बढ़िया आगाज करने की

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दो बार की उपविजेता और दो बार तीसरे स्थान पर रहने वाली अपने खिताब की बाट जोह रही नीदरलैंड की जूनियर टीम 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नै और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने के लिए बृहस्पतिवार रात चेन्नै पहुंच गई। इस बार के संस्करण में इसके इतिहास में सबसे ज्यादा 24 टीमें शिरकत करेंगी और इन्हें चार चार टीमों को छह पूल में बांटा गया है। जर्मनी की टीम अब तक सबसे ज्यादा सात बार और मेजबान भारत व अर्जेंटीना ने दो दो बार, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने एक एक बार खिताब जीता है। नीदरलैंड की टीम ने अब तक हुए इसके सभी 13 संस्करणों में शिरकत की और वह लगातार 14




वीं बार इसमें शिरकत करेगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और बांग्लादेश की जूनियर टीमें सबसे पहले इसमें शिरकत करने के लिए चेन्नै पहुंची जबकि मेजबान भारतीय जूनियर हॉकी टीम भी पहले यहां पहुंच चुकी है। नीदरलैंड की जूनियर टीम पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड और मलयेशिया के साथ पूल ई में है और हम अपना अभियान टूर्नामेंट के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ मदुरै में मैच खेल कर करेंगी। नीदरलैंड की कोशिश अपने पहले जूनियर पुरुष हॉकी खिताब जीतने की होगी और उसकी निगाह मजबूत आगाज पर लगी हैं। नीदरलैंड की जूनियर टीम के चेन्नै पहुंचने पर उसके कोच जेसी माहियू ने कहा, 'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं। भारत में हमारा हर बार गर्मजोशी से स्वागत हुआ है। हमारी नीदरलैंड

'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं : जेसी माहियू

की जूनियर टीम में कई खिलाड़ी पहली बार यूरोप स बाहर खेलने आए है और ऐसे में उनका यह भारत दौरा उनके खासा यादगार रहने वाला है। जहां तक जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की बात है यह खासा संघर्षपूर्ण रहने वाला और इस बार इसमें नए फॉर्मेट के साथ 24 टीमें शिरकत करेंगी और हमारे सामने कई मजबूत टीमें होंगी। हमारी कोशिश जूनियर हॉकी विश्व कप में कदम ब कदम बढ़ कर बढ़िया आगाज करने पर रहेगी।

## सूर्यकुमार मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी 26 नवंबर से शुरू हो रही है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। स्क्वॉड में शिवम दुबे, सरफराज ख़ान, अजिंक्य रहाणे और आयुष म्हात्रे भी शामिल हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से पहले सूर्यकुमार की मुंबई टीम में वापसी हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए इस आईपीएल में 717 रन बनाने और 167.91 की स्ट्राइक रेट के बावजूद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रन नहीं बना पाए हैं। 2025 में उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ़ 184 रन निकले हैं। इस दौरान उनका औसत 15.33 और स्ट्राइक रेट 127.77 का रहा है। भारत इस विंडो में 10 टी-20 खेलेगा। पांच मैच दक्षिण अफ्रीका से और पांच न्यूजीलैंड से हैं। इसके बाद फरवरी और मार्च 2026 में श्रीलंका के साथ मिलकर टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। सूर्यकुमार की तरह दुबे भी मैच प्रैक्टिस की तलाश में रहेंगे। एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हें 11 टी-20 में से सिर्फ़ छह बार बल्लेबाज़ी करने का मौक़ा मिला।

## सार संक्षेप

### इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** पवन राजभर और प्रताप लाकड़ा के दो-दो गोल की मदद से इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड एसएनबीपी 61वें नेहरू सीनियर्स मेन्स हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। इंडियन नेवी ने हर क्वार्टर में एक-एक गोल करके रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला को 4-1 से हराया, जिसमें राजभर ने दूसरे और चौथे सेशन में दो बार गोल किया। कोलकाता में हाल ही में हुए बेटन कप की विनर आर्मी XI को आरएसपीबी के हाथों लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें प्रताप आरएसपीबी के हीरो रहे। दोनों मैच पूल सी में थे। पूल डी में, एयर फोर्स, सीएजी XI और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मुकाबले में हैं। कल के मैच उनकी किस्मत का फैसला करेंगे। नेवी टीम के दबदबे पर कभी सवाल नहीं उठा। वे पहले सेशन के बीच में आगे बढ़ गए, सनी मलिक ने एक तेज एंगल से गोल किया। पवन राजभर के दूसरे और चौथे सेशन में दो गोल करने से पहले, बाविन ने तीसरे सेशन के आखिर में नेवी को तीन गोल से आगे कर दिया।

### संधू ने जीता इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**डिगबोई (असम)।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपए का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ़्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिंग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज़्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं।

### मीरपुर में भूकंप से खेल कुछ देर के लिए रुका

**ढाका।** बंगलादेश और आयरलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेल कुछ देर के लिए रुका, जब रिक्टर स्केल पर 5.7 की तीव्रता वाले भूकंप ने ढाका और बंगलादेश की राजधानी के आस-पास के इलाकों को हिला दिया। यह घटना आयरलैंड की पहली पारी के 56वें ओवर की दूसरी गेंद पर हुई। इसके कारण लगभग तीन से चार मिनट के लिए खेल तुरंत रुक गया क्योंकि खिलाड़ी बाउंड्री लाइन की ओर भागे, जबकि स्टेडियम में दर्शकों के चेहरे पर घबराहट साफ़ दिख रही थी। उस रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। खबर छपने के समय, आयरलैंड 78 ओवर में 233/7 पर पहुंच गया था और बंगलादेश के 476 रन से 243 रन पीछे था।

## जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत



**रावलपिंडी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ज़िम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिंडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ़ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह ज़िम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के ख़िलाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फ़ैसले के बाद, वानिंदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिंगा (2/27) ने ज़िम्बाब्वे की पारी में सबसे ज़्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा।

# एशेज : इंग्लैंड पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर ढेर

■ मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया

**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ स्टेडियम में जारी एशेज सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया। इस बीच इंग्लैंड की टीम 'बैजबॉल' अंदाज में खेलते नजर आई, जिसने उसकी लुटिया डुबो दी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। इंग्लैंड की टीम ने



मुकाबले की छठी गेंद पर सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट गंवा दिया। उस समय तक इंग्लैंड का खाता नहीं खुला था। यहां से ओली पोप ने बेन डकेट के साथ 34 गेंदों में 33 रन की साझेदारी की, लेकिन टेस्ट में टी20 अंदाज की बल्लेबाजी इस टीम को भारी पड़ी। बेन डकेट 20 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हो गए। कुछ देर बाद जो रूट (0) भी चलते बने। इंग्लैंड की टीम 39 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। ये तीनों ही विकेट मिचेल स्टार्क ने अपने नाम किए थे। यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों के साथ 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गए ।यहां से बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जोड़े, जबकि जैमी स्मिथ ने ब्रूक के साथ 30 गेंदों में 45 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंचा सके।

## बेन स्टोक्स ने घातक गेंदबाजी से 43 साल पहले का इतिहास दोहराया



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज की शुरुआत पर्थ में हो चुकी है। शुक्रवार का पहला दिन गेंदबाजों का रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड जहां 172 पर सिमट गई, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भी 123 पर 9 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी में 5 विकेट लेने वाले बेन स्टोक्स ने 43 साल पहले का इतिहास दोहराया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड मात्र 172 रन पर सिमट गई। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 6 रन बना सके। 172 का स्कोर ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के लिए ज्यादा नहीं था। लेकिन, गेंदबाजी के दौरान इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स बेहद खतरनाक रहे।

# आयुष शेट्टी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य

## सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को हमवतन आयुष शेट्टी के खिलाफ सीधे गेम में 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सातवें सीड वाले लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा। मेंस सिंगल्स में प्रणय और किदांबी श्रीकांत के जल्दी बाहर होने के बाद सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद हैं। सिडनी ओलंपिक पार्क में 53 मिनट तक



ऑस्ट्रेलियन ओपन

■ सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद

चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन को शुरुआती गेम में आयुष शेट्टी से कड़ी टक्कर मिली। सेन 6-9 से पीछे चल रहे रहे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से चार प्वाइंट्स बनाकर 13-10 की बढ़त हासिल कर ली। शेट्टी उतार-चढ़ाव भरे शुरुआती गेम में वापसी करते रहे, उन्होंने 21-21 से बराबरी की और 23-21 से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम लक्ष्य सेन के लिए बेहद आसान रहा। सेन ने 6-1 से बढ़त बना ली थी। शेट्टी मुकाबले में पिछड़ते नजर आए और सेन ने बढ़त को 15-7 तक पहुंचा दिया। लक्ष्य सेन ने राउंड ऑफ 16 में ची यू जेन को 21-17, 13-21, 21-13 से मात दी थी। इससे पहले उन्होंने सु ली-यैंग को 21-17, 21-13 से मात दी थी। 24 वर्षीय लक्ष्य सेन इस साल की शुरुआत में हांगकांग ओपन के फाइनल में अपनी जगह बना चुके हैं, लेकिन अभी भी सीजन के अपने पहले टाइटल की तलाश में हैं।

# पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पी.टी. उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा, 'भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुंचना चाहिए। हमारा फोकस एथलीट



पर होना चाहिए: साफ रास्ते, मजबूत सिस्टम, सही चुनाव और साइंस, न्यूट्रिशन और मेंटल स्ट्रेंथ पर आधारित सपोर्ट।' उन्होंने कहा, 'भारत सपने देखने वाले युवाओं से भरा है, और यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम पक्का करें कि उनके सपने मायने रखें। ग्लोबल पार्टनरशिप, खासकर ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ, और हर लेवल पर डिसिप्लिन्ड गवर्नेंस के साथ, हम चैंपियंस की एक नई पीढ़ी बना सकते हैं।

## 'दो दीवाने शहर में' फिल्म ने मुझे मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की : सिद्धांत चतुर्वेदी

**मुंबई।** बॉलीवुड में रोमांस और दिल छू लेने वाली कहानियों को हमेशा खास जगह दी जाती है। इस कड़ी में संजय लीला भंसाली का प्रोडक्शन एक ऐसी ही फिल्म लेकर आ रहा है, जिसका नाम है 'दो दीवाने शहर में'। इस फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर लीड रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म को रवि उद्यावर डायरेक्ट कर रहे हैं। फिल्म के बारे में सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा कि जब मैं दो दीवाने शहर में फिल्म की शूटिंग कर रहा था, उस समय मैं अपने निजी जीवन में कुछ मुश्किल भरे दौर से गुजर रहा था। मेरे लिए यह फिल्म सिर्फ एक काम नहीं थी; यह एक ऐसा अनुभव था जिसने मुझे क्रिएटिविटी के तौर पर चुनौती दी और व्यक्तिगत रूप से मुझे उन मुश्किल दिनों से निकलने में मदद की।

# मांसपेशियों से जुड़े रोगों के लिए औषधि है महानारायण तेल

**■ बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक कर सकते हैं इस्तेमाल ■ हड्डियों और दर्द के साथ जोड़ों से चटकने की आवाज में राहत**

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। शीत ऋतु आते ही शरीर में अकड़न, मांसपेशियों में खिंचाव, जोड़ों में दर्द, सर्दी-जुखाम और कफ और वात से जुड़ी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। शीत ऋतु और मानसून के महीने में सबसे ज्यादा हड्डियों और जोड़ों में दर्द की समस्या देखी जाती है। ऐसे में महानारायण तेल इन सभी परेशानियों की एक दवा है, जिसकी मालिश से हड्डियों और मांसपेशियों को बहुत आराम मिलता है।

आयुर्वेद में माना गया है कि जब शरीर में कफ और वात दोनों ही बढ़ने लगते हैं, तो हड्डियों और मांसपेशियों से जुड़े रोग परेशान करने लगते हैं। ऐसे में हड्डियां कमजोर हो जाती हैं और दर्द के साथ जोड़ों से चटकने की आवाज भी आने लगती है। ऐसे में महानारायण तेल हड्डी, त्वचा और लिगामेंट का खास ख्याल रखता है और जोड़ों को मजबूत भी करता है।

महानारायण तेल का वर्णन अष्टांग हृदय और चरक संहिता में भी किया गया है। इस तेल को बनाने में 50 से अधिक जड़ी बूटियों का इस्तेमाल होता है, लेकिन कुछ मुख्य जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करके घर पर भी इस तेल को बनाया जा सकता है।



इसमें जैतून के तेल या तिल के तेल का इस्तेमाल होता है और फिर इसमें हल्दी, कपूर, अश्वगंधा, दशमूल, हरीतकी, आंवला, बिभीतकी, दूर्वा, मंजिष्ठा, आंक के फूल और शतावरी जड़ी-बूटियां डालकर पकाया जाता है। बाजार में ये तेल बना बनाया भी मिलता है। जोड़ों के दर्द और घुटनों की सूजन होने पर तेल को हल्का गुनगुना करके रोजाना 10 मिनट मालिश करने से आराम मिलेगा। इससे शरीर में रक्त संचार बढ़ेगा, सूजन में कमी होगी और दर्द से भी आराम मिलेगा।

इसके अलावा, अगर त्वचा में खुजली और रूखापन रहता है, तो भी इस तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। नहाने से पहले इस तेल से पूरे शरीर की मालिश करें और 20 मिनट बाद नहाने के लिए जाएं। इससे त्वचा का संक्रमण कम होगा और खुजली में भी आराम होगा। लकवा जैसी बीमारियों और शरीर की कमजोरी में भी महानारायण तेल फायदेमंद है। इसके लिए शरीर पर हल्का गुनगुना तेल लगाकर कुछ देर धूप में बैठें और फिर गुनगुने पानी से ही नहाएं। इससे नसें मजबूत होती हैं और जोड़ों के लिगामेंट को आराम मिलता है।

इसके साथ ही इसे पीठ दर्द, गर्दन दर्द, और नन्हे शिशु की मालिश के लिए भी इस्तेमाल किया जा सकता है। ध्यान रखने वाली बात ये है कि तेल को लगाने के बाद पंखे की हवा से दूर रहें और किसी तरह का ठंडा खाने से भी परहेज करें। ऐसा करने से सर्द-गर्म होने की संभावना बनी रहती है।

## आवारा कुत्ते पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नकारात्मक प्रभाव सामने आने वाले हैं : सोनाली बेंद्रे

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। हिंदी सिनेमा और टेलीविजन की दुनिया में कई ऐसे स्टार्स हैं, जो हमेशा से पशु अधिकारों के लिए आवाज उठाते आए हैं। रवीना टंडन और सोनाली बेंद्रे से लेकर रूपाली गांगुली तक स्ट्रीट डॉग्स के लिए आवाज उठाती रही हैं। अब सोनाली बेंद्रे ने आवारा कुत्तों को लेकर दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के नकारात्मक प्रभाव बताए हैं और डिटेल के साथ एक पोस्ट शेयर किया है।



सोनाली बेंद्रे खुद का पॉडकास्ट शो चलाती है, जो पशु अधिकारों और उनकी परवरिश पर बात करता है। इसी पॉडकास्ट शो के साथ एक्ट्रेस ने स्ट्रीट डॉग्स को लेकर पोस्ट शेयर किया है जिसमें लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद कई नकारात्मक प्रभाव सामने आने वाले हैं। हमारे पास कुत्तों को रखने के लिए शेल्टर होम नहीं है, इतने सारे कुत्तों को साथ रखने से उनमें बीमारियों का खतरा बढ़ जाएगा और जो लोग कुत्तों से नफरत करते हैं, वे गलत तरीकों से उनके साथ दुर्व्यवहार करेंगे। पोस्ट में लिखा है कि लोकल लोग स्ट्रीट डॉग्स को खाना देकर अपना प्यार जताते हैं लेकिन शेल्टर में जाने के बाद उनका ध्यान रखना मुश्किल होगा, क्योंकि वहां ये देखने वाला कोई नहीं होगा कि उन्हें खाना खिलाया गया है या नहीं।

इस पोस्ट को शेयर कर सोनाली ने लिखा कि वे सुरक्षा करते हैं, साथ देते हैं और बदले में कुछ नहीं मांगते। इस तरह का एक भी फ़ैसला हमारे जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक रेलवे स्टेशन, पार्क और बाकी सार्वजनिक जगहों से स्ट्रीट डॉग्स को हटाकर शेल्टर होम में रखा जाना है।

# गर्भावस्था में ज्यादातर महिलाओं में मॉर्निंग सिकनेस

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। गर्भावस्था के शुरुआती महीनों में अक्सर महिलाएं मॉर्निंग सिकनेस से गुजरती हैं। यह आम बात है और ज्यादातर महिलाओं में पाई जाती है। शरीर नए हार्मोन बदलावों में ढल रहा होता है, पाचन अग्नि अस्थिर हो जाती है और भावनाएं भी संवेदनशील हो जाती हैं। पेट खाली होने पर मतली तेज होती है और कुछ खाने की चीजों की खुशबू से बेचैनी होने लगती है।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो एचसीजी हार्मोन तेजी से बढ़ता है और यह मस्तिष्क के उल्टी केंद्र को सक्रिय करता है। ब्लड शुगर कम होने और गंध के प्रति संवेदनशीलता बढ़ने से भी मतली बढ़ती है। लक्षणों में सुबह उठते ही उल्टी, मुंह में कड़वा स्वाद, चक्कर, थकान, हल्का बुखार जैसा महसूस होना और पेट में जलन शामिल हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, इसका मुख्य कारण पित्त दोष का बढ़ जाना और मन की अस्थिरता है। आयुर्वेद और घरेलू उपायों से इसे काफी हद तक कम किया जा सकता है। सबसे असरदार है अदरक। सुबह उठते ही हल्का अदरक पानी पीना या अदरक चबाना पाचन सुधारता है और मतली को रोकता है।

नींबू और शहद वाला गुनगुना पानी भी राहत देता है। नींबू पित्त को शांत करता है और शहद ऊर्जा देता है। हालांकि, पेट में जलन हो तो नींबू का सेवन कम करें। साथ ही, इलायची की सुगंध तुरंत राहत देती है। इसे चबाएं या इलायची पानी दिन में दो बार लें। ये उपाय हल्के और सुरक्षित हैं, यात्रा में भी आसानी से ले जा सकते हैं।



**■ स्वाद, चक्कर, थकान, हल्का बुखार जैसा महसूस होना और पेट में जलन शामिल**

**■ अधिक तला, मसालेदार या भारी भोजन न करें**

योग और श्वसन भी मददगार हैं। हल्की प्राणायाम तकनीकें पित्त शांत करती हैं, धीमी लंबी सांसें लें और सुबह 5 मिनट ध्यान करें। तेज योगासन या झटके देने वाले अभ्यास से बचें, क्योंकि मन स्थिर होने पर ही मतली कम होती है।

इसके साथ ही आहार पर भी खास ध्यान दें। बहुत तला, मसालेदार या भारी भोजन न करें, छोटे-छोटे हिस्सों में खाएं, सुबह उठते ही हल्का नाश्ता करें और कमरे में तेज गंध न रखें। गुनगुना पानी बेहतर है, ठंडा पानी नुकसान कर सकता है।

सावधानियां भी जरूरी हैं। बहुत तेज मतली, लगातार उल्टी, कम पेशाब, अधिक थकान जैसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। मानसिक संतुलन भी जरूरी है। तनाव बढ़ने से मतली बढ़ती है, इसलिए शांत संगीत सुनें, गहरी सांसें लें और दिनभर आरामदायक माहौल बनाएं।

## पारंपरिक कारीगरी को अंतर्राष्ट्रीय मार्केट से जोड़ने की दिशा में झारखंड सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में फोकस स्टेट के रूप में शामिल झारखंड पवेलियन इस वर्ष दर्शकों का खास आकर्षण बना हुआ है, जहां प्रदर्शित आदिवासी एवं सिल्वर आभूषण दर्शकों को अपनी ओर खींच रही है। झारखंड सरकार द्वारा स्थापित यह पवेलियन राज्य की सांस्कृतिक विरासत, कारीगरी, कुटीर उद्योग, महिला उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को राष्ट्रीय स्तर पर सशक्त रूप से प्रस्तुत कर रहा है। वहीं सरकार का उद्देश्य स्थानीय कारीगरों, शिल्पकारों और उद्यमियों को बड़े बाजारों से जोड़ना, उनके उत्पादों को व्यापक पहचान दिलाना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। झारखंड की प्रसिद्ध आदिवासी आभूषण जैसे हसुली, ठेला, पैरी, बंगारी तथा अन्य चांदी एवं धातु के आभूषण अपने अनूठे डिजाइन, पारंपरिक तकनीक और सांस्कृतिक महत्व के कारण लोगों को बेहद पसंद आ रहे हैं। स्टॉल संचालिका गीता रानी ने बताया कि विशिष्ट डिजाइन, सांस्कृतिक पहचान और किफायती कीमतों ने झारखंड के आभूषण को दर्शको के बीच तेजी से पसंदीदा बनाया है। पवेलियन में युवाओं की बढ़ती रुचि और मौजूदगी से स्पष्ट है कि पारंपरिक फैशन की मांग बढ़ रही है। सरकार द्वारा किए गए प्रयासों जैसे स्टॉल सब्सिडी, उत्पाद प्रमोशन, बाजार अंतसंबर्धन, डिज़ाइन विकास सहायता और प्रशिक्षण कार्यक्रम ने स्थानीय समुदायों को नई पहचान दिलाई है। इस सक्रिय सहयोग के परिणामस्वरूप न केवल आदिवासी कला को व्यापक मंच मिला है, बल्कि झारखंड को पारंपरिक कला, सिल्वर आभूषण और हस्तशिल्प के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर भी मजबूत हुआ है।




# आंखों की सेहत का ख्याल सर्दियों में बेहद जरूरी

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। सर्दी का मौसम जहां ठंडक लाता है, वहीं धूप की कमी, ठंडी हवाएं और प्रदूषण के कारण आंखों में जलन, सूखापन और रोशनी कमजोर होने की शिकायतें बढ़ जाती हैं। आयुर्वेद में आसान उपायों को अपनाने की सलाह दी जाती है, जिससे आंखों की सेहत सही रहती है।

**चुकंदर और पालक जैसे लाल-हरे रंग की सब्जियां आंखों के लाभकारी**

सर्दियों में नेत्र स्वास्थ्य को मजबूत बनाए रखने के लिए कुछ सरल और प्रभावी आहार लेना जरूरी। सही आहार से आंखों की रौनक और सुरक्षा दोनों बनी रहती है। विशेष रूप से विटामिन ए, सी, ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। इनमें सबसे ऊपर है गाजर और चुकंदर। गाजर में मौजूद बीटा-कैरोटीन आंखों की रोशनी बढ़ाने के साथ-साथ रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस) से बचाव करता है। इसी तरह चुकंदर और पालक जैसे लाल-हरे रंग की सब्जियां आंखों के लिए बेहद फायदेमंद हैं। हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे मेथी, चौराई, बथुआ और सरसों का साग भी सर्दियों में भरपूर मात्रा में खाना चाहिए।

आंवला सुपरफूड है। रोजाना एक ताजा आंवला या एक गिलास आंवला जूस का सेवन करने से आंखों में चमक आती है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है। रात को सोने से पहले एक चम्मच त्रिफला चूर्ण गुनगुने पानी के साथ लेने की सलाह भी दी गई है। त्रिफला आंखों की अंदरूनी सफाई करता है और कब्ज जैसी समस्याओं से भी राहत देता है, जिसका असर सीधे नेत्र स्वास्थ्य पर पड़ता है।



इसके अलावा बादाम, अखरोट और काले तिल जैसे ड्राई फ्रूट्स और बीजों में ओमेगा-3 फैटी एसिड प्रचुर मात्रा में होता है, जो आंखों की नसों को मजबूत बनाते हैं और ड्राई आई सिंड्रोम से बचाव करते हैं।

सर्दियों में इन छोटे-छोटे आहार परिवर्तनों से न सिर्फ आंखों की रोशनी बरकरार रहती है, बल्कि कई जैसी समस्याओं का खतरा भी कम होता है।

# फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने शुरू की एडवांस एंबुलेंस सेवाएं

**ग्रेटर नोएडा** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। फोर्टिस हॉस्पीटल ग्रेटर नोएडा ने अपने आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखकर एडवांस एंबुलेंस सेवा शुरू की है। इस पहल से ग्रेटर नोएडा समेत आसपास के अन्य कई इलाकों के बाशिन्दों के लिए इमरजेंसी एवं प्री-हॉस्पीटल केयर को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। इस सेवा का विधिवत उद्घाटन तेजपाल सिंह नागर, माननीय विधायक-दादरी ने किया जो लॉन्च समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। सामुदायिक स्वास्थ्य और आपातकालीन परिस्थितियों के मुताबिक तैयारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से इन एंबुलेंसों में एडवांस कार्डियाक लाइफ सपोर्ट (एसीएलएस) के अलावा प्रशिक्षित पैरामेडिक्स और स्पेश्यलाइज़्ड इमरजेंसी केयर प्रोफेशनल्स भी तैनात हैं। यह सेवा 24×7 उपलब्ध रहेगी और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को ऑन-साइट स्थिरता प्रदान करने से लेकर अस्पताल में भर्ती होने तक तत्काल आवश्यक मेडिकल सहायता प्रदान करेगी। इस एंबुलेंस बेड़े में शामिल प्रत्येक वाहन को एडवांस मेडिकल डिवाइसों से सुसज्जित बनाया गया है ताकि कार्डियाक इमरजेंसी, ट्रॉमा मैनेजमेंट, स्ट्रोक केयर, और हाइ-रिस्क मरीजों को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाया जा सके। यह सेवा मरीज के अस्पताल पहुंचने से पहले ही उन्हें शीघ्र रिस्पॉन्स की सुविधा देने, सुगम तालमेल और विशेषज्ञों द्वारा स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए शुरू किया गया है।



# तन और मन दोनों का रखता है अर्धमत्स्येंद्रासन

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। अर्धमत्स्येंद्रासन योग का एक बेहद फायदेमंद और लोकप्रिय आसन माना जाता है, जिसे करने से तन और मन दोनों को लाभ मिलता है। जैसे-जैसे आज की जीवनशैली भागदौड़ और तनाव से भरी होती जा रही है, ऐसे में यह आसन शरीर की स्ट्रेचिंग, अंगों को सक्रिय करने और मन को शांत करने में बड़ी मदद करता है।

इसे करने का तरीका भी ज्यादा कठिन नहीं होता और नियमित अभ्यास करने पर इसके परिणाम साफ नजर आने लगते हैं। इस आसन में शरीर को आधा मोड़ते हैं, जिससे शरीर के कई हिस्सों में खून का संचार बेहतर हो जाता है और ऊर्जा का प्रवाह भी बढ़ता है। यही वजह है कि इसे सबसे बेहतरीन आसनों में से एक माना जाता है।

इस आसन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह गुर्दे, यकृत और प्लीहा के लिए काफी लाभकारी होता है। जब हम शरीर को मोड़ते हैं तो पेट के आंतरिक अंगों पर हल्का दबाव पड़ता है, जिससे ये अंग ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं और उनका कार्य बेहतर तरीके से होने लगता है। खासकर यकृत (लिवर) को इससे बहुत फायदा मिलता है।

इसके अलावा, यह आसन मधुमेह के मरीजों के लिए भी मददगार माना जाता है। पेट के हिस्से में खिंचाव होने से अग्न्याशय (पैंक्रियास) की कार्यक्षमता बेहतर होती है, जिससे इंसुलिन का स्राव संतुलित होता है। हालांकि, मधुमेह से जुड़े किसी भी अभ्यास को शुरू करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी होता है। अर्धमत्स्येंद्रासन गर्दन और कंधों के खिंचाव या जकड़न में भी राहत देता है। जो लोग लंबे समय तक कंप्यूटर पर काम करते हैं या एक ही पोजीशन में बैठे रहते हैं, उनके लिए यह आसन बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है। यह गर्दन की नसों को आराम देता है और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। साथ ही, यह कब्ज, गैस और अपच जैसी समस्याओं में भी राहत देता है, क्योंकि पेट के क्षेत्र में होने वाली गतिविधियां पाचन तंत्र को सक्रिय करती हैं। नियमित अभ्यास करने से भूख भी सही लगने लगती है और खाना अच्छे से पचने लगता है। आजकल बढ़ते मोटापे से हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। ऐसे में अर्धमत्स्येंद्रासन मोटापा कम करने में भी मदद करता है। यह पेट और कमर के आसपास की चर्बी को कम करने में सहायक होता है क्योंकि आसन करते समय इन हिस्सों पर खिंचाव पड़ता है। यह शरीर के मेटाबॉलिज्म को भी बढ़ाता है जिससे कैलोरी जल्दी बर्न होती हैं।



## शरीर के लिए आहार के साथ 'सूर्य स्नान' भी है जरूरी



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एक अच्छी जीवन शैली के लिए पौष्टिक भोजन को बहुत महत्व दिया जाता है, लेकिन पौष्टिक भोजन के साथ-साथ सूर्य की रोशनी की भी आवश्यकता होती है।

शीत ऋतु के मौसम में शरीर में विटामिन डी की कमी ज्यादा हो जाती है, जिससे थकान, हड्डियों में कमजोरी, मांसपेशियों का कमजोर होना और मन बेवजह उदास होने की समस्याएं महसूस होती हैं। ऐसे में डॉक्टर सप्लीमेंट का सहारा लेने की सलाह देते हैं, लेकिन सप्लीमेंट से ज्यादा प्राकृतिक रूप से शरीर को विटामिन डी देना ज्यादा लाभकारी होता है।

शरीर को सिर्फ आहार नहीं, बल्कि धूप भी चाहिए। आयुर्वेद में विटामिन डी की कमी को अग्नि और रस धातु की कमी से जोड़कर देखा गया है। आयुर्वेद कहता है कि सूर्य के बिना शरीर की अग्नि यानी पाचन शक्ति, ओज (शरीर की लड़ने की शक्ति और चमक), रक्तधारा (ब्लड सर्कुलेशन), और धातु-पोषण (शरीर में बनने वाले उत्तकों का पोषण) अधूरा है।

जब तक शरीर को धूप का स्पर्श नहीं मिलता, तब तक शरीर इन सभी फायदों से वंचित रह जाता है। शीत ऋतु में भी सूर्य की ऊर्जा से विटामिन डी की कमी को पूरा किया जा सकता है। सुबह के सूर्य उष्णता, प्रकाश और प्राण की शक्ति से युक्त होता है, जो शरीर को वो ताकत देता है जिसकी पूर्ति विटामिन डी के सप्लीमेंट भी नहीं कर पाते हैं।

इसके लिए सबसे पहले सुबह 7-8 बजे की धूप शरीर के लिए लाभकारी होती है। ऐसे में सूती कपड़े पहनकर धूप ग्रहण करें। आयुर्वेद में इसे सूर्य स्नान भी कहते हैं।

दूसरा, सूर्य की रोशनी में ही अभ्यंग विधि करें। अभ्यंग तेल मालिश की विधि है, जो शरीर में विटामिन डी के अवशोषण को बढ़ाती है। इसके लिए पैर, हाथ, और गर्दन पर तेल मालिश करें। शीत ऋतु में जैतून का तेल, बादाम का तेल, और तिल के तेल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

तीसरा स्टेप है पौष्टिक आहार लेना। पौष्टिक आहार लेकर भी शरीर में विटामिन डी का अवशोषण बढ़ता है। विटामिन डी का अवशोषण शरीर में वसा युक्त भोजन के साथ ज्यादा अच्छे तरीके से होता है। इसके लिए तिल, मूंगफली, अलसी, गाय का दूध, मक्खन, मशरूम, सोंठ, काली मिर्च और आंवले का सेवन लाभकारी होता है। ये तीनों स्टेज शरीर को पुनर्जीवित करने की ताकत रखते हैं। ऐसा करने से हड्डियों, मांसपेशियों और मन तीनों को ताकत मिलती है।

# श्री माल्यवंत रघुनाथ मंदिर : आज भी यहां भगवान राम व लक्ष्मण के प्रमाण

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भगवान राम और रामायण से जुड़े धार्मिक स्थल भारत के कई कोनों में मौजूद हैं। चित्रकूट में आज भी भगवान राम के पदचिन्हों हैं। वहीं, कर्नाटक में एक ऐसा मंदिर है, जो भगवान राम के जीवन प्रसंगों का प्रतीक है। कर्नाटक के हम्पी में बने श्री माल्यवंत रघुनाथ मंदिर में आज भी भगवान राम और लक्ष्मण के होने के प्रमाण मिलते हैं।

कर्नाटक के हम्पी के वेंकटपुरा के पास श्री माल्यवंत रघुनाथ मंदिर स्थापित है। यह मंदिर जमीन पर नहीं बल्कि पहाड़ी पर शिला को काटकर बनाया गया है। बड़ी सी शिला में कई तरह की दरारें आज भी मौजूद हैं। माना जाता है कि भगवान राम ने यहां अपना निवास स्थान बनाने के लिए पहले तीर चलाया। तीर चलाने की वजह से शिला में कई दरारें पड़ गईं, जो आज तक मौजूद हैं। मान्यता है कि मां सीता के अपहरण के बाद से श्री राम और लक्ष्मण बहुत व्याकुल थे। मानसून होने की वजह से वे अपनी सेना के लिए कोई स्थान नहीं ढूंढ पा रहे थे, लेकिन तभी भगवान राम ने एक विशाल चट्टान की ओर एक तीर चलाया और एक गुफा जैसी संरचना बन गई। इसी जगह पर वे अपनी सेना के साथ बारिश से बचने के लिए रुके थे।

इतना ही नहीं, इसी जगह पर भगवान हनुमान ने मां सीता के कुशल होने की जानकारी प्रभु श्रीराम को दी थी। इसी वजह से मंदिर को भगवान राम के सुख और दुख दोनों से जोड़कर देखा जाता है।

मूल मंदिर को बनाने के सही प्रमाण मौजूद नहीं हैं, लेकिन कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण 600 वर्ष पूर्व कृष्णदेवराय के शासनकाल में हुआ था। मंदिर की दीवारों पर भगवान शिव,



**विश्राम स्थल से भी अनूठा संबंध**

भगवान राम, मां सीता और हनुमान की प्रतिमाएं देखने को मिल जाती हैं। खास बात ये है कि मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की ऐसी मूर्ति मौजूद है, जो ध्यान की मुद्रा को दिखाती है। गर्भगृह में भगवान राम आसन पर बैठे हैं। उनके साथ कमल पर मां सीता और बगल में भगवान लक्ष्मण भी मौजूद हैं।

## पाटेश्वर महादेव मंदिर में भगवान के 1,000 शिवलिंग

**नई दिल्ली।** देश भर में भगवान शिव के अनगिनत मंदिर हैं, जहां अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। सतारा के जंगलों में भी भगवान शिव का चमत्कारी मंदिर है, जहां विराजमान शिवलिंग का आकार पिंडी जैसा है। इतना ही नहीं, वहां मौजूद हर शिवलिंग का अनोखा आकार है, जो उसे बाकी शिव मंदिरों से अलग बनाता है। भगवान शिव का यह खास मंदिर महाराष्ट्र के सतारा में बना है, जहां बहुत कम लोग ही दर्शन के लिए जाते हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले में जंगलों के बीच भगवान शिव पाटेश्वर महादेव के रूप में विराजमान हैं। मंदिर 5,000 साल पुराना बताया जाता है। यहां भगवान पिंडनुमा शिवलिंग के रूप में पूजे जाते हैं। पाटेश्वर मंदिर हजारों शिवलिंगों के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर अर्ध-घने जंगल से घिरी एक ऊंची पहाड़ी पर बना है। मंदिर के अलावा, इस पहाड़ी की गोद में दुर्लभ जड़ी-बूटियां भी मिल जाएंगी।

पाटेश्वर मंदिर की खास बात यह है कि यहां 8 गुफाएं हैं। माना जाता है कि इन गुफाओं का निर्माण भगवान शिव ने ध्यान लगाने के लिए किया था। गुफाओं पर भगवान शिव और अन्य हिंदू देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनी हैं, जो उन्हें बेहद सुंदर बनाती हैं।